@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

शनिवार, 25 जनवरी 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 76 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

### वक्फ बिल की जेपीसी बैठक में हंगामे के बाद 10 विपक्षी सांसद निलंबित


**नई दिल्ली ।** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के दौरान हंगामे के बाद शुक्रवार को 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक और इमरान मसूद शामिल हैं। आपको बता दें कि इन सांसदों को समिति से नहीं, केवल आज की बैठक से निलंबित किया गया है।विपक्ष का विरोध इस बात को लेकर है कि 27 जनवरी को क्लॉज बाई क्लॉज चर्चा करने का प्रस्ताव उनके अनुसार सही नहीं है। आपको बता दें कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर गठित संसदीय समिति 24 और 25 जनवरी को प्रस्तावित कानून पर क्लॉज बाई क्लॉज विचार करने वाली है। जेपीसी की बैठक में दोनों पक्षों के बीच हंगामा इस हद तक बढ़ गया कि मार्शल को बुलाने की नौबत आ गई। मिली जानकारी के मुताबिक जेपीसी की बैठक के दौरान टीएमसी के कल्याण बनर्जी और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद जेपीसी की बैठक 27 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा : उप राष्ट्रपति

**सिम्मी कौर बब्बर**

**नई दिल्ली ।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत रत्न डॉ. कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय का मसीहा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने कभी भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया।

श्री धनखड़ ने बिहार के समस्तीपुर में डॉ. कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित स्मृति कार्यक्रम में कहा कि डॉ. ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा थे और उन्होंने आरक्षण लागू कर एक बड़ी आबादी के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खोले। उन्होंने कहा, 'भारत के ये महान सपूत कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक न्याय के मसीहा हैं। संक्षिप्त काल में कर्पूरी ठाकुर जी ने सामाजिक और राजनीतिक कायाकल्प का नया इतिहास लिखा ...... सदियों की जड़ता को तोड़ दिया और बड़ी



आबादी के लिए संभावनाओं के अपार द्वार खोल दिये।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. ठाकुर ने समता युग की नई शुरुआत की। उनका त्याग, उनका समर्पण, परिवारवाद को उन्होंने कभी बढ़ावा नहीं दिया। वह एक ऐसे राष्ट्रीय नेता थे जिन्होंने जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर समानता को दृष्टिगत रखते हुए, विकास संपन्न करते थे।

श्री धनखड़ ने कहा कि डॉ. ठाकुर स्टेट्समैन थे। वर्तमान में काम करने के साथ-साथ भविष्य का भी चिंतन करते थे। उन्होंने आरक्षण लागू किया। किसी विरोध की परवाह नहीं की। ये एक नया अध्याय लिखा। उन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म किया। सरकारी दफ्तर में हिन्दी कामकाज को बढ़ावा दिया। उनका उपहास भी हुआ।इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा के उप सभापति डॉ. हरिवंश, कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री राज्यसभा रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, तथा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार बालिकाओं के साथ भेदभाव समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ : मोदी

**नरेश मल्होत्रा**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार बालिकाओं के साथ किसी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है और उनके सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम दिख रहा है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बालिकाओं के लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनके कारनामे हम सभी को प्रेरणा देते रहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल,



स्वास्थ्य देखभाल आदि क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्होंने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान दिया है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए समान रूप से दृढ़ हैं कि बालिकाओं के खिलाफ कोई भेदभाव न हो।

# दिल्ली की कानून-व्यवस्था ठीक करने के लिए शाह को समझायें योगी: केजरीवाल

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दिल्ली की खराब कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का मार्गशदर्शन करने की अपील की है।

श्री केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली आए। उन्होंने एक बहुत अच्छी बात कही, जिसका पूरी दिल्ली के लोग समर्थन करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने मुद्दा उठाया कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है। हम



लोग उनकी इस बात से 100 फीसदी सहमत हैं। दिल्ली के अंदर खुलेआम गैंगस्टर्स घूम रहे हैं। दिल्ली में 11 बड़े-बड़े गैंगस्टर्स के ग्रुप हैं, जिन्होंने पूरी दिल्ली को 11 हिस्सों में बांट लिया है और खुलेआम व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर गैंगवार हो रहे हैं। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। दिल्ली में रोजाना 17 बच्चों और 10 महिलाओं का अपहरण होता है। दिल्ली के अंदर खुलेआम चाकूबाजी हो रही है। लोगों की हत्याएं हो रही हैं। चैन स्नेचिंग, चोरियां और डकैतियां हो रही हैं। पूरी दिल्ली दहशत में है।आप नेता ने कहा, ÷ अगर योगी आदित्यनाथ सही कह रहे हैं तो मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि दिल्ली की कानून व्यवस्था सीधे गृह मंत्री अमित शाह के अंतर्गत आती है। दिल्ली की सुरक्षा और दिल्ली के लोगों को सुरक्षित जीवन देना अमित शाह की जिम्मेदारी है। अगर योगी आदित्यनाथ यह कह रहे हैं कि उन्होंने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक कर दी है तो मैं उनसे निवेदन करूंगा कि वह अमित शाह को बैठाकर समझाएं कि कैसे कानून व्यवस्था ठीक की जाती है। उन्हें समझाइए कि दिल्ली की कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए क्या और कैसे करने की जरूरत है।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर मुर्मू, मोदी,योगी ने दी बधाई

**लखनऊ।** जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के लोगों को शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

राष्ट्रपति ने अपने बधाई संदेश में लिखा ÷ यूपी के सभी निवासियों को मेरी शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश की देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। यह राज्य आध्यात्मिक विकास में भी अहम भूमिका निभा रहा है। यह प्रदेश समग्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा।'श्री मोदी ने एक्स पर लिखा ' उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के अपने सभी भाई-बहनों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति में




अनगिनत पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंडों की साक्षी रही यह पावन धरती पिछले आठ वर्षों से विकास के नित-नए अध्याय रचने में जुटी है। मुझे पूरा भरोसा है कि जनकल्याण के लिए समर्पित सरकार और यहां के लोगों की अद्भुत प्रतिभा एवं अथक परिश्रम से हमारा यह प्रिय प्रदेश विकसित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देगा।' मुख्यमंत्री योगी ने पोस्ट किया ' रघुकुलनंदन' प्रभु श्री राम एवं योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली, बाबा श्री विश्वनाथ के आशीर्वाद से अभिसिंचित, सृजन, संस्कृति, संस्कार व शौर्य की गौरवशाली धरा उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में नए भारत का 'ग्रोथ इंजन' नया उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन के नित नए मापदंड स्थापित कर रहा है। आइए, हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश को 'विकसित-आत्मनिर्भर प्रदेश' बनाने हेतु संकल्पित हों।'

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ के अवध शिल्पग्राम समेत विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किये गये हैं। अवध शिल्पग्राम में तीन दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ छह लोगों को गौरव सम्मान से विभूषित करेंगे। उन्हे 11-11 लाख रुपये और शील्ड देकर सम्मानित किया जायेगा।

# उत्तरकाशी में 30 मिनट में दो बार भूकंप के हल्के झटके महसूस

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शुक्रवार सुबह लगातार 30 मिनट के अंदर दो बार भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गए। फिलहाल, अभी तक भूकंप से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र प्रभारी डीएस पटवाल ने बताया कि आज सुबह करीब 07:41 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.7 मापी गयी। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र ज़मीन की सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में, बिंदु अक्षांश 30.73 उत्तरी, देशांतर 78.46 पूर्वी में था। श्री पटवाल ने बताया कि इसके बाद, सुबह करीब 08:18 बजे दोबारा भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 मापी गयी। भूकम्प का केंद्र बिंदु तहसील भटवाड़ी के दायरा बुग्याल के वन



क्षेत्र में जमीन की सतह से पांच किलो मीटर की गहराई में उत्तरी अक्षांश 30.85 और पूर्वी देशांतर 78.60 में था।जिले में मनेरी, तहसील भटवाड़ी, डुंडा कुछ क्षेत्र में भूकम्प के हल्के झटके महसूस किये गये। किसी प्रकार की क्षति की खबर नहीं है।

# भंडारा के आयुध कारखाने में विस्फोट होने से 8 की मौत

**मुंबई।** भंडारा जिले के जवाहर नगर इलाके में स्थित आयुध कारखाने में शुक्रवार को सुबह अचानक विस्फोट हो जाने से 8 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में करीब 10 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें भंडारा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य कर रही है।

पुलिस के अनुसार जवाहर नगर में स्थित आयुध कारखाने के आरके खंड में आज करीब बीस से अधिक लोग काम कर रहे थे। सुबह करीब 11 बजे इस खंड में जोरदार विस्फोट हुआ, जिसके बाद कारखाने छत ढह गई है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी के सहयोग से छत का मलबा हटाने का कार्य शुरू किया है। भंडारा जिला कलेक्टर संजय कोल्टे के अनुसार कुल बारह लोग घटनास्थल पर फंसे हुए थे, जिनमें से दो को अब तक बचा



लिया गया है। मौके पर बचाव कार्य जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध कारखाने में हुए विस्फोट के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर बचाव दल तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। भंडारा में आयुध फैक्ट्री में विस्फोट पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। उन्होंने भंडारा में आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट में जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, भंडारा जिले में आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 मजदूरों के फंसे होने की खबर है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर हैं और हर तरह की मदद की जा रही है। बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव कार्यों में शामिल है। चिकित्सा सहायता के लिए भी टीमों को तैयार रखा गया है।

# कर्तव्य पथ पर तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी में दिखेगा युद्ध क्षेत्र का परिदृश्य

**नई दिल्ली।** कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के दौरान पहली बार तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता और एकीकरण की भावना को प्रदर्शित करेगी। 'सशक्त और सुरक्षित भारत' थीम के साथ झांकी में स्वदेशी अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक, तेजस लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम और एक रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट के साथ युद्ध क्षेत्र का परिदृश्य दिखाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस बार गणतंत्र दिवस परेड के दौरान देशवासियों के समक्ष संयुक्तता और एकीकरण की भावना को प्रदर्शित करने के लिए तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी दिखाई जाएगी। यह झांकी 'सशक्त और सुरक्षित भारत' की विषय-वस्तु के साथ सशस्त्र बलों में संयुक्तता व एकीकरण के वैचारिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेगी। इस झांकी में तीनों सेनाओं के बीच नेटवर्किंग और संचार को सुविधाजनक बनाने वाले संयुक्त संचालन कक्ष को दर्शाया



जाएगा। इसमें युद्ध क्षेत्र के परिदृश्यों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें जमीन, पानी और हवा में समकालिक ऑपरेशन को दिखाया जाएगा। झांकी में स्वदेशी अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक, तेजस मार्क-2 लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम की झलक देखने को मिलेगी। यह झांकी मुख्य रूप से बहु-डोमेन परिचालनों में तीनों सेनाओं की तालमेल को प्रदर्शित करेगी।

# मोकामा गोलीकांड में बाहुबली अनंत सिंह ने किया सरेंडर,भेजे गये जेल

**सौरभ शर्मा**

**पटना।** पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह ने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अनंत सिंह आज दोपहर अपने एक समर्थक के साथ बाढ़ कोर्ट पहुंचे और सरेंडर कर दिया। उन्हें बेऊर जेल भेजा गया है।एसडीपीओ राकेश कुमार ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जा रही थी। इस घटना में रौशन और सोनू सिंह की गिरफ्तारी हुई है। इसके बाद अनंत सिंह ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। एसडीपीओ ने बताया कि अनंत सिंह फरार थे लेकिन पुलिस के दबाव के कारण उन्होंने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया।उन्होंने बताया कि इस घटना में चार मामले दर्ज हुए हैं। पहली एफआईआर मुंशी मुकेश सिंह ने सोनू-मोनू पर उनके घर में ताला लगाने जाने के आरोप में करायी है। दूसरी एफआईआर सोनू मोनू ने



उनके घर पर गोलीबारी कराने के मामले में पूर्व विधायक अनंत सिंह पर करायी है। तीसरी एफआईआर मुखिया उर्मिला देवी ने नौरंगा गांव में हुई गोलीबारी के मामले में करायी है और चौथी एफआईआर अनंत सिंह के घायल समर्थक ने सोनू-मोनू पर करायी है। मोकामा के नौरंगा गांव में बुधवार शाम गोलीबारी में लगभग 10 से 20 राउंड गोलियां चलीं थीं। बताया जा रहा है कि सोनू मोनू ने मुंशी मुकेश सिंह के घर पर ताला लगा दिया था, जिसके बाद मुंशी ने बाहुबली नेता और पूर्व विधायक अनंत सिंह से मदद मांगी थी।

# सेना की तीर... बनेगी 'संजय' युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली, राजनाथ ने दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली 'संजय' भारतीय सेना के लिए तीसरी आंख का काम करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को साउथ ब्लॉक से हरी झंडी दिखाई, जिससे इसके सेना में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस यह सिस्टम भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करके खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा। स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली 'संजय' को भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह स्वचालित प्रणाली सभी जमीनी और हवाई युद्ध क्षेत्र की जानकारी सेंसर से एकीकृत करती है। उनकी सत्यता की





पुष्टि कर दोहराव रोकने के साथ ही उन्हें सुरक्षित सेना डेटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार नेटवर्क पर युद्धक्षेत्र की निगरानी परिदृश्य बनाने के लिए संबद्ध करती है। इससे युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता बेगी और केंद्रीकृत वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के युद्धक्षेत्र में बदलाव होगा, जो कमांड, सेना मुख्यालय और भारतीय सेना को निर्णय लेने में मदद करेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह प्रणाली अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस है। यह सिस्टम भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करने के साथ ही खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा। यह सिस्टम कमांडरों को नेटवर्क केंद्रित वातावरण में पारंपरिक और उप-पारंपरिक दोनों तरह के ऑपरेशन में काम करने में सक्षम बनाएगा। इसका शामिल होना भारतीय सेना में डेटा और नेटवर्क केंद्रितता की दिशा में एक बड़ी छलांग होगी। मंत्रालय के अनुसार मार्च से अक्टूबर तक तीन चरणों में इन प्रणालियों को भारतीय सेना के सभी परिचालन ब्रिगेड, डिवीजनों और कोर में शामिल किया जाएगा, जिसे रक्षा मंत्रालय में सुधारों का वर्ष घोषित किया गया है। 2,402 करोड़ रुपये की लागत से इस प्रणाली को खरीदें (भारतीय) श्रेणी के तहत विकसित किया गया है।

### महाकुंभ के बारे में रोज दुष्प्रचार कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करते हैं सपा अध्यक्ष : योगी

**अयोध्या ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व अन्य महापुरुषों का विरोध करती है, लेकिन माफिया से प्यार करती है। यह लोग माफिया के मरने पर आंसू बहाते हैं और मर्शिया पढ़ने जाते हैं। उन्होंने कहा कि देख सपाई, बिटिया घबराई। दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करना ही सपा का वास्तविक चरित्र है। दुर्भाग्य से अयोध्या से बने सपा के सांसद मोईद खान को सिर पर लेकर ढोते हैं। उसकी पैरवी करते हैं, फोटो खिंचवाने में उन्हें गौरव होता है।

सीएम योगी ने अपील की कि मोईद खान के भक्तों को चुनाव नहीं जिताना है। इसे सिर आंखों पर बैठाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा में खतरा हैं। भदरसा का चेयरमैन दलितों की जमीन पर कब्जा करके बैठा था, लेकिन उसे बताया गया कि जबर्दस्ती यहां नहीं चलती है। यहां दलित-गरीब की सुनवाई होगी, माफिया-अपराधी की नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव में 9 में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है।

# मोदी सरकार में सबसे ज्यादा गिरे रुपए में सुधार के नहीं हो रहे प्रयासः कांग्रेस

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में जितने प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें श्री नरेन्द्र मोदी के शासन में रुपया सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन सरकार इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है जिससे विदेशी निवेशक भाग रहे हैं और देश की अर्थव्यवस्था गर्त में जा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले 87 रुपए पर पहुंच गया है और दक्षिण एशिया के देशों में भारतीय मुद्रा का सबसे खराब प्रदर्शन है। विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा है, निवेश घट रहा है, आयात बढ़ रहा है जिससे महंगाई आसमान छू रही है और देश की अर्थव्यवस्था इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में रुपए में गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं और अब तक जितने प्रधानमंत्री हुए हैं उनमें सबसे ज्यादा गिरावट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हुई है। उनका कहना था कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार जिस तरह से रुपए को नहीं संभाल पा रही है और हालात सुधारने के प्रयास भी नहीं हो रहे है, यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो रुपया जल्द ही गिरावट का शतक बनाएगा।उन्होंने कहा कि रुपए में गिरावट का मतलब है कि आयत बढ़ रहा है और देश में महंगाई उतनी ही तेजी से बढ़ेगी और आवश्यक वस्तुओं के दाम आम आदमी की पहुंच से और दूर हो जाएंगे। रिजर्व बैंक भी ब्याज दर बढ़ाएगा और इससे ईएमआई तथा अन्य स्तरों पर दबाव बढ़ेगा तथा आम आदमी के सामने बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि क्या उसने रुपए के गिरते स्तर को बचाने के लिए कोई रणनीति बनाई है।

## काठमांडू से ढाका जा रहे कोलकाता के मोहम्मद निजामुद्दीन दो एयरगन के साथ गिरफ्तार

**एजेंसी**

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से कोलकाता निवासी एक भारतीय नागरिक को दो एयरगन सहित गिरफ्तार किया है। हिमालय एयरलाइंस से काठमांडू से ढाका के तरफ जा रहे 43 वर्षीय मोहम्मद निजामुद्दीन को हिरासत में लिया गया है। उनके हैंडबैग से पुलिस ने दो एयरगन बरामद किया है। विमानस्थल के सुरक्षा प्रमुख एसएसपी सोमेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि काठमांडू से काठमांडू से ढाका के तरफ जा रहे विमान संख्या एच-9 678 के यात्री मोहम्मद निजामुद्दीन को हिरासत में रखा गया है। राठौड़ के मुताबिक निजामुद्दीन के हैंड बैग से दो एयरगन मिलने से कुछ समय के लिए विमानस्थल में सुरक्षा को लेकर हड़कंप मच गया था। पुलिस ने उस विमान से ढाका के तरफ जा रहे बाकी अन्य यात्रियों को फिर से तलाशी ली गई थी। पुलिस को कुछ देर तक विमान अपहरण करने की योजना होने की आशंका थी। विमानस्थल से हिरासत में लिए गए निजामुद्दीन को फिलहाल काठमांडू के क्राइम ब्रांच में रख कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक उसके नेपाल में रहे पहचान के लोगों के बारे में जानकारी इकठ्ठा की जा रही है।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून ने मार्शल लॉ की जिम्मेदारी ली

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून ने आज संवैधानिक न्यायालय में गवाही के दौरान मार्शल लॉ की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि वह तीन दिसंबर को राष्ट्रपति यून सुक येओल की मार्शल लॉ घोषणा की जिम्मेदारी लेते हैं। उन्होंने दावा किया, मैंने आपातकालीन सैन्य शासन की सिफारिश की और इसके कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, ह्यून ने यह भी दावा किया कि येओल की मार्शल लॉ घोषणा से ठीक पहले हुई बैठक में कम से कम एक कैबिनेट सदस्य ने मार्शल लॉ की योजना के लिए समर्थन व्यक्त किया था। संवैधानिक न्यायालय में येओल के खिलाफ महाभियोग की सुनवाई में गवाह के रूप में उपस्थित होने वाले किम ने कहा, 'मैंने कथित तौर पर मार्शल लॉ के तहत एक आपातकालीन विधायी निकाय की स्थापना के लिए एक विवादास्पद नोट लिखा था।' उन्होंने कहा कि यह नोट कैबिनेट बैठक में तत्कालीन वित्तमंत्री चोई संग-मोक को दिया गया था।

## संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन सीरिया पहुंचे, कहा- संकल्प '2254' का अब कोई मतलब नहीं

**दमिश्क।** सीरिया की यात्रा पर पहुंचे संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने संकेत दिए हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र संकल्प '2254' के विकल्प के रूप में एक नया प्रस्ताव जारी कर सकती है। उन्होंने कहा कि सीरिया के मौजूदा हालात में इस संकल्प का कोई मतलब नहीं रह गया है। सीरिया में संयुक्त राष्ट्र के दूत गीर पेडरसन ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित किया। इस दौरान भी उन्होंने यही बात कही। अरबी न्यूज वेबसाइट 963+ के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के नया प्रस्ताव जारी करने में कुछ समय लग सकता है। इसमें कितना समय लगेगा, यह पूरी तरह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर निर्भर है। सीरिया की यात्रा के दौरान पेडरसन ने नए सीरियाई प्रशासन के प्रमुख अहमद अल-शरा और विदेश मामलों के मंत्री असद अल-शैबानी से मुलाकात की है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 2015 में संकल्प '2254' जारी किया था। उन्होंने कहा कि तब सीरिया में हालात बहुत अलग थे। अब परिस्थियां बदल चुकी हैं। लगभग डेढ़ महीने पहले गीर पेडरसन ने माना था कि संकल्प में निर्दिष्ट पार्टियों में से एक को उखाड़ फेंकने के बाद सीरिया के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संकल्प '2254' को लागू करना अब तकनीकी रूप से संभव नहीं है। पूर्व सीरियाई शासन के पतन के बाद गीर पेडरसन पहली बार दमिश्क पहुंचे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने उन्हें 2018 में सीरिया के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था। उन्होंने स्टाफन डी मिस्तुरा की जगह ली थी।

## पाकिस्तान की संघीय सरकार पर छह अरब के वाहन खरीद सौदे पर सवाल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय सरकार पर छह अरब रुपये के वाहन खरीद सौदे पर 'बड़ा' सवाल उठा है। इस सौदे के तहत 1,010 वाहनों की खरीद संघीय राजस्व बोर्ड (एफबीआर) के लिए की जानी है। इस संबंध में तीन अरब रुपये का अग्रिम भुगतान किया जा चुका है। वित्त और राजस्व पर सीनेट की स्थायी समिति के अध्यक्ष सीनेटर सलीम मांडवीवाला ने वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब से इस खरीद को तत्काल निलंबित करने का आग्रह किया है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, सीनेटर सलीम मांडवीवाला ने 22 जनवरी को मोहम्मद औरंगजेब को लिखे पत्र की प्रति प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और एफबीआर के अध्यक्ष राशिद महमूद लांगरियाल को भी भेजी हैं। सीनेटर मांडवीवाला ने खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इस बात पर जोर दिया कि खरीद प्रक्रिया पर संदेह की उंगली उठी है। इसलिए इसकी समीक्षा की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि इस सौदे के लिए सीनेट निकाय एफबीआर के कदम की आलोचना कर चुका है।

# पाकिस्तान में स्वतंत्र पत्रकारिता करना मुश्किल, मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट में दावा

**एजेंसी**

**लाहौर।** पाकिस्तान में स्वतंत्र पत्रकारिता की राह और मुश्किल हो गई है। स्वतंत्र पत्रकारिता के पक्षधर मीडिया आउटलेट्स को कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात बेमानी हो जाती है। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) की ताजा रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने पिछले दो वर्षों के दौरान देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट पत्रकार माहिम माहेर के शोध पर आधारित है। इसमें मीडिया के सामने मुश्किलें खड़ी कर रहे अपवित्र गठबंधनों की भी चर्चा की गई है। इस रिपोर्ट में अप्रैल 2022 में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पारित अविश्वास प्रस्ताव के बाद से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बिगड़ती स्थिति का विस्तृत विवरण है। रिपोर्ट में मीडिया के कुछ वर्गों पर कड़े प्रतिबंध और



दूसरों के लिए उदारता पर चिंता व्यक्त की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फंदा निस्संदेह कड़ा हो गया है। एक पत्रकार की हत्या और अन्य को जबरन गायब कर भय पैदा किया गया। सोची-समझी प्रेस सलाह और डिजिटल स्वतंत्रता को नियंत्रित करने के कानूनी बदलाव मुल्क में स्वतंत्र पत्रकारिता की राह में रोड़ा खड़ कर रहे हैं।एचआरसीपी की रिपोर्ट में कहा गया है कि मुल्क में सेंसरशिप के बढ़ते खतरे के बीच डिजिटल मीडिया फिलहाल खुलकर लिख रहा है। इस बीच बड़े मीडिया घरानों में भरोसे की कमी का फायदा सत्ता प्रतिष्ठान ने जमकर उठाया है। यह रिपोर्ट एक ऐसे राष्ट्र की गंभीर तस्वीर पेश करती है जहां कानूनी, संस्थागत और गुप्त दबावों के संयोजन से बोलने की आजादी को खत्म कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे चिंताजनक निष्कर्षों में से एक सॉफ्टवेयर अपडेट का बढ़ना है।यह शब्द पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अपहरण, पूछताछ और जबरदस्ती अनुपालन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। सॉफ्टवेयर अपडेट के परिणामस्वरूप अकसर जबरन स्वीकारोक्ति कराई जाती है। इसका मकसद ईमानदार पत्रकारों को उनकी भूमिकाओं से अलग करना होता है। जोर-जुल्म की वजह से वह अपना काम स्वतंत्र रूप से जारी रखने में असमर्थ हो जाते हैं। 2024 के आम चुनाव सही रिपोर्टिंग मीडिया कवरेज पर अभूतपूर्व प्रतिबंधों के कारण बाधित हुई। एचआरसीपी के अनुसार, पत्रकारों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि वह इमरान खान या उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का नाम लेने से बचें। न्यूज रूम के एक कर्मचारी ने तीन मिनट की एक संक्षिप्त बैठक के बारे में बताया कि संघीय सरकार के प्रतिनिधियों ने आदेश दिया था कि इमरान खान का नाम ऑन एयर नहीं लिया जाएगा। इस रिपोर्ट में 2022 में केन्या में एआरवाई के पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या पर चिंता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि इससे समाचार कक्षों में डर व्याप्त हो गया।पत्रकारों ने बचने के लिए बीच का रास्ता अपना लिया।

## नेपाल-भारत परियोजना समीक्षा बैठक के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों का नेपाल दौरा



**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल भारत के बीच चल रहे विभिन्न परियोजना की समीक्षा के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय का एक प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंचने वाला है। भारतीय विदेश मंत्रालय में नेपाल डेस्क के प्रभारी अतिरिक्त सचिव मनु महवार 26 जनवरी से तीन दिनों के नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंचने वाले हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक महवार के नेतृत्व में आ रहे प्रतिनिधिमंडल में ऊर्जा मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, सड़क परिवहन मंत्रालय, पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारी मौजूद रहने वाले हैं। अतिरिक्त सचिव मनु महवार की नेपाल डेस्क इंचार्ज बनने के बाद यह पहला नेपाल दौरा है। नवंबर के मॉरीशस के राजदूत का तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा करने के बाद महवार इस समय नेपाल भूटान के उत्तरी डेस्क के प्रभारी बने हैं। नेपाल में भारत के आर्थिक सहयोग से चलने वाले कई परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। नेपाल भ्रमण के दौरान हाइड्रो पावर परियोजना, अंतर्देशीय पेट्रोलियम पाइपलाइन परियोजना, इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट, ड्राईपोर्ट, रेलवे, दोनों देशों को जोड़ने वाली मोटरेबल पुल निर्माण कार्यों की समीक्षा किए जाने की जानकारी दी गई है।

## काठमांडू के मेयर ने ठमेल में चाइनीज नए साल का जश्न मनाने के लिए नहीं दी इजाजत

**एजेंसी**

**काठमांडू।** चार दशकों से भी अधिक समय से काठमांडू में पर्यटन उद्योग का केंद्र रहे राजधानी के वाणिज्यिक उपक्षेत्र ठमेल में चीनी नए वर्ष का जश्न मनाने की इजाजत नहीं दी गई है। इसके अलावा काठमांडू के मेयर ने पूरे ठमेल क्षेत्र को चाइनीज लालटेन से सजाने की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया है। चीनी दूतावास की तरफ से चाइनीज नए साल का जश्न मनाने के लिए काठमांडू के सबसे बड़े पर्यटकीय क्षेत्र ठमेल में कार्यक्रम आयोजन करने की अनुमति मांगी थी, जिसकी अनुमति देने से काठमांडू के मेयर ने इंकार कर दिया है। चीनी दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन की तरफ से काठमांडू महानगरपालिका को पत्र लिखकर ठमेल में 26 जनवरी से 25 फरवरी तक स्प्रिंग



फेस्टिवल 2025 के आयोजन लिए स्थान उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। चाइनीज दूतावास ने अपने पत्र में कार्यक्रम के लिए स्थान के अलावा सुरक्षा, पार्किंग, बिजली, यातायात की व्यवस्था करने की बात उल्लेख की थी। इसके जवाब में काठमांडू के मेयर ने कहा कि ठमेल में कार्यक्रम करने के बजाए चाइनीज दूतावास को काठमांडू के रिंगरोड के उस हिस्से में करना चाहिए, जिसकी जिम्मेदारी 10 वर्षों से चीन के पास ही है। मेयर बालेन शाह ने यह भी लिखा है कि 10 वर्षों से उस सड़क पर काठमांडू के लोग दिक्कत का सामना कर रहे हैं, इसका आभास करने के लिए भी चाइनीज दूतावास को उसी सड़क पर कार्यक्रम करना चाहिए। मेयर बालेन शाह ने कहा कि ठमेल में स्वच्छता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इसके अलावा काठमांडू के मेयर ने चाइनीज दूतावास की तरफ से प्रस्तावित लाइट अप कार्यक्रम की भी अनुमति नहीं दी।

## बांग्लादेश के पिलखाना नरसंहार में शामिल अर्ध सैन्य बल के 300 सदस्यों की रिहाई शुरू

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश के बहुचर्चित पिलखाना नरसंहार में 16 साल तक जेल में रहने वाले अर्ध सैन्य बल बांग्लादेश राइफल्स (बीडीआर) के 300 से अधिक सदस्यों (कैदियों) की जमानत पर रिहाई शुरू हो गई। इनको रिहा करने की प्रक्रिया आज सुबह केरानीगंज के ढाका सेंट्रल जेल और गाजीपुर के काशिमपुर सेंट्रल जेल से शुरू हुई। 25 और 26 फरवरी 2009 को ढाका में बांग्लादेश राइफल्स की एक इकाई ने विद्रोह किया था। बांग्लादेश के सैन्य विद्रोह के इतिहास में यह घटना पिलखाना त्रासदी और पिलखाना नरसंहार के रूप में दर्ज है है।

ढाका ट्रिब्यून की खबर में यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश (यूएनबी) के हवाले से कहा गया है कि 178 बीडीआर सदस्यों को ढाका सेंट्रल जेल और 126 को काशिमपुर सेंट्रल जेल से रिहा किया जाना तय है। इनको रविवार को ढाका स्पेशल ट्रिब्यूनल-1 के न्यायाधीश एमडी



इब्राहिम मिया ने जमानत प्रदान की थी।ढाका सेंट्रल जेल प्राधिकरण ने कहा कि जमानत के लिए जरूरी कागजात बुधवार को दोनों जेलों में भेज दिए गए थे। आज ढाका सेंट्रल जेल से 178 कैदियों को रिहा किया जा रहा है। काशिमपुर सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने कहा कि बुधवार/गुरुवार की दरमियानी रात एक बजे तक 38 कैदियों को रिहा कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि पिलखाना नरसंहार में 57 सैन्य अधिकारियों सहित 74 लोगों की मौत हो गई थी।

## युवाओं को आकर्षित करने के लिए सेना भर्ती सुधारों का मसौदा तैयार कर रहा यूक्रेन

**एजेंसी**

**कीव।** यूक्रेन 18 से 25 वर्ष के युवाओं को आकर्षित करने के लिए भर्ती सुधारों का मसौदा तैयार करने के अंतिम चरण में है। यह पूरी कोशिश अपने लड़ाकू बल को मजबूत करने के तरीकों की तलाश कर रहा है। यह बात राष्ट्रपति कार्यालय में नियुक्त युद्धक्षेत्र कमांडर कर्नल पावलो पालिसा ने बताई। राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कर्नल पावलो पालिसा ने कहा कि यूक्रेन नई भर्ती के विकल्प तलाश रहा है क्योंकि सोवियत काल से विरासत में मिली मौजूदा मसौदा प्रणाली प्रगति में बाधा बन रही है। जबकि यूक्रेन ने पिछले वसंत में एक लामबंदी कानून पारित किया और भर्ती की उम्र 27 से घटाकर 25 वर्ष कर दी। इन उपायों का उसके रैंकों को फिर से भरने या रूस के साथ युद्ध में युद्ध के मैदान के नुकसान की भरपाई करने के लिए आवश्यक प्रभाव नहीं पड़ा है। बतादें कि ईमानदार अनुबंध के रूप में वर्णित इस योजना में वित्तीय प्रोत्साहन, प्रशिक्षण के लिए स्पष्ट गारंटी और सैनिकों और उनके कमांडरों के बीच बातचीत सुनिश्चित



करने के उपाय शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य मुख्य रूप से 18 से 25 वर्ष के बच्चों को आकर्षित करना है, जिन्हें वर्तमान में लामबंदी से छूट प्राप्त है। इसके जरिए उन यूक्रेनियनों को भी लक्षित किया जाएगा, जिनके पास लामबंदी कानून पारित होने के बाद स्थगन का अधिकार है या उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

## नेपाल के महाभारत पर्वतमाला के जंगल में भीषण आग लगी, तीन दिनों में भी नियंत्रण से बाहर

**एजेंसी**

**काठमांडू।** काठमाडौं के पड़ोसी जिले काभ्रेपलाञ्चोक में रहे महाभारत पर्वतमाला के जंगल में लगी आग तीन दिनों बाद भी नियंत्रण में नहीं आ पाई है। इस घटना के बारे में एक दिन बाद ही सरकार को मालूम चल पाया, जब लगातार धुएं निकलता देख लोगों ने स्थानीय प्रशासन को खबर किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आग नियंत्रण से बाहर है। काभ्रे जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब दो बजे शुरू हुई आग पर बृहस्पतिवार शाम तक नियंत्रण नहीं किया जा सका है। जिले के प्रमुख जिलाअधिकारी उमेश कुमार ढकाल ने कहा कि जंगल के पहाड़ की चोटी पर होने के कारण आग बुझाना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि नेपाल सेना और नेपाल पुलिस की टीमों की तैनाती के बावजूद आग पर तत्काल नियंत्रण संभव नहीं हो पाया है। सुरक्षाकर्मी आग को पास की



मानव बस्तियों में फैलने से रोकने के लिए स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। प्रमुख जिलाधिकारी ढकाल ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो स्थानीय लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में निकालने की तैयारी की जा रही है। जंगल की आग को नियंत्रित करने की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए काभ्रे जिला वन कार्यालय में सुरक्षा प्रमुखों की एक बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक के दौरान आग पर काबू पाने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि यदि आग को नियंत्रित करने में जमीनी प्रयास विफल रहते हैं, तो हेलीकॉप्टरों के उपयोग के लिए गृह मंत्रालय से अनुरोध किया जाएगा। काभ्रे जिल्ला पुलिस प्रमुख बसुंधरा खडका के अनुसार, स्थानीय लोगों की मदद से आग को बस्तियों तक पहुंचने से रोकने के लिए फायर लाइन बनाने के प्रयास चल रहे हैं। जंगल की आग वर्तमान में आवासीय क्षेत्रों से 3-4 किलोमीटर दूर है। खडका ने कहा कि बुधवार रात स्थिति अधिक खतरनाक दिखाई दी, लेकिन गुरुवार दोपहर तक आग की तीव्रता कुछ कम हो गई है।

## स्पेन में मध्य प्रदेश पवेलियन का शुभारंभ, राज्य मंत्री लोधी ने 'फितूर' पर्यटन मार्ट मैड्रिड में प्रदेश के पर्यटन को किया प्रमोट

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) ने स्पेन में प्रमुख ट्रैवल और टूरिज्म इवेंट्स 'फितूर' पर्यटन मार्ट मैड्रिड 2025 में भागीदारी की। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने भारत के स्पेन में राजदूत दिनेश के. पटनायक के साथ मध्य प्रदेश पवेलियन का शुभारंभ किया। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि मध्य प्रदेश के पर्यटन को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने के लिए 'फितूर' में पार्टिसिपेट किया गया है। मध्य प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और सभी पर्यटकों को जीवन में कम से कम एक बार मध्यप्रदेश आने के लिए आमंत्रित करने आए हैं।

लोधी ने बताया कि 'फितूर' आयोजन में विश्व के लगभग 108 देशों ने सहभागिता की। यहां आए टूर और ट्रैवल एजेंट, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के प्रतिनिधियों के माध्यम से



पर्यटकों को विभिन्न देशों के पर्यटन संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त हो सकेगी। एफआईटीयूआर 2025 के माध्यम से मध्य प्रदेश, अंतरराष्ट्रीय टूरिज्म विशेषज्ञों से संवाद करने और Heart of Incredible India के रूप में अपनी पहचान को स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. इलैयाराजा टी, उप संचालक टूरिज्म बोर्ड टूरिज्म बोर्ड विवेक जूड सहित कई अन्य प्रमुख हितधारक उपस्थित थे। स्पेन भारत के टूरिज्म के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है। वर्ष 2022 में 39,658 स्पेनिश पर्यटक भारत आए। मध्य प्रदेश में प्राचीन वास्तुकला के चमत्कार जैसे खजुराहो और साँची स्तूप एवं प्राकृतिक सुंदरता के घर जैसे बांधवगढ़, कान्हा और सतपुड़ा नेशनल पार्क स्पेन के पर्यटकों के लिए एक आदर्श स्थान है। एफआईटीयूआर 2025 में भागीदारी के माध्यम से, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ संबंध मजबूत करना, अपनी विविध विशेषताओं को प्रदर्शित करना और वैश्विक यात्रा पेशेवरों के साथ सहयोग को बढ़ावा देना है।

## इमरान खान की पार्टी ने सरकार के साथ बातचीत रोकी

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जेल की सलाखों के पीछे सालभर से ज्यादा समय से कैद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने संघीय सरकार के साथ जारी बातचीत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की घोषणा की। पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने आज रावलपिंडी में पार्टी संस्थापक के फैसले की जानकारी पत्रकारों को दी।

जियो न्यूज की खबर में पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान के हवाले से कहा गया कि इमरान खान ने सात दिन में न्यायिक आयोग स्थापित करने में सरकार की विफलता के कारण बातचीत रद्द कर दी है। पीटीआई की कानूनी टीम के वरिष्ठ सदस्य बैरिस्टर गोहर अली खान ने इमरान खान से मुलाकात के बाद रावलपिंडी में अदियाला जेल (रावलपिंडी सेंट्रल जेल) के बाहर मीडिया से कहा कि



खान ने न्यायिक आयोग की स्थापना में देरी पर निराशा व्यक्त की। इमरान खान ने कहा कि अब सरकार के साथ बातचीत जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है। अब बातचीत का कोई नया दौर नहीं होगा। सरकार ने घोषणाएं कीं लेकिन अभी तक उनका पालन नहीं किया गया है, इस वजह से बातचीत को यहीं रोका जा रहा है। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब राजनीतिक तनाव कम करने के प्रयास में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली सरकार और पीटीआई के बीच दिसंबर के अंत में बातचीत शुरू हुई। अब तक तीन बार बातचीत हो चुकी है। पीटीआई ने 16 जनवरी को दो न्यायिक आयोगों के गठन की मांग की थी।

## चीन ने ट्रंप की 100 फीसदी टैरिफ वाली बात को खारिज किया

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 100 फीसदी टैरिफ वाली बात को खारिज किया है। चीन ने कहा कि ब्रिक्स गुट टकराव की वकालत नहीं करता है और किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाता है। चीनी विदेश मंत्रालय (एमओएफए) के प्रवक्ता ने कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में ब्रिक्स खुलेपन, समावेशिता और सर्वजीत के सहयोग की वकालत करता है। इसका उद्देश्य सामान विकास और समृद्धि को साकार करना है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि चीन विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को गहरा करने और विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिर वृद्धि में अधिक योगदान देने के लिए ब्रिक्स भागीदारों के साथ काम करना जारी रखने के लिए तैयार है।

# अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर बड़ी चोट, संसद ने लैकेन रिले विधेयक को मंजूरी दी

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संसद (कांग्रेस) ने लैकेन रिले विधेयक को अंतिम मंजूरी प्रदान कर दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर के बाद यह कानून का रूप लेगा। इस कानून का एकमात्र मकसद अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाना है। इससे भारत समेत कई देशों के प्रवासी प्रभावित होंगे। माना जाता है कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों में लगभग 75,000 भारतीय हैं। ओरेगन कैपिटल क्रॉनिकल समाचार पत्र की खबर के अनुसार, डेमोक्रेट्स के बड़े गुट ने रिपब्लिकन के सहयोग से इसे 263-156 मतों से पारित किया। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव अभियान के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले संबोधन में कहा था कि अवैध रूप से आए लोगों को जो जहां से आया है, वहीं वापस भेज दिया जाएगा। इस विधेयक का नाम 22 वर्षीय जॉर्जिया नर्सिंग छात्र लैकेन रिले के नाम पर रखा गया है। लैकेन की पिछले साल वेनेजुएला में हत्या कर दी गई थी। आव्रजन अधिकारियों ने लैकेन की हत्या में दोषी ठहराए गए व्यक्ति के बारे में कहा था कि उसने उचित अनुमति के बिना प्रवेश किया था। उस पर संयुक्त राज्य अमेरिका में दुकानों में चोरी का आरोप भी लगा था। अलबामा से सीनेटर केटी ब्रिट ने कहा है, मुझे गर्व है कि लैकेन रिले अधिनियम पहला ऐतिहासिक विधेयक होगा जिस पर राष्ट्रपति ट्रंप हस्ताक्षर करके कानून बनाएंगे। यह इस बात का भी सबूत है कि राष्ट्रपति ट्रंप और रिपब्लिकन वादों को पूरा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में तीन दशक की राजनीति में इसे सबसे महत्वपूर्ण विधेयक माना जा रहा है। इसमें आव्रजन न्यायाधीश को बॉन्ड देने की क्षमता के बिना अप्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है। इसमें आप्रवासी बच्चों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। यह विधेयक राज्य के अटॉर्नी जनरल को संघीय आव्रजन नीति और आव्रजन न्यायाधीशों के बॉन्ड निर्णयों को चुनौती देने के लिए व्यापक कानूनी अधिकार प्रदान करता है। साथ ही प्राधिकारी राज्य सचिव को अंतरराष्ट्रीय मंच पर वीजा जारी करने से रोकने के लिए भी मजबूर कर सकता है।अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले तीन साल में विधेयक के अमल पर 83 बिलियन अमेरिकी डॉलर का खर्च आएगा। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन का अनुमान है कि बिल के लागू होने से अप्रवासियों को हिरासत में लेने वालों की संख्या बढ़ जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में भारतीयों की संख्या 50 लाख से अधिक है। इनमें से लगभग 75,000 अवैध रूप से रह रहे हैं। अमेरिका में जारी होने वाले 3,86,000 एच1बी वीजा में से लगभग तीन-चौथाई भारतीयों को मिलते हैं। दूसरी ओर अमेरिकी संविधान में 155 साल पहले हुआ 14वां संशोधन अमेरिका में जन्म लेने वाले हर बच्चे को नागरिकता का जन्मसिद्ध अधिकार देता है। कहा जाता है कि इसे भुनाने के लिए कुछ लोग केवल बच्चे पैदा करने के लिए अमेरिका जाते हैं। इसे नागरिकता पर्यटन भी कहा जाता है। ट्रंप ने दूसरा कार्यकाल शुरू करने पर आदेश जारी कर इसकी परिभाषा ही बदल दी है। यह आदेश कहता है ।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री बैठक में हिस्सा लेने के लिए जाएंगे चीन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री दो दिवसीय दौरे पर 26-27 जनवरी को चीन जायेंगे और बीजिंग में दोनों देशों के बीच विदेश सचिव-उप मंत्री तंत्र की बैठक में भाग लेंगे।विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार इस द्विपक्षीय तंत्र की बहाली नेतृत्व स्तर पर हुए समझौते से प्रेरित है। इसमें राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा की जाएगी। जानकारी के अनुसार बैठक के एजेंडे में कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा मार्ग को पुनः खोलना और दोनों देशों के बीच उड़ानें पुनः शुरू करने जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं।

## रेलवे ने नई दिल्ली में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 104 कर्मचारियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने अपना 69वां रेल सप्ताह राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में एक भव्य पुरस्कार समारोह के आयोजन के साथ मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर उत्तर रेलवे अपर महाप्रबंधक मोहित चंद्रा, विभिन्न विभागों के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ रेल अधिकारी और कर्मचारी, तथा यूनियनों, एसोसिएशन और फेडरेशन के सदस्य भी उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक वर्मा द्वारा 104 रेलवे कर्मचारियों (अधिकारियों और कर्मचारियों) को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित करने के साथ हुई। उन्होंने कार्य- निष्पादन आधारित मापदंडों के आधार पर 54 रनिंग शील्डें भी प्रदान कीं। दिल्ली मण्डल को सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शील्ड से सम्मानित किया गया। लखनऊ मण्डल को अपने सबसे किफायती कामकाज के लिए सम्मानित किया गया है। बेस्ट इम्प्रूव्ड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मण्डल को प्रदान की गई है। इस अवसर पर अशोक कुमार वर्मा ने प्रमुख कार्यात्मक क्षेत्रों में जोन की विभिन्न उपलब्धियों के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की ।

## केंद्र ने पीएम विश्वकर्मा के सौ लाभार्थियों को गणतंत्र दिवस परेड में 'विशेष अतिथि' के रूप में किया आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को विशेष सम्मान दिया है। सरकार ने 100 लाभार्थियों को राजधानी नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय नेजारी बयान में बताया कि पीएम विश्वकर्मा के 100 लाभार्थियों को नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड-2025 देखने के लिए 'विशेष अतिथि' के रूप में आमंत्रण किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को सशक्त और प्रोत्साहित करने के लिए 'विशेष अतिथि' के रूप में आमंत्रित किया है।

मंत्रालय के मुताबिक गणतंत्र दिवस समारोह में पीएम विश्वकर्मा के 100 लाभार्थी अपने जीवनसाथी के साथ शामिल हो रहे हैं। इन लाभार्थी में से 37 लाभार्थी महिलाएं हैं। ये लाभार्थी पूर्वोत्तर राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों सहित विभिन्न राज्यों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से हैं। इनमें से कुछ आकांक्षी जिलों से संबंधित भी हैं।

## कांग्रेस का पूर्वांचल वोटरों को लुभाने के लिए नया दांव, अलग मंत्रालय बनाने की घोषणा की

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने पूर्वांचल के मतदाताओं को लुभाने के लिए नया दांव खेला है। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि यदि पार्टी दिल्ली में सत्ता में आई तो पूर्वांचल के लोगों के लिए अलग मंत्रालय बनाया जाएगा। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर बिहार के कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने ये जानकारी दी। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधा। अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि चुनाव के समय आप-भाजपा वादा करती है कि सभी अनियमित कॉलोनियों को नियमित कर दिया जाएगा, लेकिन चुनाव खत्म होते ही सारे वादे भूल जाते हैं। एक तरफ केजरीवाल जी पूर्वांचल के लोगों को ये कहकर अपमानित करते हैं के वे 500 रुपये का टिकट कटाकर आते हैं और 5 लाख का इलाज करा के चले जाते हैं।

# नेता प्रतिपक्ष ने रोहिणी के सेक्टर-18 में सूरज पार्क जेजे कॉलोनी में झुग्गीवासियों के साथ किया सीधा संवाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और रोहिणी विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी के सेक्टर-18 में भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ पदयात्रा की। पदयात्रा के दौरान विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी के सेक्टर-18 स्थित सूरज पार्क के झुग्गी-झोपड़ी कैंप का भी दौरा कर झुग्गीवासियों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने हर झुग्गीवासी को झुग्गी के बदले पक्का मकान, राशन कार्ड और हर घर में पानी का नल देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीबों और पिछड़े लोगों के साथ पूरी सहानुभूति रखती है और उनके विकास और उत्थान के लिये पूरी तरह से समर्पित है। भाजपा प्रत्याशी की पदयात्रा रोहिणी सेक्टर 18 के प्लेटिनम अपार्टमेंट से शुरू होकर एच-ब्लॉक, सूरज पार्क कॉलोनी होते हुए सूरज पार्क के झुग्गी-झोपड़ी कैंप पर संपन्न हुई।



पदयात्रा के दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की विफलताओं की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली के मौजूदा हालात के लिए ज़िम्मेदार है। दिल्ली के तीन प्रमुख लैंडफिल साइट गाजीपुर, भलस्वा और ओखला कचरे के पहाड़ में बदल गए हैं। टूटी हुई सड़कें और जर्जर परिवहन प्रणाली के कारण दिल्लीवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकार ने राजधानी में बसों की संख्या घटा दी है, जिससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। गुप्ता ने दिल्ली सरकार की जल संकट पर भी तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं है। दिल्ली में पानी की आपूर्ति 10 साल पहले भी 950 एमजीडी थी और आज भी इतनी ही है। भ्रष्टाचार के चलते दिल्ली में साफ-सफाई से लेकर पानी और सड़क तक की मूलभूत सुविधाएं भी नागरिकों को उपलब्ध नहीं हो रही हैं। पदयात्रा के दौरान विजेंद्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आयुष्मान भारत, मुद्रा योजना, स्ट्रीट वेंडर्स के लिए स्वनिधि योजना, महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने करोड़ों भारतीयों को लाभ पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने देश के कमजोर और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने का काम किया है। भाजपा द्वारा अपने संकल्प पत्र में घोषित 'डॉ. बी. आर. अंबेडकर स्टाइपेंड योजना' से अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में मिलने वाली एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता से छात्रों के भविष्य को एक नया आयाम मिलेगा।

## केजरीवाल की सभा में दिखाए काले झंडे, आआपा संयोजक बोले- मुझ पर हमला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने उन पर हमला करवाया है। हरी नगर में एक सभा के दौरान कुछ लोगों ने उन्हें काले झंडे दिखाए थे।

अरविंद केजरीवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि आज हरी नगर में विपक्षी उम्मीदवार के लोगों को पुलिस ने मेरी जनसभा में घुसने दिया और मेरी गाड़ी पर हमला करवाया। यह सब अमित शाह के आदेश पर हो रहा है। अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को भाजपा की निजी आर्मी बना दिया है। उन्होंने आगे कहा, चुनाव आयोग को लेकर बड़े सवाल उठ रहे हैं। एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उसके नेताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। चुनाव आयोग कुछ भी प्रभावी कदम उठाने में असमर्थ है। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी के नेता आज हरी नगर विधानसभा सीट से अपनी पार्टी के उम्मीदवार सुरेन्द्र सेतिया के लिए चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। सेतिया को टिकट मौजूदा विधायक राजकुमारी ढिल्लों का

**यह सब अमित शाह के आदेश पर हो रहा है। अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को भाजपा की निजी आर्मी बना दिया है।**

टिकट काटकर दिया गया। वे अब निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। आज ढिल्लों केजरीवाल की चुनावी सभा में पहुंच गईं और अपनी गाड़ी पर प्रचार करते हुए उनके मंच के आगे से गुजरीं। उन्होंने नकली नोट भी हवा में उड़ाए। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को इस दौरान काले झंडे दिखाए। आआपा नेताओं का कहना है कि उनकी गाड़ी पर भी हमला हुआ है।

## आईएएस पूजा सिंघल के निलंबन वापसी पर भड़की भाजपा, कांग्रेस और झामुमो पर साधा निशाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आईएएस पूजा सिंघल के निलंबन वापसी को लेकर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर निशाना साधा है। पूर्व केंद्रीय विधि मंत्री एवं भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ मुकदमा चल रहा है। जेल से बाहर आते ही उन्हें बहाल कर दिया गया। झारखंड सरकार के साथ कांग्रेस को भी इसका जवाब देना होगा। उन्होंन कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि जो संविधान को हाथ में लेकर घूमते हैं, उन्हें जवाब देना चाहिए। रविशंकर प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में झारखंड सरकार की निंदा की। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस से भी जवाब मांगती है। उन्होंने कहा कि झारखंड



की आईएएस पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उनके सीए से 16 करोड़ रुपये बरामद किए गए। पीएमएलए अधिकारियों ने उनसे 36 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए। वे पिछले 28 महीनों से जेल में थीं। दिसंबर में उन्हें जमानत मिली और 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस लेकर उन्हें बहाल कर दिया गया। कांग्रेस भी झारखंड सरकार का हिस्सा है और उन्हें जवाब देना होगा कि क्या हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि धनशोधन मामले में दो साल से अधिक समय से जेल में बंद आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को जमानत मिलने के बाद उनका निलंबन रद्द कर दिया गया है। सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद 12 मई 2022 को निलंबित कर दिया गया था।

## स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर भारत ने यूके के साथ समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और यूनाइटेड किंगडमके बीच समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और लंदन से वर्चुअल रूप से स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल के सचिव वेस स्ट्रीटिंग शामिल हुए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव के साथ भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन सहित अन्य लोग मौजूद थे। जेपी नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग भारत-यूनाइटेड किंगडम की रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख तत्व है और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। कोविशील्ड वैक्सीन पर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, एस्ट्राजेनेका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया





के बीच साझेदारी ने भारत-यूके के स्वास्थ्य विशेषज्ञों की क्षमता को प्रदर्शित किया।

कोविड महामारी के खिलाफ लड़ाई और हाल ही में मलेरिया के टीकों के विकास के दौरान हमारा घनिष्ठ सहयोग इस बात का एक उल्लेखनीय उदाहरण रहा है कि हम एक साथ मिलकर क्या हासिल कर सकते हैं। भारत अपने विशाल और योग्य स्वास्थ्य कार्यबल, विशेष रूप से डॉक्टरों और नर्सों, अपनी बड़ी दवा निर्माण क्षमताओं के साथ साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यूनाइटेड किंगडम के साथ साझेदारी करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि नया समझौता ज्ञापन डिजिटल स्वास्थ्य, एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध और लचीली आपूर्ति शृंखलाओं के खिलाफ लड़ाई जैसे क्षेत्रों में आगे के सहयोग के लिए एक आधार बन सकता है।

# कालका जी, गांधी नगर, आरके पुरम एवं दिल्ली कैंट से आआपा कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की प्रसिद्ध श्री गुरु रविदास जन्मोत्सव कमेटी के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता ब्रह्म प्रकाश बुलाकी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। बुलाकी ने कहा कि हम श्री रविदास के अनुयायी आज महसूस करते हैं कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने गत दस साल में गरीबों को विकास, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा है जबकि मोदी सरकार ने हर पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ने के अवसर एवं संसाधन दिये हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में कालका जी, गांधी नगर, आरके पुरम एवं दिल्ली कैंट से सैकड़ों की संख्या में आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के महत्वपूर्ण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में सरकार के मुखिया आज जनता के बीच जाने से डर रहे हैं। सचदेवा ने



आज अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध बहुत भयंकर एंटी इनकमबेंसी है और जनता भाजपा को चुनने का मन बना चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि शीशमहल निर्माण, शराब घोटाले से लेकर मोहल्ला क्लीनिक एवं क्लास रूम घोटाले तक में घिरी केजरीवाल कहा कि जिस तरह की लहर आज आआपा के विरुद्ध चल रही है उसके चलते केजरीवाल दल के लिए डबल डिजिट मे पहुंचना भी नामुमकिन लग रहा है।आज भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुख थे कालका जी विधानसभा से आआपा की दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष उमा भोगल, नीरज सिंह, रवि भोगल, अधिवक्ता पूनम सिंह जिन्होने 2017 एवं 2022 में निगम चुनाव लड़ा था, मंदिर कमेटी सचिव नवरतन मैनी, ममता एवं पूजा अरोड़ा एवं उनके समर्थक। गांधी नगर विधानसभा से लगभग सात सौ आआपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ ही स्थानीय धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख थे राखी शर्मा, राजेश शर्मा, अंकुर जैन, राशिद अली, महेश चौहान, सोनू श्रीवास्तव, संतोष झा, सुमन नैयर, विकास सूद, प्रदीप ढींगरा, अश्वनी सब्बरवाल, इमरान सोलंकी आदि। आरके पुरम विधानसभा से आआपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सत्यप्रकाश शर्मा, जितेन्द्र सिंह, मुकेश एवं उनके समर्थक भाजपा में शामिल हुए।

## सर्वजन लोक शक्ति पार्टी ने दिया आम आदमी पार्टी को समर्थन

एजेंसी


**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में सर्वजन लोक शक्ति पार्टी ने आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन दिया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह के साथ सर्वजन लोकशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप ने इसकी घोषणा की। सर्वजन लोक शक्ति पार्टी दिल्ली के अंदर कश्यप, निशाद, मल्लाह और केवट समाज के उत्थान के लिए काम करती है।

संजय सिंह ने इस समर्थन के लिए आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की तरफ से ओमप्रकाश कश्यप का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सर्वजन लोक शक्ति पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हमारे प्रत्याशियों के लिए पूरी दिल्ली में प्रचार करेंगे। वहीं, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने कहा कि हमारी पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मिलकर निर्णय लिया है कि इस विधानसभा चुनाव में



सर्वजन लोक शक्ति पार्टी का हर कार्यकर्ता 70 की 70 विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को अपना समर्थन देगा और अधिक से अधिक वोट डलवाकर उन्हें जिताने के लिए काम करेगा।

## मालवीय नगर में कांग्रेस और भाजपा नेता आप में हुए शामिल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर विधानसभा से भाजपा और कांग्रेस के कई नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इसमें प्रमुख रूप से यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश गौड़, दिल्ली कांग्रेस के महासचिव रहे आयुब और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि समेत अन्य लोग शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह ने पटका और टोपी पहनाकर सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत किया।

इस अवसर पर मौजूद मालवीय नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने दावा किया कि पूरी दिल्ली का माहौल अरविंद केजरीवाल की राजनीति के पक्ष में है। इसी सिलसिले में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की राजनीति से प्रभावित होकर मालवीय नगर वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी रहे और यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश गौड़, नई दिल्ली में दिल्ली कांग्रेस के महासचिव रहे आयुब, यूथ कांग्रेस से वार्ड अध्यक्ष सचिन, कांग्रेस पार्टी से सीनियर वॉलिंटियर रहे रोहित आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। गौतम नगर से भाजपा के रवि, मालवीय नगर के जाने माने व्यक्ति व सामाजिक कार्यकर्ता सतीश नांग्या, आरडब्ल्यू के अध्यक्ष प्रवीण धीर और देवेंद्र चौहान भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।


**NAME CHANGE**
I, No-17003081P Rank-HAV(SKT) Name-SOHAN LAL Residing at 67, MADHAWAN PANA, KALWA, JIND, HARYANA-126113, have changed my father's name from JAIDYAL to JAI DAYAL for all future purposes vide Affidavit dated 24/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, BHAGORA MITTAL BAHEN Wife of No. 15437257H Rank-NK/MT Name-KHARADI SHAILESH KUMAR KANTI-LAL Presently residing at VILL-SUR-PUR, PO-VHADIYOL, TEH-BHILODA, DIST- ARAVALLI, GUJARAT-383250 have changed my name from BHAGO-RA MITTAL BAHEN to KHARADI MIT-TALBAHEN SHAILESHKUMAR for all future purposes vide Affidavit dated 24/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलों श्रीमती अमरवती पत्नी विजयपाल एवं विजयपाल पुत्र स्व0 गिन्ना राम निवासीगण- डी-226, कुसुमपुर पहाडी वसन्त विहार, नई दिल्ली ने अपने पुत्र अरूण कुमार एवं पुत्रवधू मोनिका व इनके दोनों बच्चों को इनके दुर्वव्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अपने तमाम रिश्ते-नाते विच्छेद कर लिये है। यदि कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किलों के पुत्र व पुत्रवधू व इनके बच्चों से भविष्य में किसी प्रकार का कोई लेन देन या अथवा कोई भी कानूनी कार्यवाही होती है तो उसके लिये वह स्वंय जिम्मेदार होगा और उसके लिए मेरे मुवक्किल व उनका परिवार किसी तरह से जिम्मेदार नही होगा।
पंकज कुमार गुप्ता अधिवक्ता
Chamber No.482, Lawyers Block, Saket Courts Complex, New Delhi-110017.

**सार्वजनिक सूचना**
मेरे मुवक्किल श्री जय कुमार गोंड ने मुझे आपके दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित सार्वजनिक नोटिस प्राप्त करने का निर्देश दिया है। आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल श्री पुनीत कुमार पुत्र श्री राम कुमार, खसरा संख्या 93 में से कुल 160 वर्ग गज क्षेत्रफल में से 80 वर्ग गज क्षेत्रफल वाली संपत्ति संख्या 823-बी/आई (बाएं तरफ) गली संख्या 7, (संपत्ति संख्या 823-बी, गली संख्या 7 का हिस्सा) पर निर्मित फ्रीहोल्ड आवासीय संपत्ति के मालिक हैं, जो गोविंद पुरी, कालकाजी, नई दिल्ली- 110019 में स्थित है। यह बिक्री विलेख दिनांक 11.01.2024 के अनुसार दस्तावेज 188, खंड संख्या 17359, पुस्तक संख्या 1, पृष्ठ संख्या 96-107, एसआर-वी, नई दिल्ली के अनुसार है। नीचे दिए गए दस्तावेजों की श्रृंखला में दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं यानि (1) स्वर्गीय श्री बृज लाल शर्मा के एसएमसी (2) स्वर्गीय श्री चमन लाल शर्मा के एसएमसी, (3) स्वर्गीय श्री पवन कुमार शर्मा के एसएमसी, हमारे ग्राहक यह घोषणा कर रहे हैं कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और छत के अधिकार के बिना निर्मित दूसरी मंजिल भी श्रीमती राधिका देवी के नाम से बिकने जा रही है, जिसे पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा- कालकाजी, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किया जाना है।
यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकार/स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
[NAVEEN KUMAR VERMA] Advocate
1/566-A, Ground Floor, Sector-1, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010.
(Contact at 09958871432)

**NAME CHANGE**
I, Pradeep S/O Radhey Shyam R/O J-1, 269-A, 1st Floor, KH NO 14/61, Gali NO 14, Sangam Vihar, South, Delhi - 110062 Have changed my name to Pradeep Kumar for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Kanta Prakash alias Kanta D/o Panna Lal W/o Prakash Chand R/o Pocket-A 123b, Ashok Vihar Phase-2, Saraswati Vihar, North West Delhi, Delhi-110052 have changed my name and shall hereafter be known as Kanta.

**सार्वजनिक सूचना**
मेरे मुवक्किल श्री सूरज ने मुझे आपके दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित सार्वजनिक नोटिस प्राप्त करने का निर्देश दिया है ।
आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारी ग्राहक आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल श्री सूरज पुत्र श्री राज कुमार, फ्रीहोल्ड आवासीय ऊपरी भूतल के मालिक हैं, जिसका क्षेत्रफल 41.80 वर्ग मीटर है, यानि 50 वर्ग गज, जो खसरा संख्या 642 में से संपत्ति संख्या 307 पर बना है, यह गांव चंद्रावली उर्फ शाहदरा के क्षेत्र में, पुरानी पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट, छोटा बाजार, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110032 की आबादी में स्थित है। कार्यालय एसआरओ- IV-बी, विवेक विहार में दस्तावेज संख्या 2024/18/1/7554 के तहत पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 4713 में पृष्ठ संख्या 43-66 पर, दिनांक 07-08-2024 को विधिवत पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 07.08.2024 के आधार पर, नीचे उल्लिखित श्रृंखला दस्तावेजों में दस्तावेज उपलब्ध नहीं है यानी (1) मूल बिक्री विलेख दिनांक 26.06.2024 (1) श्रीमती बसंती देवी पत्नी स्वर्गीय श्री धरमपाल, (2) श्री सुनील कुमार, (3) श्री सुनीत कुमार (4) श्री राज कुमार सभी पुत्र स्वर्गीय श्री धरम पाल सिंह द्वारा श्री भरत चौधरी पुत्र श्री शिव कुमार चौधरी के पक्ष में कार्यालय एसआरओ IV-बी, विवेक विहार में दस्तावेज संख्या 2024/18/1/5919 के तहत पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 4569 में पृष्ठ संख्या 1-24 पर, दिनांक 25.06.2024, हमारा ग्राहक यह घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और वही संपत्ति जिसे पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा- एनएसपी दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किया जाना है।
यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकार/स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा
[NAVEEN KUMAR VERMA] Advocate
1/566-A, Ground Floor, Sector-1, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010.
(Contact at 09958871432)

**NAME CHANGE**
I JASWANT SINGH S/o Hardyal SINGH SACHDEV R/o. RZ-249, Raj Nagar- -II, Palam Colony, South WEST Delhi-110077, have changed my name from JASWANT SINGH SACHDEV TO JASWAN SINGH for all future purposes, vide Affidavit dated 14-01-2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SASIBHUSANA SAHOO Father of No-15180539W Rank-HAV Name-AJAYA SAHOO R/o VPO-SANTHAPADA, TEH-TALCHER, DIST-ANGUL, ODISHA-759104, have changed my name from SASIBHUSANA SAHOO to SASHI BHUSAN SAHOO for all future purposes vide Affidavit dated 24/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, RAJENDER KUMAR AGGARWAL S/O MURARI LAL AGGARWAL residing at HOUSE NO-112-113, SECTOR-16A, FARIDABAD, HARYANA-121002 have changed my name to RAJINDER KUMAR AGGARWAL for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, RAJESH JAIN S/O PADAM CHAND KOTHARI residing at HOUSE NO-C-125 BLOCK-C, MAHENDRU ENCLAVE, GT KARNAL ROAD DELHI-110009 have changed my name to RAJESH KOTHARI for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, T HUSSAINAIAH Father of No 16132635K, Rank-SPR, Name-T HUS-SAINAIAH Residing at H. NO-18/224, VILL & POST-DAMMANAPALLE, TEHSIL-BADVEL, DISTT- CUDDAPAH, ANDHRA PRADESH-516193, have changed my name from T HUSSAINA-IAH to THUMMALAPENTA HUSSAINA-IAH for all future purposes vide Affidavit dated 24/01/2025 before Notary Public, Delhi

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Man Singh S/o Om Prakash R/o 10661, Gali Nale Wali Manak Pura, Karol Bagh, New Delhi, Central Delhi, Delhi-110005 have changed my name and shall hereafter be known as Man Singh Mehra.

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**
**धारा 82 CrPC देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मतेन्दर, पुत्र श्री रविन्दर निवासी ग्राम मथुरा पुर, पीएस मुराद नगर, जिला गाजियाबाद**, **उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 183/2017, U/S 420/406 IPC, अन्तर्गत थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मतेन्दर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मतेन्दर,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 183/2017, U/S 420/406 IPC, अन्तर्गत थाना तिमारपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मतेन्दर,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार,
**श्री करणबीर सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-02
(केन्द्रीय), कमरा नंबर 26
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/725/N/2025 (Court Matter)

**NAME CHANGE**
I, SUFALA SAHOO Mother of No-15180539W Rank-HAV Name-AJAYA SAHOO R/o VPO-SANTHAPADA, TEH-TALCHER, DIST-ANGUL, ODISHA-759104, have changed my name from SUFALA SAHOO to SUPHALA SAHOO for all future purposes vide Affidavit dated 24/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, HUSAIN ZAHERA ZAIDI W/O DAULAT ALI RIZVI residing at HOUSE NO-25, GALI NO-4, RASHID MARKET EXTN, DELHI-110051 have changed my name to HUSAIN ZAHERA for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, TUFAIL ZAIDI S/O HAIDER HUSAIN residing at NEAR IMAMBADA KANOON GOYAN NANAUTA DEHAT SAHARAN-PUR UTTAR PRADESH -247452 have changed my name to TUFAIL ABBAS for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Geeta devi W/o ajay kulshrestha R/o 6/6/2 Shastri Nagar khandari agra uttar pradesh -282002 have changed my name from Geeta devi to Geeta kul-shrestha for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Ajay kulshreshth S/o-Amrit lal kul-shrestha R/o 6/6/2 Shastri Nagar khan-dari agra uttar pradesh -282002 have changed my name from Ajay kulshreshth to Ajay kulshrestha for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, SARITA Wife of No. 14676906M, Rank-HAV Name-RAM SWARUP JAISWAL Residing at 519, NEW CHOK-SEY NAGAR, LAMBAKHEDA, PO-MOTILAL NAGAR, TEHSIL-HUZUR, DISTT-BHOPAL, MADHYA PRADESH-462038 have changed my name from SARITA to SARITA JAISWAL for all future purposes vide Affidavit dated 24/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, AQSA IKRAM W/O IRFAN AHMAD, R/o 3574, Second Floor, Mohalla Jatwara, Kucha Tara Chand, Darya Ganj, Delhi-110002, declare that name of mine has been wrongly written as AQSA in my educa-tional documents. And Passport No.P7620311 The actual name of mine is AQSA IKRAM, which may be amend-ed accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Asif S/o Mohd Bundu R/o House No. 1154 Gali Sayyead Wali, Katra Dhobiyan, Darya Ganj, Delhi 110002 have changed my name to Mohd Asif permanently

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, RAGHUBAR DATT JOSHI, S/O SH. URBA DATT JOSHI R/o C-1/65, STREET NO.1, BLOCK-C, DAYALPUR, DELHI-110094 declare that name of mine and my father has been wrongly written as RAGHUBAR DATT and URBA DATT respectively in my 10th class edu-cational documents and name of mine has also been wrongly written in English as RAGHUBAR DUTTA JOSHI in my Degree of bachelor of Arts. The actual name of mine and my father are RAGHUBAR DATT JOSHI and URBA DATT JOSHI respectively, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Naveen Kumar Gola S/o Om Prakash R/o 352-E/14/C, Munirka Village, Opposite JNU Gate, Munirka, South West Delhi, Delhi-110067 declare that name of mine has been wrongly written as Naveen Gola in my minor daughter Jinal Gola aged 17 years in her 10th Class Educational Documents. The actual name of mine is Naveen Kumar Gola.

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client (SMFG India Home Finance Co. Ltd.) that Mr. Ramotar is claiming to be the owner of Residential Property of Land area meas-uring 135.5 sq. yds., out of Khasra No. 463, situated in the abadi of Subhash Mohalla, in the area of Village Ghonda Gujran Khadar, Illaqa Shahdara, Delhi, vide a GPA, ATS & Will dated 15.07.1998 executed by Mr. Sewa Ram, All persons are hereby informed that above men-tioned owner wants to obtain a loan facil-ity from our client against the said proper-ty. If, anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property/floors, its sale/mortgage/liti-gation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.
**Kumar & Associates**
**(Advocates & Consultants)**
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg,
Moti Nagar, New Delhi - 15
legal@knalegal.com
PH: 011-41112527-28

## अधिकारी सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निपटान : विश्राम कुमार मीणा

एजेंसी

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि विभागों को जनसंवाद पोर्टल व सीएम विंडो पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों तथा सरल पोर्टल पर आने वाली आवेदनों का तत्परता से प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में सीएम विंडो पोर्टल पर आने वाली शिकायतों व सरल पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि संबंधित विभागों को इन सभी शिकायतों के निपटारे के लिए एटीआर को अपलोड करना होगा। एटीआर रिपोर्ट में शिकायत के निवारण के लिए की गई कार्यवाही को दर्शाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी लंबित शिकायतों का निस्तारण अति शीघ्र करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की देरी के लिए अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। उपायुक्त ने कहा कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समय-समय पर निगरानी करते हैं। ओवर ड्यू व लंबित शिकायतों का पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की सीएम विंडो को प्रतिदिन चैक करें।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत मिल रही 35 प्रतिशत सब्सिडी

**गुरुग्राम।** सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 तक सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

डीसी अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी। अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी पीएमएफएमई योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऋण पूर्ति पर 35 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अधिकतम सब्सिडी सीमा 10 लाख रुपये तक है। इच्छुक उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं।

## नगर निगम के सुपरवाइजर को कोर्ट ने सुनाई चार साल की सजा

**फरीदाबाद।** शेड को तुड़वाने का भय दिखाकर तीस हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए गए नगर निगम के सुपरवाइजर को गुरुवार को सत्र न्यायाधीश न्यायालय फरीदाबाद ने चार साल की कैद व बीस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता श्याम मनोहर निवासी गांव ककड़ीपुर, थाना चांदहट, जिला पलवल द्वारा 5 फरवरी 2020 को ए.सी.बी. फरीदाबाद में दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके द्वारा अपनी जमीन पर निजी प्रयोग के लिये शेड बनाया गया है। आरोपी राजपाल, सुपरवाइजर उसके शेड को तुडवाने का भय दिखाकर उससे 30 हजार रूपये बतौर रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत पर कार्यवाही करते हुये ए.सी.बी. की फरीदाबाद टीम द्वारा आरोपी राजपाल, सुपरवाईजर को रिश्वत की राशि लेते हुए मौका से गिरफ्तार किया गया था तथा आरोपी राजपाल के विरूद्ध धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 के तहत थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, फरीदाबाद अंकित किया गया था। मुकदमा की तफ्तीश पूर्ण करने उपरान्त धारा 7, 13(1)डी सहपठित 13(2) पी.सी. एक्ट 1988 के तहत उक्त आरोपी राजपाल, सुपरवाईजर के विरूद्ध ए.सी.बी. फरीदाबाद द्वारा चालान (चार्जशीट) माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, न्यायालय फरीदाबाद में दिया गया।

## आईजीपी, दक्षिण मंडल रेवाड़ी की अध्यक्षता में जिला पलवल में बरामद करीब 3 करोड़ के मादक पदार्थ मदों का किया गया निष्पादन

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नशा मुक्त भारत मुहीम अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार दक्षिण रेंज रेवाडी की अध्यक्षता एवं जिला पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन,आईपीएस पुलिस अधीक्षक पलवल एवं श्री अनिल कुमार डीएसपी मुख्यालय पलवल कमेटी मेंबरों की मौजूदगी में जिला पलवल में 50 मदो से संबंधित मादक पदार्थ मदों का सेक्टर 37 गुरुग्राम में कंपनी मे निष्पादन किया गया। यह निष्पादन कार्य पुलिस महानिदेशक हरियाणा की अनुमति मिलने उपरांत किया गया है।गौरतलब है कि निष्पादन की गई 50 मदों में 957.885 किलोग्राम गांजा,38.106 किलोग्राम पोप्पी हस्क,24.659 किलोग्राम सुल्फा, 267 ग्राम स्मैक, 130 ग्राम हेरोइन तथा बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां जिनमें 15640- पिल्स,464- कैप्सूल,389- इंजेक्शन तथा 18- बोतल शामिल है ।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सिविल सचिवालय में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

### अधिकारियों को दिए निर्देश, कार्यालयों में स्वच्छता का ध्यान रखें सभी अधिकारी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढावा देने के उद्देश्य से 'स्वच्छ हरियाणा मिशन' के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान के चलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिविल सचिवालय में औचक निरीक्षण कर अभियान का जायजा लिया। उनके साथ मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग, विशेष सचिव, निगरानी एवं समन्वय प्रियंका सोनी और विशेष सचिव, सचिवालय स्थापना संवर्तक सिंह उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कार्यालयों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। कार्यालयों में स्वच्छ वातावरण होगा तो कार्य में गति आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने देश के नागरिकों से स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले लोग खुले में शौच के लिए जाते थे, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हर घर शौचालय योजना चलाकर आज देश को ओडीएफ मुक्त किया है। इसके अलावा, उन्होंने पर्यावरण की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया है और इसके लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया हुआ है, जिसके अंतर्गत अब तक लाखों पेड़ लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी की व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ अपने आस-पास के स्थल को भी साफ सुथरा बनाये रखने की जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण होने से हम निरोगी रहेंगे।

## लाडो लक्ष्मी योजना के लिए बजट में होगा ऐलान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश में लागू होने वाली लाडो-लक्ष्मी नीति को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में आने वाले हरियाणा के बजट में इस योजना के लिए पहले धनराशि का प्रावधान किया जाएगा उसके बाद इसे लागू किया जाएगा। गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में नायब सैनी ने कहा कि आज की बैठक में इस योजना को लेकर चर्चा की गई है। वित्त विभाग के अधिकारी अन्य विभागों के साथ लगातार चर्चा कर रहे हैं।

नायब सैनी ने कहा कि इस योजना के लागू होने से प्रदेश के बजट पर बड़ा असर पड़ेगा। वित्त विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि इस योजना के लिए पैसे का प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि अगले माह हरियाणा का बजट आएगा। बजट में इस योजना के लिए पैसे का प्रबंध करने के बाद ही धरातल पर इसे लागू किया जाएगा।

दिल्ली में चुनाव प्रचार से लौटे नायब सैनी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आयुष्मान योजना पर घेरते हुए कहा कि दिल्ली व पंजाब ऐसे राज्य हैं जहां गरीबों को आयुष्मान की सुविधा नहीं मिलती है। केजरीवाल खुद को आम आदमी बोलते हैं। अगर उन्हें जरूरत पड़ी तो हरियाणा में उनका आयुष्मान कार्ड बनवाया जा सकता है लेकिन उन्हें खुद को आम आदमी साबित करना होगा। नायब सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के लोगों के साथ शिक्षा नीति लागू करने का वादा किया था लेकिन शिक्षा नीति का झांसा देकर शराब नीति लेकर आ गए, जिससे दिल्ली वासी परेशान हैं।

# नए आपराधिक कानूनों पर महत्वपूर्ण तीन कानूनी ग्रंथों का किया विमोचन

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के परिसर में स्थित बार एसोसिएशन रूम में तीन महत्वपूर्ण कानूनी ग्रंथों का विमोचन किया। इस अवसर पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू ने आधिकारिक रूप से भारतीय न्याय संहिता पर विवेचना और टिप्पणी, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर विवेचना और टिप्पणी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर विवेचना और टिप्पणी शीर्षक से तीन पुस्तकें शामिल हैं। इस अवसर पर विमोचन समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस अजय कुमार मित्तल ने की। ये ग्रंथ रविंद्र खंडेलवाल, कमलजीत दहिया, अनु सिंह और वरुण चुघ के सह-लेखन में तैयार किए गए। इस अवसर पर अपने भाषण में जस्टिस शील नागू ने इन नए कोडों को न्याय, समानता और कानून के शासन के सिद्धांतों को अभिव्यक्त करने वाली एक न्यायिक प्रणाली की ओर एक कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और




भारतीय साक्ष्य अधिनियम न केवल विधायी अपडेट का प्रतीक हैं, बल्कि कानूनी ढांचे के पूर्ण परिवर्तन का प्रतीक हैं जो साइबर अपराध, भीड़ हिंसा और आतंकवाद जैसी आधुनिक चुनौतियों का समाधान करते हैं।

जस्टिस अजय कुमार मित्तल ने कानूनी सुधारों की समयोचितता और प्रासंगिकता की सराहना की और इन नए कानूनों की जटिलताओं के माध्यम से कानूनी पेशेवरों को शिक्षित करने और मार्गदर्शन करने में इन पाठों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया। इस कार्यक्रम का संचालन हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष जसदेव सिंह बराड़ और मानद सचिव स्वर्ण सिंह तिवाना ने किया।

इस मौके पर कानूनी, प्रबंधन और सांस्कृतिक विषयों पर तीन दर्जन से अधिक पुस्तकें लिखने वाले हरियाणा कैडर के 1985 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं मौजूदा भारत स्काउट्स और गाइड्स के राष्ट्रीय आयुक्त के.के. खंडेलखाल भी उपस्थित रहें। इनकी व्यापक रचनाएं कानून के विभिन्न क्षेत्रों में समझ और अनुप्रयोग में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। वहीं इस अवसर पर बार एसोसिएशन के कई सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

## सौ दिवसीय टीबी जांच अभियान में बढ़े भागीदारी : निदेशक

एजेंसी

**झज्जर।** स्वास्थ्य विभाग के निदेशक एवं सिविल सर्जन झज्जर डॉ. ब्रह्मदीप सिंह ने सरकार द्वारा शुरू किए गए 100 दिवसीय निक्षय टीबी कार्यक्रम में जान-जान से भागीदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने इस आशय की बात गुरुवार को नगर परिषद झज्जर के कार्यालय में आयोजित स्वास्थ्य जांच एवं टीबी जांच शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही। इससे शिविर में 102 लोगों की जांच की गई।डॉ. ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा टीबी जैसी घातक बीमारी को खत्म करने के लिए 100 दिन का निक्षय टीबी कार्यक्रम शुरू किया हुआ है। इसके तहत लगातार टीबी जांच शिविर लगाए जा रहे हैं और यह अभियान तभी सफल हो सकता है जब इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी रहे। निक्षय(टीबी) कार्यक्रम के जिला




नोडल अधिकारी अधिकारी. डॉ कुणाल ने बताया कि गुरुवार को आयोजित शिविर में कुल 102 लोगों की स्वास्थ्य की जांच की गई। 21 बलगम के सैंपल लिए गए और 34 लोगों के एक्सरे किए गए। इस दौरान टीबी की दवाई खा रहे मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराई गई।स्वास्थ्य जांच एवं टीबी जांच शिविर का शुभारंभ उप सिविल सर्जन डॉ. सुनीता तंवर एवं प्रतिनिधियों द्वारा किया गया और उपस्थित स्वच्छता कर्मचारियों को टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए अपील करते हुए टीबी जैसी घातक बीमारी के बारे में जागरूक किया गया। टीबी जागरूकता शिविर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा द्वारा टीबी मुक्त भारत के बारे जागरूक करने हुए टीबी मुक्त भारत अभियान में भागीदारीता देने के लिए शपथ ग्रहण करवाई गई। नगर परिषद चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान व विभाग द्वारा लगाए जा रहे शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को फायदा लेना चाहिए ताकि टीबी जैसी घातक बीमारी से मुक्ति पाए जा सके। इस मौके पर डीएमसी कार्यालय से सामाजिक कार्यकर्ता नेहा गुलिया, सुपरिटेंडेंट अशोक, पीपीएम मीनाक्षी, डॉ. रोबिन व डॉ. बंटी भी मौजूद रहे।

## डीसी डा. विवेक भारती ने समाधान शिविर में की जनसुनवाई

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में आज उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में आमजन की शिकायतें सुनी तथा अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी आमजन कार्यालय में काम करवाने के लिए आते हैं और



उनके कागजात में किसी प्रकार की कमी है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उनको बताकर उसी समय उस कमी को दूर करवाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से हर रोज समाधान शिविरों में आ रही जन समस्याओं की समीक्षा की जाती है। समाधान पोर्टल पर जो भी समस्याएं अपलोड की जाती है उनको निर्धारित समय में दूर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर आनंद कुमार शर्मा, नगराधीश मनजीत कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# हरियाणा सरकार ने छोटे व्यापारियों को दी राहत, एकमुश्त निपटान योजना को दी मंजूरी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के छोटे व्यापारियों को लाभ देते हुए उनके विवादों के समाधान के लिए वन टाइम सैटेलमेंट योजना शुरू की है। अब व्यापारियों के पास अदालत से बाहर सैटलमेंट करने की सुविधा रहेगी। जिसके माध्यम से सरकार ने लाखों रुपये की जुर्माना राशि को माफ कर दिया है। इससे प्रदेश में दो लाख व्यापारियों को लाभ मिलेगा। करों संबंधी केसों के माध्यम से सरकार के ढाई हजार करोड़ रुपये अटके हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रदेश के छोटे व्यापारियों के जीएसटी, वैट तथा उससे पहले के करों संबंधी मामले अदालतों में चल रहे थे। सरकार ने जीएसटी लागू होने से पहले के विवादों का समाधान करते हुए आज की बैठक में ओटीएस को मंजूरी दी है। जिसके तहत जीएसटी से पहले के सात अधिनियमों के तहत बकाया कर राशि का निपटान किया जाएगा। किसी व्यापारी के पास अगर दस लाख तक की बकाया राशि थी और कानूनी विवाद में था। उसका पूरा ब्याज माफ कर दिया गया है। मूल राशि में एक लाख रुपये कम करके साठ प्रतिशत तक की राशि को भी माफ कर दिया जाएगा। व्यापारी को केवल 40 प्रतिशत अदायगी के बाद केस को खत्म कर दिया जाएगा। दस लाख से दस करोड़ रुपये तक की बकाया राशि वालों को ब्याज माफी के साथ 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। इसके अलावा दस लाख से ऊपर वालों को मूल राशि को दो किश्तों में दिए जाने की सुविधा भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के लागू होने से व्यापारियों के सालों पुराने विवादों का अंत होगा, वहीं अदालतों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।उन्होंने कहा कि यह एक सरलीकृत योजना है। पुरानी योजना के विपरीत इसमें कर का कोई वर्गीकरण नहीं है, जैसे स्वीकृत कर, विवादित कर, निर्विवाद कर या अंतर कर। इसके अलावा, नई योजना में ब्याज और सभी प्रकार के दंड माफ किए गए हैं। जिन छोटे करदाताओं का संचयी परिमाणित कर बकाया 10 लाख रुपये तक है, उन्हें अपने संचयी कर बकाया में से 1 लाख रुपये का कर काटने के बाद केवल 40 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। जिनका संचयी का बकाया 10 करोड़ रुपये तक है, उन्हें संचयी कर बकाया का 50 प्रतिशत भुगतान करना होगा।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर एडीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने ली बैठक

एजेंसी

**नारनौल।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 11 फरवरी को सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा स्लम एरिया में लक्षित समूह को एल्बेंडाजोल की दवाई दी जाएगी। इसी अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आज अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। एडीसी ने कहा कि इस अभियान को चलाने का मकसद यही है कि लक्षित समूह एक ही दिन में कवर किया जाए। इसी प्रकार रणनीति बनाकर हम जिला को कृमि से मुक्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर-अंदर अधिकारी लाभार्थी बच्चों और महिलाओं के डाटा एकत्रित करें। स्कूलों में दवाई पहुंचने के बाद यह सुनिश्चित किया जाए कि हर बच्चे को दवा दी जाए। इसके लिए संबंधित स्कूल से रिपोर्ट ली जाएगी। यह दवा खाली पेट न दी जाए। यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है।

उन्होंने बताया कि यह अभियान एक से 19 वर्ष तक के बच्चों के लिए तथा प्रजनन आयु वर्ग की 20 से 24 साल तक की महिलाओं के



लिए है। कृमि के उपचार के लिए अलग-अलग आयु वर्ग के लिए खुराक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के इस अभियान को कामयाब बनाने के लिए जागरूक बनें तथा रोजाना संतुलित भोजन लें। कृमि के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नागरिक जागरूक बनें। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. धर्मेंद्र सांगवान तथा उप सिविल सर्जन स्कूल हेल्थ डॉ विजय कुमार यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे। सिविल सर्जन ने बताया कि कृमि से पीड़ित नागरिक के कुछ लक्षण दिखाई देते हैं। उसी आधार पर उसे डॉक्टर उपचार के लिए खुराक देता है। उन्होंने बताया कि थकान या कमजोरी, चिड़चिड़ापन, सांस फूलना, चक्कर आना, सिर दर्द, त्वचा या निचली पलक के अंदर लालिमा कम होना, एकाग्रता की कमी, भूख न लगना तथा कम सहनशीलता एनीमिया के लक्षण है जो कृमि इंफेक्शन के कारण हो सकता हो सिविल सर्जन ने बताया कि नागरिक हर रोज आयरन से भरपूर संतुलित भोजन का सेवन करें।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने समस्याओं पर की चर्चा

एजेंसी

**गुरुग्राम।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने रेड क्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम की गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सचिव विकास कुमार एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम के पैटर्न, वाइस पैटर्न, आजीवन सदस्य एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम सचिव विकास ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं सामाजिक संस्थाओं व रेड क्रॉस स्टाफ का परिचय वाइस चेयरमैन के साथ कराया। बैठक में वाइस चेयरमैन ने सभी आजीवन सदस्यों, पैटर्न से नई प्रोजेक्ट एवं संचालित प्रोजेक्ट को और अधिक बेहतर बनाने के सुझाव दिए। वाइस चेयरमैन ने यह भी कहा कि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ सभी सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर जरुरत मंदों की सेवा के लिए आगे आएं, ताकि रेडक्रॉस के माध्यम से हर व्यक्ति के अंदर सेवा भाव के गुण उत्पन्न हो और जरूरतमंद की मदद हो। बैठक में वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने सभी उपस्थित एनजीओ के सदस्यों व सोसायटी के सभी कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और उनका निवारण करने के बारे में चर्चा की। इसके साथ-साथ वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी द्वारा रेडक्रॉस में जरूरतमंद बच्चों को जैकेट व कंबल वितरित किए गए।

इस अवसर पर सचिव विकास कुमार ने रेडक्रॉस के सभी प्रोजेक्ट के के बारे में वाइस चेयरमैन महोदय को अवगत कराया। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के जिला प्रशिक्षण अधिकारी जितिन शर्मा, सोसायटी पैटर्न एवं आजीवन सदस्य शिल्पा रैना, कल्याणी सचान, अधिवक्ता ए.के. शर्मा, अनिल मल्होत्रा, डॉ. ललित गोला, अधिवक्ता रोहित मदान, आर के अग्रवाल, संदीप कुमार, बलराम कुमार, डॉ मोनिका यादव, पंडित अमरचंद भारद्वाज, राम सजन, नवीन अन्य एनजीओ के सदस्यों के साथ-साथ जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के समस्त लेक्चरर भी मौजूद रहे।

## अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को हरियाणा सरकार देगी 500 रुपए में गैस सिलेंडर

एजेंसी

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर घर-हर गृहिणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर घर-हर गृहिणी योजना का शुभारंभ किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि अभी तक जिले की अनेकों महिलाओं ने सीएससी के माध्यम से इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया है। कम आमदनी वाले घर, जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते और खाना पकाने के लिए पारंपरिक संसाधनों पर निर्भर करते थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने



बताया कि जिले में सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी। जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर-हर गृहिणी योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना के तहत हर महीने 500 रुपए में एलपीजी रिफिल मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पंजीकरण कराने के आह्वान किया है। उन्होंने सभी गैस एजेंसी संचालकों व सभी सीएससी संचालकों को निर्देश दिए है कि जो कोई भी व्यक्ति गैस सिलेंडर के लिए आता है तो उसका पंजीकरण अवश्य कराए। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के परिवार पहचान पत्र में मोबाइल नंबर लिंक नहीं है तो क्रीडा विभाग की और कार्य कर रही जेड क्रीम से संपर्क कर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा सकते है। उन्होंने कहा कि जिले में हर घर गृहिणी योजना के तहत अभी तक 18 हजार महिलाओं ने अपना पंजीकरण करा लिया है।

# पलवल में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल होंगे गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

एजेंसी

**पलवल।** जिलाभर में रविवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस को देशभक्ति से ओतप्रोत व रंगारंग रूप देने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड, मार्च पास्ट, डंबल व लेजियम के प्रतिभागी रिहर्सल में जुटे हुए हैं। प्रतिभागियों ने बृहस्पतिवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित पूर्वाभ्यास में एसडीएम पलवल ज्योति की अध्यक्षता में मार्च पास्ट, परेड, डंबल लेजियम सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। एसडीएम ज्योति ने रिहर्सल का निरीक्षण करने उपरांत संबंधित अधिकारियों व इंचार्ज को 26 जनवरी से पूर्व सभी तैयारियां व प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ज्योति ने बताया कि रविवार 26 जनवरी को पलवल स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा सरकार में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड व मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। उन्होंने बताया कि उपमंडल होडल में होडल के विधायक हरिंद्र सिंह तथा उपमंडल हथीन में हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड व मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। नगराधीश अप्रतिम ने बताया कि गणतंत्र दिवस को भव्य रूप से मनाने के लिए शुक्रवार 24 जनवरी को पलवल स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के मद्देनजर फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी, जिसका निरीक्षण उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ करेंगे। वहीं उपमंडल हथीन में एसडीएम हथीन संदीप अग्रवाल व उपमंडल होडल में एसडीएम होडल रणवीर सिंह की देखरेख में फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य बनाने के लिए प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रविवार 26 जनवरी को पलवल में जिला स्तरीय तथा होडल व हथीन में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ धूमधाम व पूरे हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा।

# महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार आज सोने के भाव में जोरदार तेजी नजर आ रही है। सोना आज 750 रुपये से लेकर 860 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। हालांकि चांदी की कीमत में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलावन नहीं हुआ है। सोने की कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 82,090 रुपये से लेकर 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 75,250 रुपये से लेकर 75,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 82,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 82,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,250 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# बंधन लाइफ इंश्योरेंस और पॉलिसीबाज़ार ने 'आईइन्वेस्ट पेंशन प्लान' के लॉन्च के साथ रिटायरमेंट प्लानिंग को सरल बनाया

**मुंबई।** देश में जीवन बीमा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने पॉलिसीबाज़ार के साथ मिलकर बंधन लाइफ आई-इन्वेस्ट पेंशन योजना का शुभारंभ किया है। यह एक यूलिप पेंशन प्लान है, जिसे ग्राहकों को उनके रिटायरमेंट के वर्षों के लिए एक जमा-पूंजी बनाने में मदद करने के लिए बनाया गया है। सामान्य तौर पर उपलब्ध यूलिप के विपरीत, इस योजना में मैच्योरिटी पर मिलने वाले लाभ का उपयोग एन्युटी की खरीद के लिए किया जाता है, जिससे ग्राहक को रिटायरमेंट लेने के बाद डिंदगी भर के लिए स्थिर आय सुनिश्चित होती है। इस योजना में नया फंड लॉन्च , शून्य आवंटन एवं प्रशासनिक शुल्क (शून्य एलोकेशन एवं एडमिन चार्जेज), मोर्टेलिटी शुल्क की वापसी, कोई चिकित्सा जाँच नहीं और पॉलिसीबाज़ार के माध्यम से पॉलिसी तुरंत जारी करने जैसी कई सुविधाओं का लाभ मिलता है। यह योजना लोगों को एक अनुकूलित तरीका प्रदान करती है, ताकि वे अपने रिटायरमेंट के लिए जमा-पूंजी बना सकें और उसके बाद एन्युटी प्लान की मदद से रिटायरमेंट के दौरान स्थिर आय प्राप्त कर सकें।

# रिलायंस रिटेल के टीरा प्लेटफॉर्म पर शेग्लैम हुआ लॉन्च

**मुंबई।** रिलायंस रिटेल ने अपने सौंदर्य प्लेटफॉर्म टीरा के माध्यम से वैश्विक सौंदर्य ब्रांड शेग्लैम को भारतीय बाजार में लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि दुनिया भर में सौंदर्य प्रेमियों के बीच वायरल हो चुका यह ब्रांड अपने उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों, बोल्ड रंगद्रव्यों और अभिनव टेक्सचर के लिए प्रसिद्ध है। शेग्लैम हर सेकंड तीन उत्पाद बेचने के अपने प्रभावशाली दावे के साथ दुनिया भर में लाखों मेकअप प्रेमियों का पसंदीदा बन गया है। ब्रांड की इस लोकप्रियता को टीरा पर लॉन्च किए गए उसके सबसे चर्चित उत्पादों के चयन के माध्यम से भारतीय उपभोक्ताओं के करीब लाया गया है। कंपनी ने कहा, शेग्लैम का भारतीय बाजार में प्रवेश हमारे उपभोक्ताओं को विश्व स्तर के उत्पाद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह ब्रांड अपने अभिनव और समावेशी सौंदर्य समाधानों के साथ किफायती ग्लैमर की परिभाषा बदलने के लिए तैयार है। टीरा ने खुद को भारत में प्रीमियम, समावेशी और इनोवेटिव ब्यूटी उत्पादों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। शेग्लैम का लॉन्च इस प्लेटफॉर्म की स्थिति को और भी मजबूत करता है। टीरा पर उपलब्ध शेग्लैम के उत्पाद न केवल वायरल ट्रेंड्स से प्रेरित हैं, बल्कि वे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक क्यूरेटेड ग्लोबल ब्यूटी अनुभव भी लाते हैं।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर का मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़कर 2989 करोड़

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 2508 करोड़ रुपये के मुकाबले 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2989 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।कंपनी नियामकीय फाइलिंग में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय 1.7 प्रतिशत बढ़कर 16050 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में 15781 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा एचयूएल का कुल व्यय इस तिमाही में 12,576 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 12,305 करोड़ रुपये था। एचयूएल के बोर्ड ने इस तिमाही में पाम उपक्रम के अधिग्रहण को मंजूरी दी, जो तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में स्थित विश्वतेज ऑयल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का हिस्सा है। इस अधिग्रहण को कंपनी की पाम स्थानीयकरण रणनीति का हिस्सा बताया गया है।

# ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी किया दाखिल

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक जीईएफ कैपिटल पार्टनर्स समर्थित कंपनी ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज का 2 रुपये के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 300 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रमोटर समूह तथा विक्रय शेयरधारकों का 1 करोड़ शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है। कंपनी




के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज की योजना इस नए इश्यू के जरिए 300 करोड़ रुपये जुटाने का है। कंपनी नए शेयरों से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कंपनी राजस्थान के घिलोथ इंडस्ट्रियल एरिया में एक नई मैन?यूफैक?चरिंग यूनिट स्थापित करने के लिए करेगी, जहां कंटिन्यूअस सैंडविच इंसुलेटेड पैनल और प्री-इंजीनियर्ड स्टील बिल्डिंग मैन्यूफैक्चर की जाएंगी। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के मंबत्तु (यूनिट 4) में मौजूदा मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट का विस्तार करने के लिए भी कंपनी इस रकम का उपयोग करेगी, इससे प्री-इंजीनियर्ड स्टील बिल्डिंग की क्षमता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज कंपनी का बिजनेस दो प्रमुख वर्टिकल में बटा हुआ है, जिसमें प्री-फैब और ईपीएस पैकेजिंग शामिल है। प्री-फैब कारोबार में डिजाइनिंग, विनिर्माण, स्थापना और प्री-इंजीनियर्ड स्टील बिल्डिंग्स, प्री-फैब स्ट्रक्चर का निर्माण शामिल है, जबकि ईपीएस पैकेजिंग में पॉलीस्टाइरीन के ब्लॉक और शीट्स का निर्माण होता है।

# सीसीपीए ने आईफोन के प्रदर्शन संबंधी मुद्दों पर एप्पल को जारी किया है नोटिस: जोशी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईओएस 18+ सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद आईफोन के साथ कथित प्रदर्शन समस्याओं के संबंध में एप्पल इंक को नोटिस जारी किया है। जोशी ने एक्स पोस्ट में कहा, उपभोक्ता शिकायतों की जांच करने के बाद विभाग ने सीसीपीए के माध्यम से एप्पल को नोटिस जारी कर मामले पर जवाब मांगा है। इस नोटिस में सॉफ्टवेयर अपडेट के साथ कथित तकनीकी समस्याओं के बारे में एप्पल से स्पष्टीकरण मांगा गया है।उल्लेखनीय है कि आईओएस 18+ सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद एप्पल के प्रदर्शन संबंधी मुद्दों के बारे में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर शिकायतें प्राप्त हुई हैं। यह नोटिस भारत में प्रौद्योगिकी दिग्गज के संचालन की



नवीनतम विनियामक जांच को दर्शाता है, जो स्मार्टफोन निर्माताओं के लिए एक प्रमुख विकास बाजार है।

# केंद्र ने 'वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण' के नियम किए अधिसूचित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के उपभोक?ता मामलों के विभाग के विधिक माप विज्ञान प्रभाग ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के तहत वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण के नियम अधिसूचित किए हैं। ये नियम एक जुलाई, 2025 से लागू होंगे। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि उद्योगों को नियमों के प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय देने के लिए सरकार ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के तहत 'वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण' के लिए नियम अधिसूचित किए हैं। ये नियम 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी होंगे, जिससे उद्योगों को अनुपालन के लिए समय मिलेगा।

मंत्रालय के मुताबिक यह सत्यापित और मुहर लगे रडार उपकरण दुर्घटनाओं को रोकने, सड़कों की टूट-फूट को रोकने जैसे अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस मसौदा नियमों को तैयार करने के लिए भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान (आईआईएलएम), रांची के अधिकारियों, निर्माताओं और वीसीओ के लिए मसौदा नियमों पर प्रस्तुति दी गई। उल्लेखनीय है कि इस नियम को विधिक माप विज्ञान



निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने ओआईएमएल आर 91 के आधार पर प्रारंभिक मसौदा प्रस्तुत किया है। इन नियमों की आवश्यकताओं को समझाने के लिए राज्य विधिक माप विज्ञान विभागों, आरआरएसएल (सामान्य) नियम, 2011 के तहत अंतिम रूप देने से पहले सार्वजनिक परामर्श के लिए नियमों को विभाग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। इसे हितधारकों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने के बाद इन्हें अंतिम रूप दिया गया है।

# लैंडमार्क इमीग्रेशन की स्टॉक मार्केट में फीकी एंट्री, लिस्टिंग के बाद अपर सर्किट पर पहुंचे शेयर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कंसल्टेंसी सर्विस देने वाली कंपनी लैंडमार्क इमीग्रेशन कंसल्टेंट्स के शेयर ने आज मामूली बढ़त के साथ स्टॉक मार्केट में एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 72 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 4.17 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 75 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इसमें रुचि दिखाई, जिससे थोड़ी ही देर में ये शेयर 78.75 के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 9.38 प्रतिशत का फायदा हो गया है।

लैंडमार्क इमीग्रेशन का 40.32 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 से 20 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 72.84 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 35.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 116.71 गुना सब्सक्रिप्शन आया




था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 81.87 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 56 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने नए ब्रांच का सेटअप करने, ब्रांडिंग करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 3.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 4.43 करोड़ और 2023-24 में 11.12 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 38 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 37.07 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच कंपनी को 5.40 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है।

# मारुति सुजुकी 01 फरवरी से वाहनों की कीमतें 32,500 रुपये तक बढ़ाएगी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने वाहनों के दाम में इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि वह 01 फरवरी से अपने सभी वाहनों की कीमतों में 32,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के कारण कंपनी 01 फरवरी से अपनी कार की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि इससे कच्चे माल की लागत वृद्धि के असर को कुछ हद तक कम करने में मदद मिलेगी। एमएसआई ने कहा कि हम लागत को अनुकूलतम बनाने और ग्राहकों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए हम प्रतिबद्ध है, लेकिन हम बढ़े हुए खर्चों का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने के लिए बाध्य हैं। एमएसआई ने कहा कि संशोधित कीमतों के तहत कंपनी की कॉम्पैक्ट कार सेलेरियो की एक्स-शोरूम कीमत में 32,500 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी, जबकि




प्रीमियम मॉडल इनविक्टो की कीमत में 30 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी होगी। कंपनी फिलहाल एंट्री-लेवल ऑल्टो च-10 से लेकर 3.99 लाख रुपये की शुरुआती कीमत वाली इनविक्टो तक 28.92 लाख रुपये की गाड़ियां बेचती है। पिछले महीने मारुति सुजुकी इंडिया ने 1,78,248 यूनिट बेचीं थीं, जो पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी अधिक है।

# स्टॉक मार्केट में स्टैलियन इंडिया की जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के बाद शेयर पर लगा अपर सर्किट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रेफ्रिजेरेंट और इंडस्ट्रियल गैस का प्रोडक्शन करने वाली कंपनी स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड ने आज शेयरों की लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 90 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर 33.33 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 120 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारों ने इसे हाथों हाथ लिया, जिससे थोड़ी देर में ही ये शेयर उछल कर 125.99 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 39.99 प्रतिशत का फायदा हो गया। स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड का 160.73 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 से 20 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर




से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 188.32 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 172.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 422.35 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 96.81 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 160.73 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 43,02,656 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, कंपनी की सेमीकंडक्टर एंड स्पेशलिटी गैस डीबल्किंग फैसिलिटी की कैपिटल एक्सपेंडिचर को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मामूली उतार चढ़ाव के साथ लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 21.11 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में गिर कर 9.75 करोड़ के स्तर पर आ गया। इसके बाद 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़ कर 14.79 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# एससी वेंचर्स-किया डॉट एआई ने समावेशी, सुलभ वीआर, एआर और एआई अनुभवों को फिर से साझा करने के लिए 'आकाशावर्स' लॉन्च किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** स्टैंडर्ड चार्टर्ड की इनोवेशन, फिनटेक निवेश और वेंचर ब्रांच एससी वेंचर्स ने डिजिटल समाधान प्रदाता कंपनी किया डॉट एआई के साथ मनोरंजन, सामाजिक, ई-कॉमर्स और लाइफस्टाइल हब 'आकाशावर्स' को लॉन्च किया। एससी वेंचर्स और किया डॉट एआई का संयुक्त उद्यम 'आकाशावर्स' लोगों को टेक्नोलॉजी के जरिए ऑफलाइन का अहसास ऑनलाइन वेब3 के माध?यम से कराएगी।

एससी वेंचर्स और किया डॉट एआई ने नई दिल्ली के होटल इंपीरियल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अपने स्टार्टअप 'आकाशावर्स' के कार्यान्वयन संबंधी एक समझौता पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत आकाशावर्स इंटरेक्टिव डिजिटल वातावरण की खोज करने के साथ-साथ लोगों को ई-कॉमर्स और धार्मिक पर्यटन से जुड़ने के तरीके




को बदलने के साथ ऑनलाइन माध्यम से ऑफलाइन का अनुभव भी कराएगा। इस समझौते पर स्टैंडर्ड चार्टर्ड के हेराल्ड एल्टवेट और किया डॉट इन के सह-संस्थापक, एमडी और सीईओ राजेश मिरजानकर और आकाशावर्स के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव मेहता ने किया। इस संयुक्त उद्यम में स्टैंडर्ड चार्टर्ड और किया डॉट एआई का 50-50 फीसदी हिस्सेदारी और भागेदारी होगी। आकाशावर्स के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव मेहता ने कहा, आकाशावर्स का उद्देश्य लोगों के जुड़ने और उन जगहों और सेवाओं से बातचीत करने के तरीके को बदलना है, जो पहले उनकी पहुंच से बाहर थे। उन्होंने कहा कि फिलहाल इसकी शुरुआत माता वैष्णो देवी का गुफा के माध्यम से लोगों को लाइव दर्शन करवाने की है, जिसका ऑनलाइन माध्यम से दर्शन का अनुभव लोग ऑफलाइन से बेहतर महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा यह हब जुड़ाव और बातचीत को बढ़ाने और उपयोगकर्ताओं को समृद्ध डिजिटल वातावरण में खुद को डुबोने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन है।किया डॉट इन के सह-संस्थापक, एमडी और सीईओ राजेश मिरजानकर ने इस अवसर पर कहा कि यह लेटफॉर्म वास्तविक और आभासी दुनिया को जोड़ता है।

मिरजानकर ने कहा कि एससी वेंचर्स के साथ यह सहयोग समुदायों को सशक्त बनाने और प्रभावशाली डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाने के हमारे साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# केंद्र ने मदुरै के नायकरपट्टी में खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द करने का फैसला किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नायकरपट्टी में खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द करने का फैसला किया है। सरकार ने यह निर्णय राजधानी नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी के साथ मदुरै जिले के पारंपरिक अंबालाकर समुदाय के नेताओं की बैठक के बाद लिया है।

खान मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने तमिलनाडु के मदुरै जिले के अंबालाकरों (पारंपरिक सामुदायिक नेताओं) से मुलाकात की, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। अंबालाकरों ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि नायकरपट्टी टंगस्टन खनिज ब्लॉक में अरिट्टापट्टी जैव विविधता विरासत स्थल और कई सांस्कृतिक विरासत स्थल शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक विस्तृत विचार-विमर्श के बाद क्षेत्र में जैव विविधता विरासत स्थल के महत्व और पारंपरिक

खान मंत्रालय
MINISTRY OF MINES
सत्यमेव जयते

अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए नायकरपट्टी टंगस्टन खनिज ब्लॉक की नीलामी को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले खान मंत्रालय में हुई बैठक के दौरान अंबालाकरों ने केंद्रीय मंत्री से नायकरपट्टी टंगस्टन ब्लॉक की नीलामी रद्द करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद कहा कि केंद्र सरकार जैव विविधता विरासत संरक्षण का पूरा समर्थन करती है।

उल्लेखनीय है कि खनिज ब्लॉक की नीलामी के बाद खान मंत्रालय ने 24 दिसंबर, 2024 को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि इस आधार पर उक्त नीलामी के खिलाफ कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं कि ब्लॉक क्षेत्र के भीतर एक जैव विविधता विरासत स्थल है।

# तीन दिवसीय मेवा प्रदर्शनी मुंबई में

**नयी दिल्ली।** नट्स एण्ड ड्राय फ्रूट्स काउन्सिल (इंडिया) ने मेवा 2025 के दूसरे संस्करण की आज यहां घोषणा की। तीन दिवसीय यह ट्रेड शो उद्योग जगत , खरीददारों, विक्रेताओं और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों को एक मंच पर लायेगा।

मेवा 2025 का आयोजन 12 फरवरी से 14 फरवरी के बीच मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा, यह शो उद्योग जगत से जुडे प्रतिनिधियों को नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करेगा और भारतीय नट्स उद्योग से जुडे मुख्य पहलुओं पर रोशनी डालेगा। भारत में नट्स एवं ड्राय फ्रूट्स के संगठित कारोबार की सीमाओं के मद्देनर रखते हुए मेवा 2025 की घोषणा के लिए एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें इस शो के महत्व परचर्चा की गयी। मेवा 2025 में 50 से अधिक देशों के 300 से अधिक प्रदर्शकों की मेज़बानी की उम्मीद है, जिसमें अमेरिका, चिली, ईरान, तुर्की, ओमान, सऊदी अरब और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख प्रतिभागी शामिल हैं। 10,000 वर्ग मीटर से अधिक के विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र के साथ, उपस्थित लोगों को भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सप्लायर्स से उत्पादों की विविध रेंज का अन्वेषण करने का अवसर मिलेगा।

# लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ बाजार, निवेशकों ने 1 दिन में कमाए 2.73 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की मिली जुली शुरुआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ने रिकवरी करके हरे निशान में जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, आईटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एफएमसीजी, पीएसई, रियल्टी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए?। ऑयल एंड गैस और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 424.61 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 421.88 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.73 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,067 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,121 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,841 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 105 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,524 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,411 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,113 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 9.53 अंक की मामूली बढ़त के साथ 76,414.52 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से पहले 15 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक 202.87 अंक की कमजोरी के साथ 76,202.12 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और आक्रामक अंदाज में खरीदारी शुरू कर दी। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर बाद ये सूचकांक निचले स्तर से 540 अंक उछल कर 338.55 अंक की मजबूती के साथ 76,743.54 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में शुरू हुई मुनाफा वसूली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 200 अंक से ज्यादा लुढ़क कर 115.39 अंक की तेजी के साथ 76,520.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 27.05 अंक की कमजोरी के साथ 23,128.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

# कचरा समझ कर ना फेंकें खजूर के बीच, ऐसे करें इस्तेमाल



**खजूर जिसे सेहत का खजाना कहा जाता है, इसे नाश्ते के रूप में खाया जाता है, मिठाइयों में इस्तेमाल किया जाता है और ऊर्जा बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल किया जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि खजूर जितना फायदेमंद है, उतने ही उसके बीज भी यूजफुल हैं.**

खजूर का नाम सुनते ही हमारे मन में सेहत और स्वाद का ख्याल आता है. , जिसे ÷नेचर की कैंडी÷ भी कहा जाता है, पोषक तत्वों से भरपूर होता है और इसे ऊर्जा का बेहतरीन स्रोत माना जाता है. चाहे वो सर्दियों में शरीर को गर्मी देने का काम हो या मिठास से भरे किसी व्यंजन को तैयार करने का, खजूर हर जगह फिट बैठता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि खजूर जितना फायदेमंद है, उसके बीज भी उतने ही उपयोगी हो सकते हैं? हम में से ज्यादातर लोग खजूर खाने के बाद उसके बीजों को फेंक देते हैं.खजूर के बीज पोषक तत्वों और औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं, जिन्हें आप अपनी डेली लाइफ में कई तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं. इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि खजूर के बीजों का उपयोग कैसे किया जा सकता है और ये हमारे हेल्दी और रोजमर्रा के लाइफ के लिए कितने फायदेमंद साबित हो सकते हैं.

खजूर के बीजों का यूज

1. पाउडर बनाकर हेल्दी ड्रिंक के रूप में

खजूर के बीजों को सुखाकर और पीसकर पाउडर बनाया जा सकता है. इस पाउडर का उपयोग आप कॉफी जैसे ड्रिंक तैयार करने के लिए कर सकते हैं. ये कैफीन-फ्री होने के साथ-साथ एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है.

2. त्वचा और बालों की देखभाल में

खजूर के बीजों का पाउडर स्क्रब के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है. ये डेड स्किन को हटाकर त्वचा को चमकदार बनाता है. इसके तेल का उपयोग बालों को मजबूत बनाने और झड़ने से रोकने के लिए किया जा सकता है.

3. डाइजेशन के लिए फायदेमंद

खजूर के बीज में फाइबर की काफी ज्यादा होता है, जो पाचन तंत्र को हेल्दी रखने में मदद करता है. इसे पाउडर के रूप में सेवन करने से कब्ज जैसी समस्याओं में राहत मिलती है.

4. पौधों के लिए नैचुरल खाद

खजूर के बीजों को सूखाकर और पीसकर नैचुरल खाद के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है. ये मिट्टी की क्वालिटी को सुधारता है और पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व प्रदान करता है.

खजूर के बीजों के फायदे

एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर: खजूर के बीजों में शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं.

ब्लड शुगर नियंत्रण: ये ब्लड शुगर को संतुलित करने में मदद करता है और डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकता है.


इम्यूनिटी बूस्टर: इसके सेवन से डिजीज रेसिस्टेंस को मजबूत करता है.

दिल की सेहत के लिए अच्छा- खजूर के बीजों का पाउडर कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है.

कैसे तैयार करें खजूर के बीजों का पाउडर?

खजूर के बीजों को अच्छे से धोकर धूप में सुखा लें. सूखने के बाद उन्हें हल्का भून लें ताकि उनकी नमी पूरी तरह से निकल जाए. ठंडा होने पर इन बीजों को ग्राइंडर में पीसकर पाउडर बना लें. इस पाउडर को एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें.

# भारतीय कंपनियां क्यों कर रही हैं ड्यूटी के घंटे बढ़ाने की वकालत



व्यापारिक कंपनियां निर्माताओं और खरीदारों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं। वे उत्पादों की सोर्सिंग और वितरण की सुविधा प्रदान करती हैं। वे अक्सर कई कारखानों से प्राप्त विविध उत्पाद सूची बनाये रखते हैं। वर्तमान में, चीनी उत्पादों ने भारतीय बाजार में बाढ़ ला दी है। भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र बाजार की जरूरतों के अनुरूप अद्वितीय उत्पाद बनाने के लिए इतना उत्सुक नहीं है।कॉरपोरेट क्षेत्र काम के घंटों में वृद्धि और उनके श्रम के मूल्य से असंगत कम वेतन देने की वकालत कर रहा है, जो एक भयावह संदेश देता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के चरित्र में बदलाव आ रहा है और यह पूंजीवादी औद्योगिक संबंध की रूपरेखा प्राप्त करने के लिए पूर्ण चक्र में आ गया है।भारतीय उद्योगों के कप्तान काम के घंटे बढ़ाकर 70 घंटे, और कुछ तो 90 घंटे तक करने की भी मांग कर रहे हैं। जाहिर है कि औद्योगिक इकाई के विकास के लिए श्रमिक को अपने पारिवारिक जीवन और अवकाश के समय का त्याग करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। यह देखना विडंबना है कि विनिर्माण में लगातार गिरावट आ रही है, प्रति प्रतिष्ठान सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2022-23 की तुलना में 2023-24 में 6.7 प्रतिशत कम हो गया है, और इसी अवधि में प्रति श्रमिक जीवीए4.2 प्रतिशत कम हो गया है। असंगठित क्षेत्र के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) के एक तथ्य पत्रक के अनुसार, यह संगठनात्मक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर कम उत्पादकता को दर्शाता है।भारतीय श्रम बाजार की हालत खराब है। यह विशेष रूप से युवा लोगों के बीच उच्च बेरोजगारी की गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 3.2प्रतिशत है। 15 से 29 वर्ष की आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 10.2प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में बेरोजगारी दर अधिक है। शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की बेरोजगारी दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है।जबकि पूंजीवादी देशों में आम तौर पर विकासशील देशों की तुलना में काम के घंटे कम होते हैं और हाल के वर्षों में उनमें से कुछ ने काम के घंटों को और भी कम कर दिया है,

भारतीय दिग्गज काम के घंटे बढ़ाने के लिए तरस रहे हैं। आय में वृद्धि के साथ विकसित या पूंजीवादी देशों में, श्रमिक अधिक अवकाश समय वहन कर सकते हैं। यह निश्चित रूप से भारत और उसके श्रम बल के मामले में नहीं है। अवकाश समय की अवधारणा एक विकृत विचार है। श्रमिकों को इसकी स्पष्ट समझ नहीं है।क्या इन मालिकों को लगता है कि काम के घंटे बढ़ाकर वे अपने मुनाफे को कई गुना बढ़ा सकते हैं? राष्ट्रीय आय और औसत काम के घंटों के बीच एक संबंध है। कॉर्पोरेट क्षेत्र ने व्यापार के प्रति अपना दृष्टिकोण बदल दिया है। यह विनिर्माण में बहुत अधिक पैसा निवेश करने को तैयार नहीं है। निर्माता तो कच्चे माल को तैयार उत्पादों में बदलने के पक्ष में हैं, तथा पूरे जीवनचक्र को सटीकता के साथ प्रबंधित करते हैं, जबकि व्यापारिक कंपनियां महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं, जो निर्माताओं और खरीदारों के बीच संबंधों को सुविधाजनक बनाती हैं। अत्यधिक विकसित राष्ट्र बनने की चाह में, कॉर्पोरेट क्षेत्र ने भी शॉर्टकट चुना है। विनिर्माण में निवेश करने के बजाय, यह व्यापार के माध्यम से लाभ कमाने के लिए प्रयासरत है।व्यापारिक कंपनियां निर्माताओं और खरीदारों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं। वे उत्पादों की सोर्सिंग और वितरण की सुविधा प्रदान करती हैं। वे अक्सर कई कारखानों से प्राप्त विविध उत्पाद सूची बनाये रखते हैं।

वर्तमान में, चीनी उत्पादों ने भारतीय बाजार में बाढ़ ला दी है। भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र बाजार की जरूरतों के अनुरूप अद्वितीय उत्पाद बनाने के लिए इतना उत्सुक नहीं है क्योंकि इसकी लागत बहुत अधिक है। लेकिन व्यापार के मामले में, लाभ काफी अधिक है और प्राथमिक लाभों में से एक विनिर्माण की तुलना में कम अग्रिम निवेश करना पड़ता है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में, सोर्सिंग और खरीद में लगे व्यवसायों के लिए निर्माताओं और व्यापारिक कंपनियों के बीच का अंतर महत्वपूर्ण है।

2019 में, भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने %भारत में समय का उपयोग- 2019% नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें एक चौंकाने वाली वास्तविकता सामने आई - 15-59 वर्ष की आयु के पुरुष शहरी कर्मचारी प्रतिदिन औसतन 521 मिनट या सप्ताह में 60 घंटे और 47 मिनट प्रत्यक्ष रोजगार और संबंधित गतिविधियों पर लगाते हैं। यह कानूनी रूप से निर्धारित 48 घंटे के कार्य सप्ताह के मिथक को ध्वस्त करता है। इसी तरह, इसी आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाएं प्रतिदिन औसतन 13 घंटे वेतन और अवैतनिक काम पर बिताती हैं, जो उनके दैनिक जीवन की कठोर वास्तविकता को दर्शाता है।

फिर भी नरेंद्र मोदी की पूंजीवाद समर्थक सरकार ने अपने हितों को बढ़ावा देते हुए रिपोर्ट के निष्कर्षों को दबा दिया, जिसके परिणामस्वरूप इस पर राजनीतिक हलकों में चर्चा और बहस नहीं हो सकी। सबसे कपटी पहलू आईटी और संबंधित क्षेत्रों में वर्क-फ्रॉम-होम व्यवस्था का कार्यान्वयन है, जिसने कार्यदिवस को लगभग 24 घंटे तक बढ़ा दिया है। यह कर्मचारियों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ रहने की अनुमति देता है। लेकिन सच तो यह है कि वह अवकाश के विशेषाधिकार का आनंद नहीं ले सकता, क्योंकि उसे 24 घंटे सतर्क रहना पड़ता है। कुछ को छोड़कर जिन्होंने उत्पादन की नयी अवधारणाएंऔर विचार अपनाये हैं, अधिकांश अभी भी उत्पादन की पारंपरिक शैली का पालन करना पसंद करते हैं। वे तकनीकी नवाचार लाने के खिलाफ़ हैं जो काम को अधिक कुशल और उत्पादक बनाते हैं।

उद्योगपति श्रम शक्ति के उपयोग के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करने के लिए बहुत इच्छुक हैं। हालांकि वे विनिर्माण और उत्पादन के पूंजीवादी तरीके का पालन करने का दावा करते हैं, लेकिन उनका रवैया पूरी तरह से सामंती है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरगाष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) प्रति सप्ताह 48 घंटे से अधिक काम करने को अत्यधिक मानता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह स्वास्थ्य, सुरक्षा, उत्पादकता और कार्य-जीवन संतुलन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

यहां तक कि श्रम अर्थशास्त्रियों को भी लगता है कि उत्पादन बढ़ाने के लिए काम के घंटे फायदेमंद होते हैं। थके हुए और थके हुए श्रमिक से उत्पादन बढ़ाने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

सीपीआई (एमएल) के सांसद राजा राम सिंह ने एक सप्ताह पहले केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र लिखकर प्रमुख उद्योग नेताओं के हाल के बयानों पर चिंता व्यक्त की, जिसमें काम के घंटों को बढ़ाने की वकालत की गयी है, जिसमें श्रमिकों के लिए कानूनी रूप से अनिवार्य आठ घंटे के कार्यदिवस की सीमा का उल्लंघन करने के प्रस्ताव भी शामिल हैं। श्रम, कपड़ा और कौशल विकास पर स्थायी समिति के सदस्य सिंह ने श्रमिकों के लिए ड्यूटी घंटे और छह-दिवसीय कार्य सप्ताह को नियंत्रित करने वाले कानूनों को सख्ती से लागू करने के लिए कहा है। सिंह ने तर्क दिया कि यह एक तथ्य है कि लंबे कार्य घंटे उत्पादकता बढ़ाने के बजाय उसे कम करते हैं और यह श्रमिक के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

संपादकीय

# नये सिरे से संविधान की लड़ाई छेड़ती कांग्रेस

26 व 27 दिसम्बर, 2024 को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस द्वारा आयोजित अधिवेशन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण पहले दिन के बाद रद्द कर दिया गया था। लेकिन मंगलवार 21 जनवरी को कांग्रेस की ओर से उसी स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण कर यह संदेश दिया गया है कि %जय बापू जय भीम जय संविधान% का जो नारा पार्टी ने दिया है, उसे वह कतई छोड़ने नहीं जा रही है बल्कि पहले के मुताबिक कहीं अधिक जोर-शोर से वह उठाएगी। यह अधिवेशन वहीं आयोजित किया गया था जहां इन्हीं तारीखों पर महात्मा गांधी ने कांग्रेस की अध्यक्षता की थी और वह उनके जीवन काल का एकमेव अधिवेशन था जिसमें उन्होंने यह महत्वपूर्ण दायित्व सम्हाला था। वह स्थल अब %सुवर्ण सौध% कहलाता है। उन्हीं क्षणों की याद में ठीक 100 वर्षों के बाद कर्नाटक कांग्रेस ने यह अधिवेशन आयोजित किया था ताकि उस ऐतिहासिक विरासत से सब अवगत हो सकें तथा गांधीवादी मूल्यों के लिये संगठन की लड़ाई को आगे बढ़ाया जा सके।हाल के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिस प्रकार से संविधान को कमजोर किया गया है और उसकी ओर से संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर को अपमानित करने का काम हो रहा है, उसके खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई की शुरुआत बेलगावी से शुरू की गयी । कहा जा सकता है कि वह लड़ाई कांग्रेस न भूली है और न ही वह उसे छोड़ रही है। इसके विपरीत अब यह लड़ाई गांधी के साथ अंबेडकर तथा संविधान को बचाने की ही लड़ाई बन गयी है। इस लड़ाई का एक मोर्चा इसी माह की 27 तारीख को अंबेडकर के जन्म स्थान महू (मध्यप्रदेश) में खोला जायेगा जहां पार्टी एक बड़ा अधिवेशन करने जा रही है। इसमें कांग्रेस के तमाम बड़े नेता शामिल होने जा रहे हैं जहां से %जय बापू जय भीम जय संविधान% आंदोलन की विधिवत शुरुआत होगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल व प्रियंका गांधी के अलावा कांग्रेस कार्यसमिति (वर्किंग कमेटी) के सभी सदस्य, कांग्रेस शासित राज्यों के सारे मुख्यमंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री आदि इसमें शिरकत करने जा रहे हैं। एक तरह से इसे ही बेलगावी से छेड़े गये अभियान की नयी शुरुआत मानी जा रही है क्योंकि उसके साथ ही कांग्रेस के लोग संविधान बचाने का नारा लेकर देश भर में जायेंगे। देश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात फेरियां निकालेंगे और संविधान के महत्व से जनता को अवगत करायेंगे।बेलगावी तथा महू से उठने वाले स्वरों से भाजपा की बदहवासी अभी से दिखने लगी है क्योंकि पार्टी 24 या 25 जनवरी को मध्यप्रदेश में ही सम्मेलन कर कांग्रेस को जवाब देना चाहती है लेकिन अब तक उसकी न तो रूपरेखा बन पाई है और न ही उसका संदेश स्पष्ट हो पाया है। लोकसभा के पिछले सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जिस प्रकार से अंबेडकर का अपमान किया गया था, उससे देश भर में शाह के खिलाफ आक्रोश है। याद हो कि राज्य सभा में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने कहा था कि, आजकल अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहना फैशन हो गया है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर तंज कसा था कि %यदि इतनी बार भगवान का नाम लिया जाये तो सात जन्मों का स्वर्ग मिल सकता है।% इसका कांग्रे सहित पूरे विपक्ष ने जमकर विरोध किया था तथा शाह स माफी और इस्तीफा देने की मांग की थी। प्रधानमंत्री नरेन् मोदी से भी मांग की गयी थी कि वे शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करें। इसे लेकर देश भर में कई जग पर प्रदर्शन हुए थे।संविधान को बचाने का मुद्दा अ कांग्रेस का प्रमुख मिशन बन चुका है जिसे लेकर व भाजपा पर हमलावर है। लोकसभा चुनाव के पहल भाजपा का लक्ष्य खुद के बलबूते 370 तथा अप गठबन्धन (एनडीए) को मिलाकर 400 सीटें पाने क था। भाजपा के कई बड़े नेताओं तथा उम्मीदवारों ने साप कहा था कि मोदी को इतने सांसद इसलिये चाहिये तावि संविधान को बदला जा सके। इस मामले ने नतीजों क प्रभावित किया। ऐसा माना जाता है कि संविधान वे जरिये लाभान्वित होकर विकास की मुख्य धारा में आ वाले कई वर्गों ने भाजपा विरोधी प्रत्याशियों को वोट नह दिया और आज लोकसभा में भाजपा-एनडीए की ज घटी हुई सीटें दिख रही हैं .

# महाकुंभ में मोनालिसा

## विश्वविख्यात चित्रकार लियोनार्दो द विंसी ने 16वीं सदी में एक तस्वीर बनाई थी, जो मोनालिसा के नाम से पूरी दुनिया में चर्चित हो गई

महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए करोड़ों-अरबों रूपयों का खर्च, वीआईपी सुविधा का ख्याल, विदेशी आंगतुकों को देखकर उपजा कौतुहल, नामी-गिरामी हस्तियों का महाकुंभ में आना, ऐसी खबरों को देखकर लगता है कि धर्म और आध्यात्म पर आखिर में सांसारिकता ही भारी पड़ रही है।विश्वविख्यात चित्रकार लियोनार्दो द विंसी ने 16वीं सदी में एक तस्वीर बनाई थी, जो मोनालिसा के नाम से पूरी दुनिया में चर्चित हो गई। तस्वीर में चित्रित नारी के चेहरे की रहस्यमयी मुस्कान आज भी लोगों को सम्मोहित करती है। मोनालिसा की पेंटिंग पर जितने शोध हुए, शायद ही किसी अन्य पेंटिंग पर हुए होंगे। इस पेंटिंग में जो नारी दिख रही है, क्या उसका असली नाम मोनालिसा ही है या कुछ और है। क्या वो फ्रांस के किसी व्यापारी की पत्नी है या इटली के किसी प्रांत से आई है, क्या लियोनार्दो ने खुद को ही नारी रूप में चित्रित किया है, ऐसे कई-कई सवाल इस पेंटिंग से जुड़े हैं और किसी का भी सटीक जवाब नहीं मिला। 16वीं सदी से चले आ रहे सवाल 21वीं सदी में भी कायम हैं और अब 21वीं सदी में भारत में एक नयी मोनालिसा चर्चा में आ गई हैं, जिससे कुछ और नए सवाल खड़े हो गए हैं।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में धर्म-आध्यात्म से ज्यादा चर्चा चिमटे वाले बाबा, जटाओं वाली सुंदरी साध्वी, आईआईटी बाबा और माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा की हो रही है। कत्थई चमकीली आंखों वाली मोनालिसा अपने परिवार के साथ मेले में माला बेचने आई थी, ताकि कुछ अतिरिक्त कमाई हो सके। लेकिन संगम में डुबकी लगाकर इहलोक-परलोक साधने की तमन्ना लिए आए बहुत से श्रद्धालुओं का ध्यान धर्म पर कम और मोनालिसा की आंखों पर अधिक रहा। रही-सही कसर सोशल मीडिया पर अतिसक्रिय जमात ने पूरी कर दी। मोनालिसा के नाम से सोशल मीडिया पर फेक एकाउंट बन गए और उनकी मर्जी लिए बगैर रील पर रील प्रसारित होने लगीं। सोशल मीडिया के जरिए मोनालिसा फिलहाल वायरल हो गई हैं, वायरल यानी मियादी बुखार, जो थोड़े वक्त बाद उतर ही जाएगा। मोनालिसा को इंटरनेट संसेशन इन दिनों कहा जा रहा है। संसेशन यानी सनसनी भी कुछ देर के बाद शांत हो ही जाएगी। वक्त के पन्नों को थोड़ा सा पलटेंगे तो ऐसे कई सनसनी मचाने



वाले वीडियो याद आ जाएंगे, कभी व्हाय दिस कोलावेरी डी लोगों की जुबान पर चढ़ता है, कभी ये हमारी कार है, ये हम हैं और ये हमारी पार्टी हो रही है, की धूम मचती है, कभी प्रिया प्रकाश वारियर का वीडियो वायरल होता है, तो कभी यशराज मुखाटे का रसोड़े में कौन था, हिट हो जाता है। लोग भेड़ों में तब्दील हो रहे हैं, क्योंकि जमाना सोशल मीडिया की चाल पर चलने लगा है।सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर यानी अपनी रील्स या वीडियो से समाज को प्रभावित करने वाले लोग, यूट्यूबर्स, या कलाकार अपनी मर्जी से वीडियो बनाएं, प्रसारित करें, समाज की आलोचना या प्रशंसा का पात्र बनें, यह उनका अधिकार है, लेकिन महाकुंभ में आई एक मासूम लड़की को जिस तरह सोशल मीडिया की गिरफ्त में इस समय जकड़ा गया है, वह वाकई चिंताजनक है। जानकारी के मुताबिक मोनालिसा का परिवार मध्यप्रदेश के महेश्वर इलाके का है और उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। वर्ना महाकुंभ में रहकर मालाएं बेचने के लिए पूरे परिवार को नहीं आना पड़ता। मोनालिसा शायद शिक्षित भी नहीं है और उसकी उम्र 16 बरस के आसपास बताई जा रही है, अगर यह सही है तो मोनालिसा नाबालिग है। ऐसे में उसके वीडियो बनाना और उन्हें वायरल करना कानूनन सही नहीं है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग या महिला आयोग को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसे किसी कदम की जानकारी सामने नहीं आई है। मोनालिसा के अब तक कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बहुत से लोग उनसे बात करते हुए उसे रिकार्ड कर रहे हैं। कोई उनसे राजस्थान आने कह रहा है, कोई पूछ रहा है

कि आप फिल्मों में काम करना चाहती हैं क्या, कोई उनसे अंग्रेजी आती है या नहीं, पढ़ी-लिखी हो या नहीं, ऐसे सवाल कर रहा है।एक वीडियो में तो मोनालिसा एक ब्यूटी पार्लर में मेकअप कराती नजर आ रही हैं और उस पर भी लोग टिप्पणी कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि सादगी में ही सुंदरता है, कोई बता रहा है कि मेकओवर अच्छा हुआ है। एक वीडियो मोनालिसा, उनके बड़े भाई और किसी पार्लर चलाने वाली महिला का है, जो बता रही हैं कि उनका असली इंस्टाग्राम अकाउंट कौन सा है और लोग नकली अकाउंट को फॉलो न करें। इन तमाम वीडियो में मोनालिसा सहजता से बात करती और मुस्कुराती दिख रही हैं, यह बहुत स्वाभाविक भी है, क्योंकि चकाचौंध में निज अधिकारों की बात कई बार हाशिए पर चली जाती है। लेकिन एक वीडियो ऐसा भी सामने आया, जिसमें मोनालिसा के घर वालों को उन्हें शॉल से ढंक कर शिविर के भीतर भेजना पड़ा ताकि लोगों की नजरों और बातों से उन्हें बचा सकें। इस वीडियो में एक महिला मोनालिसा के पास आने की कोशिश करते लोगों को हटा रही है। बीच में खबर आई कि मोनालिसा को वापस उनके घर भेज दिया गया। हालांकि उनके दादा ने बताया कि अभी वो प्रयागराज में ही हैं। उनके दादा ने इस बात पर चिंता जाहिर की कि इस अप्रत्याशित शोहरत के कारण उनका व्यापार ठप्प हो रहा है। कई लोगों से उधार लेकर इस परिवार ने सामान खरीदा था, ताकि महाकुंभ में बेच कर मुनाफा कमा सकें। मगर मोनालिसा का वायरल होना उन्हें दूसरे तरीके से भारी पड़ रहा है।मोनालिसा और उनका परिवार उनके जीवन में आए इस बदलाव को किस तरह से स्वीकारता है, संभालता है, महाकुंभ खत्म होने के साथ ही मोनालिसा की चर्चा भी क्या खत्म हो जाएगी, क्या कोई निर्माता-निर्देशक मोनालिसा को फिल्मों में काम करने का प्रस्ताव देगा, क्या बिग बॉस निर्माता अपने अगले संस्करण के लिए मोनालिसा के नाम पर विचार कर रहे हैं, ऐसे कई सवालों के जवाब वक्त देगा। लेकिन इनके बीच धर्म और आध्यात्म के झंडाबरदारों को विचार करना चाहिए कि क्या मोनालिसा जैसे प्रसंग महाकुंभ के महात्म्य को कम नहीं करते हैं। महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए करोड़ों-अरबों रूपयों का खर्च, वीआईपी सुविधा का ख्याल, विदेशी आंगतुकों को देखकर उपजा कौतुहल, नामी-गिरामी हस्तियों का महाकुंभ में आना, ऐसी खबरों को देखकर लगता है कि धर्म और आध्यात्म पर आखिर में सांसारिकता ही भारी पड़ रही है।

भगवान की भक्ति में रमने वालों को इस बात से क्यों फर्क पड़ना चाहिए कि कुंभ के लिए स्टीव जॉब्स की पत्नी अमेरिका से आई हैं या गौतम अडानी अपनी पत्नी के साथ भोजन परोस रहे हैं। भगवान के दरबार में तो सब एक समान होते हैं, लेकिन प्रयागराज में ऐसा होता नहीं दिख रहा। प्रयागराज में शोहरत की छीना-झपटी चल रही है। 144 बरसों बाद ग्रहों-नक्षत्रों के अनूठे संयोग में हो रहे महाकुंभ का महत्व भौतिक चकाचौंध में गुम हो रहा है।



# टूटे हुए कांच के टुकड़ों का कुछ इस तरह से करें रियूज

**अक्सर हम सभी टूटे हुए कांच के टुकड़ों को फेंक देते हैं। लेकिन अब जब भी आपको टूटे हुआ कांच मिले तो उसे फेंकने की बजाय उसका नए तरीके से इस्तेमाल करें। आप कांच के टुकड़ों से कई चीजें बना सकती हैं और पुरानी चीजों को नया लुक भी दे सकती हैं। जी हां, यह एक दम सच है। आज हम आपको बताएंगे कि आप टूटे हुए कांच के टुकड़ों से आप क्या-क्या बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इसके बारे में।**

## फ्रेम बनाएं

अगर आप टूटे कांच को फेंक देती हैं तो अगली बार ऐसा न करें क्योंकि आप टूटे हुए कांच से घर की दीवारों को सजा सकती हैं। जी हां, आप कांच के टूटे हुए टुकड़ों से एक बेहद ही सुंदर फ्रेम बना सकती हैं। यह फ्रेम आपके घर की दीवारों की खूबसूरती बढ़ाएगा। साथ ही कुछ सावधानियां बरतते हुए आप आसानी से कांच से फ्रेम बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका।

### आवश्यक सामान

- कैनवास
- कांच के टूटे हुए टुकड़ें
- फैब्रिक पेंट
- ग्लू

### बनाने का तरीका

- कांच के टूटे हुए टुकड़ों से फ्रेम बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक कैनवास चाहिए होगा। आप कैनवास का साइज अपने घर की दीवार के हिसाब से चुन सकती हैं।
- इसके बाद फ्रेम को अट्रैक्टिव लुक देने के लिए आपको कांच के टुकड़ों को पेंट करना होगा।
- कांच के टुकड़ों को अलग-अलग कलर्स से पेंट कर लें।
- पेंट करने के बाद उन्हें सूखने के लिए कुछ देर हल्की धूप में रख दें।
- जब कांच पर पेंट सूख जाएं इसके बाद व्हाइट कैनवास पर इन्हें ग्लू की मदद से चिपका लें।
- आप चाहें तो कांच के टुकड़ों को किसी पैटर्न में भी चिपका सकती हैं। इससे आपका फ्रेम मीनिंगफुल लगेगा
- लीजिए तैयार है आपका कांच के टुकड़ों से बना फ्रेम।

## टेबल टॉप सजाएं

अगर आप फर्नीचर पुराना हो गया है तो आप अपने टेबल की टॉप को कांच के टुकड़ों से सजा सकती हैं। इससे आपके टेबल टॉप को नया लुक मिल जाएगा और अब आप दोबारा इसका इस्तेमाल कर पाएंगी। चलिए जानते हैं कैसे सजाएं कांच के टुकड़ों से टेबल टॉप को।

### आवश्यक सामान

- कांच के टुकड़े
- ग्लू
- टेबल

### बनाने का तरीका

- अगर आपका टेबल पुराना हो गया है तो उसे नया लुक देने के लिए आप कांच के टुकड़ों से टेबल के टॉप को सजा सकती हैं।
- इससे आपके टेबल को एक नया लुक मिलेगा।
- टेबल टॉप को सजाने के लिए सबसे पहले लकड़ी के टेबल पर ग्लू की मदद से कांच के टुकड़ों को चिपका लें।
- आप कांच के टुकड़ों को किसी भी तरीके से चिपका सकती हैं।
- लीजिए तैयार है आपका नया टेबल टॉप।

## गमला सजाएं

अब आपको बाजार से मंहगे और सजावटी गमले खरीदने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि अब आप बेहद ही कम पैसे खर्च करके आसानी से घर पर गमले को सजा सकती हैं। आप कांच के टुकड़ों से गमला भी सजा सकती हैं। इसके लिए बस आपको कोई पुराना गमला चाहिए होगा। चलिए जानते हैं इसे कैसे बनाया जाता है।



### आवश्यक सामान

- गमला
- कांच के टुकड़े
- फ्रैबिक कलर्स
- ग्लू

### बनाने का तरीका

- गमले को नया लुक देने के लिए सबसे पहले उसे अच्छे से साफ कर लें।
- इस बात का ध्यान रखें कि गमले के बाहरी हिस्से पर किसी भी प्रकार की गंदगी जमी नहीं होनी चाहिए।
- इसके बाद कांच के टुकड़ों को एक ही कलर से पेंट कर लें।
- एक ही रंग आपके गमले को और भी सुंदर बनाएंगे।
- पेंट करने और सूखने के बाद ग्लू की मदद से एक-एक करके कांच के टुकड़ों को गमले पर चिपका लें।
- इस प्रकिया को तब तक दोहराएं जब कि आप पूरे गमले पर कांच के टुकड़े नहीं चिपका लेती हैं।
- लीजिए तैयार है आपका खूबसूरत गमला।

## इन बातों का रखें खास ध्यान

- आपको कांच के टुकड़ों को पकड़ने के लिए गलव्स का इस्तेमाल करना चाहिए।
- इन कांच से बनी चीजों को अपने बच्चों की पहुंच से दूर रखें।
- इस बात का ध्यान रखें कि जब आप कांच के टुकड़ों से चीजें बना रही हों तो आपके आस- पास लोग न हों।



# आपके पसंदीदा रंग में छिपा है आपके व्यक्तित्व का राज

**हर व्यक्ति का अपना पसंदीदा रंग होता है। पसंदीदा न होने पर भी, हर किसी की रंगों के लिए कुछ प्राथमिकताएं जरूर होती हैं। आमतौर पर हर कोई अपनी पसंद के रंग के हिसाब से ही कपड़े पहनता है। रंग का चुनाव ऐसा होता है जो आपके बारे में बहुत कुछ बताता है कि आप कैसे कार्य करते हैं, आपका व्यक्तित्व कैसा है, आपका स्वभाव कैसा है और दूसरे आपको कैसे देखते हैं। वैसे जरूरी नहीं है कि आपके व्यक्तित्व का रंग वही हो जो आप हमेशा पहनते हैं, यह आमतौर पर वह रंग होता है जो आपको सबसे ज्यादा उत्साहित करता है। लेकिन ये वास्तविकता है कि किसी भी व्यक्ति का पसंदीदा रंग उसके बारे में बहुत कुछ बयां करता है।**

## काला रंग

यदि आपको काला रंग पसंद है, तो इस बात की तरफ इशारा करता है कि आप स्वभाव से शर्मीले हैं लेकिन जब भी स्थिति की आवश्यकता हो, अपने मन की बात कहने में विश्वास करें। आप आसानी से निराश नहीं होते हैं और जीवन की हर बाधा को दूर करने का प्रयास करते हैं। आप शक्ति और नियंत्रण के लिए प्रयास करते हैं, आप अपनी बातों को गोपनीय रखने पर जोर देते हैं और किसी के सामने खुली किताब की तरह नहीं आते हैं। केवल करीबी दोस्त और रिश्तेदार ही जानते हैं कि आपके जीवन में क्या महत्वपूर्ण है। आप अपने आस-पास और अपने द्वारा की जाने वाली चीजों में भी निर्मलता बनाए रखना पसंद करते हैं।

## लाल रंग

लाल रंग आमतौर पर खतरे का संकेत देता है। हालांकि, रंगों का अर्थ विभिन्न पहलुओं में अलग-अलग होता है। अगर आपको लाल रंग पसंद है तो बताता है कि आप बाहरी दुनिया को पसंद करने वाले स्वभाव के हैं। आप आसानी से दोस्त बना सकते हैं और अजनबियों से बात कर सकते हैं। आप अपना जीवन एक राजा या रानी की तरह जीने में विश्वास रखते हैं। आप बिना किसी डर के अपने सपनों (जानें सपनों का मतलब) को समर्पित रहते हैं और उनके पीछे भागते हैं। इतना ही नहीं आप हर हाल में अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं।

## गुलाबी रंग

आपका व्यक्तित्व आकर्षक है और आप अपने आस-पास के लोगों को सहज महसूस कराते हैं। आप स्वभाव से भावुक हैं और अपनी भावनाओं का सामना करने से नफरत करते हैं। आप अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को संतुलित बनाए रखना पसंद करते हैं क्योंकि आप दोनों को समान रूप से महत्व देते हैं। आप सपने देखने वाले स्वतंत्र उत्साही स्वभाव के व्यक्ति हैं।

## नीला रंग

आपकी पसंद के रंग के हिसाब से ऐसा हो सकता है कि जब आप बहुत ही मधुर और मृदुभाषी दिखने की कोशिश करते हैं, तो लोगों को यह नहीं पता होता है कि आपके पास एक और पक्ष है जहां आप कठिन परिस्थितियों में अपने लिए खड़े हो सकते हैं। आप वफादार हैं और दोस्तों और परिवार के बहुत करीब हैं। आप स्वभाव से बहुत अधिक संवेदनशील भी हैं और नाटकीय परिस्थितियों को प्रोत्साहित नहीं करते हैं।

## हरा रंग

यदि आपका पसंदीदा रंग हरा है तो आप एक स्वतंत्र उत्साही व्यक्ति हैं और जीवन में रोमांच का आनंद लेते हैं। आप एक अत्यंत सामाजिक, अविश्वसनीय, स्नेही और वफादार व्यक्ति हैं। हालांकि, आप अक्सर बेचैन रहते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप एक चतुर व्यक्ति हैं, जो व्यापार प्रवृत्तियों के बारे में सहज समझ रखते हैं।

## सफेद रंग

आप हर चीज में अच्छाई देखना पसंद करते हैं। आप एक ऐसे व्यक्ति हैं जो लोगों को शांत कर सकते हैं और स्वयं शांत रहने में विश्वास करते हैं। आप अक्सर अपने शब्दों को सावधानी से चुनते हैं और हर कोई आपके बारे में बहुत कुछ नहीं जानता है। आप एक दयालु आत्मा हैं और लोगों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, भले ही वे अजनबी क्यों न हों।



## पीला रंग

यह परिभाषित करता है कि आप एक बहुत ही दिलकश स्वभाव के व्यक्ति हैं। आप आशावादी हैं और गलत होने वाली चीजों को छोड़ने से इंकार करते हैं। आप बहुत ज्यादा भरोसेमंद हैं और हमेशा जीवन के उज्जवल पक्ष को देखते हैं। आप गौरवशाली हैं और किसी भी जगह पर अपनी राय देने से डरते नहीं हैं। आपके व्यक्तित्व की वजह से लोग आपकी कंपनी पसंद करते हैं।

## पर्पल कलर

आप एक कहानीकार हैं और दूसरे लोगों के विचार और राय सुनना पसंद करते हैं। आप स्वभाव से होशियार और मजाकिया हैं। आपको लोगों को सलाह देना पसंद है और आप इसे अपने दिल से पसंद करते हैं। आप स्वभाव से स्वतंत्र हैं और अपने आप में ऐसी क्षमता रखते हैं जो आपको दूसरों से अलग बनाती है।

इस तरह आपके पसंद के रंगों से आपके व्यक्तित्व का पता लगाया जा सकता है। हालांकि ये एक सामान्य अवधारणा है और हर एक व्यक्ति के हिसाब से अलग प्रभाव डालती है।



# बच्चे का हौसला बनें

**सारा साल पढ़ाई स्कूल जाने के बाद बच्चों में जहां फाइनल एग्जाम का डर बना रहता है, वहीं इस बात की खुशी भी होती है कि वह नई क्लास में जाने वाले हैं। इसी के साथ पेरेंट्स को यह परेशानी सताती है कि कहीं इस बार पढ़ाई में उनके बच्चे के आगे कोई और स्टूडेंट न निकल जाए। अव्वल आने की इस होड़ में पेरेंट्स द्वारा बनाया गया दवाब उनके लिए मानसिक परेशानी बन जाता है। ऐसे में बच्चो को डांट-फटकार कर पढ़ाने की बजाए उनकी प्रॉब्लम को समझने की जरूरत है। कई बार तो कुछ पेरेंटस बच्चों को न पढ़ने पर सजा भी देते हैं, जो कि बिल्कुल गलत बात है। मनोविज्ञानिक भाषा में इस समस्या को एंग्जाइटी डिसऑर्डर कहते हैं। बच्चे को इसमें धकेलने की बजाए इससे निकालने की कोशिश करें।**

## एंग्जाइटी डिसऑर्डर

बहुत से बच्चों में यह समस्या देखने को मिलती है। इस समस्या के कारण उनका स्वभाव बहुत ही चिड़चिड़ा हो जाता है, जिसके कारण वह जो कुछ भी परीक्षा के लिए याद करते है वह सब कुछ भूल जाते हैं। फेल होने का डर, आत्मविश्वास में कमी भी इसी समस्या की निशानी है। कई बार तो तनाव से ग्रसित बच्चे घर से स्कूल के लिए निकल जाते हैं लेकिन स्कूल पहुंचते ही नहीं। इसी वजह से कुछ बच्चे गलत संगत में भी फंस जाते हैं। ऐसे में माता-पिता को उसे डांट कर पढ़ाने की बजाए प्यार से समझाने की जरूरत है। पढ़ाई में आने वाली मुश्किलों के लिए डांटें नहीं बल्कि उनकी मदद करें। इन तरीकों से तनाव रहित कर सकते हैं।

## टाइम-टेबल को दें अहमियत

अगर आप चाहते है कि आपके बच्चे परीक्षा के दिनों में घबराएं नहीं तो आप शुरू में ही उनकी पढ़ाई का टाईम-टेबल बनाएं ताकि समय रहते उनका पाठ्यक्रम पूरा कर सकें। जिससे बाद में उन्हें स्लेबस दोहराने का भी टाईम मिल जाए। इसे अपनाने से उन्हें परीक्षा के दिनों में किसी तरह का डर नहीं रहेगा और वह जो भी याद करेंगे, उसे कभी भी भूलगा नहीं।

## पेपर पैटर्न को समझना जरूरी

एग्जाम में बैठने से पहले बच्चों को पेपर का तरीका समझने की बहुत जरूरत होती है। इससे बच्चे को किसी तरह की कंफ्यूजन नहीं रहेगी। ऐसे में आप बच्चे को पिछली बार का पैटर्न पेपर हल करने को दें। इस से भी उनका तनाव बहुत कम होगा। फाइनल परीक्षा में उसे किसी तरह की घबराहट नहीं होगी।

## परीक्षा में जाने से पहले

डेट शीट आ जाने पर खुद भी बच्चे के साथ कमर कस लें। उसे पौष्टिक आहार खिलाएं ताकि किसी तरह की कमजोरी उसके प्रदर्शन में बाधा न बने। दूध, ड्राई फ्रूट, दहीं, सूप, सलाद आदि बैस्ट हैं। उस पर किसी तरह का दवाब न डालें, कुछ भी नया पढ़ाने की कोशिश न करें। ऐसा करने से वह पहला पढ़ा भी भूल सकता है। पढ़ाई के अलावा थोड़ा हंसी-मजाक, गेम्स या फिर उसका फेवरेट प्रोग्राम भी देखने को दें लेकिन इसका समय सीमित होना बहुत जरूरी है। इससे वह परीक्षा अच्छे से दे पाएगा।

## परीक्षा शुरू होने पर

सबसे पहले परीक्षा में वहीं प्रश्न का जबाव देने की सलाह दें जो उन्हें अच्छी तरह से आता हो। बच्चें प्रश्न पत्र को पढ़ने में हड़बड़ी न करें। अगर आपको किसी प्रश्न का जबाव नहीं आता। उस पर उलझे रहने की बजाए अगले सवाल को हल करें। सारा पेपर हल करने पर इसे जमा करने से पहले एक बार जांच लें। समय सीमा के बारे में बच्चे को बताना भी बहुत जरूरी है।





# साड़ी के साथ स्टाइल की जा सकती हैं यह डिफरेंट स्टाइल बेल्ट

**अगर आप एक सिंपल तरीके से साड़ी को पहन रही हैं और उसमें भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके साथ बेल्ट को स्टाइल करें। साड़ी के साथ बेल्ट का चलन पिछले कुछ समय से काफी बढ़ गया है। जिसके कारण आप कई तरह की बेल्ट्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं।**

साड़ी हमेशा ही भारतीय महिलाओं के स्टाइल का एक अहम हिस्सा रही है। चाहे घर हो या ऑफिस, महिलाएं इसे हर जगह पहनना पसंद करती हैं। साड़ी आउटफिट के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से बेहद आसानी से स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह आपको हर बार एक न्यू लुक मिलता है। हालांकि, अगर आप एक सिंपल तरीके से साड़ी को पहन रही हैं और उसमें भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके साथ बेल्ट को स्टाइल करें। साड़ी के साथ बेल्ट का चलन पिछले कुछ समय से काफी बढ़ गया है। जिसके कारण आप कई तरह की बेल्ट्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। तो आज हम आपको कुछ ऐसी बेल्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो साड़ी के साथ बेहद अच्छी लगती हैं और आप भी उसे आसानी से कैरी कर सकती हैं।

## लेदर बेल्ट

अगर आप एक स्टाइल एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं तो ऐसे में आप लेदर बेल्ट को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं। आमतौर पर, लेदर बेल्ट को जींस या पैंट सूट के साथ पेयर किया जाता है। लेकिन अगर आप साड़ी में अपने स्टाइल को यूनिक बनाना चाहती हैं तो लेदर बेल्ट को स्टाइल करें। हालांकि, लेदर बेल्ट को साड़ी के साथ पहनते समय ध्यान दें कि आपकी साड़ी का कलर भी थोड़ा लाइट ही हो।

## वाइड बेल्ट

अगर आप अपनी बेल्ट को ही अपने ओवर ऑल लुक में सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप एक वाइड बेल्ट को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। साड़ी के साथ वाइड बेल्ट देखने में काफी अच्छी लगती हैं। इन वाइड बेल्ट में आप मैचिंग बेल्ट से लेकर एंब्रायडिड बेल्ट का ऑप्शन चुन सकती हैं।

## मैचिंग बेल्ट

यह एक ऐसा लुक है, जो अमूमन महिलाओं को इन दिनों काफी पसंद आ रहा है। इस लुक में आप अपनी साड़ी से मैचिंग बेल्ट को स्टाइल करें। आमतौर पर, इस लुक में आपकी साड़ी से मैचिंग ब्लाउज होता है और उसी मैचिंग फैब्रिक व कलर की बेल्ट को आप साथ में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह आपको बेल्ट में एक सटल लुक मिलता है, जो देखने में काफी अच्छा लगता है।

## एंब्रायडिड बेल्ट

अगर आप किसी पार्टी के लिए रेडी हो रही हैं तो ऐसे में आप एंब्रायडिड बेल्ट के ऑप्शन को चुन सकती हैं। यह बेल्ट आपके लुक को बेहद स्टनिंग बनाता है। इस बेल्ट की मदद से एक सिंपल साड़ी को भी डिजाइनर लुक दे सकती हैं। आप चाहें तो फ्रिल साड़ी के साथ भी एंब्रायडिड बेल्ट को स्टाइल कर सकती हैं।

## थिन सिल्वर बेल्ट

यह आपको एक बेहद ही एलीगेंट लुक देता है। इस लुक में आप प्लेन साड़ी के साथ भी थिन सिल्वर बेल्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप केजुअल्स से लेकर पार्टी तक में आसानी से कैरी कर सकती हैं। इस बेल्ट की खासियत यह है कि इसे किसी भी तरह की साड़ी के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है।

## ब्लैक बेल्ट

अगर आप एक ऐसी बेल्ट की तलाश में हैं जो हर तरह की साड़ी के साथ जचे तो ऐसे में आप ब्लैक बेल्ट को अपनी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। आप ब्लैक बेल्ट में भी डिफरेंट स्टाइल के ऑप्शन को चुन सकती हैं। खासतौर से, रेड कलर साड़ी के साथ ब्लैक बेल्ट बेहद ही स्टनिंग लुक देती है।

# हेल्थ प्लस

## खास तरीके बच्चों को हेल्दी रखने के



- बच्चों की दिनचर्या को एनर्जी से भरपूर रखने के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट की व्यवस्था बनाएं। यह ध्यान रखें कि बच्चो दोपहर के खाने से पहले भूखा न रहे। इसके लिए आप उसे उबले अंडे, ताजे फल या म्यूसली व दलिया दे सकती हैं।
- अपने बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रेरित करें विशेषकर सर्दियों में। कुछ ऐसे खेल खेलें जिसमें आप और आपका बच्चा दोनों एक्टिव रह सकें।
- आसानी से उपलब्ध होने वाले डिब्बाबंद खाद्य पदार्थो या रेडी टू ईट जैसी चीजों पर भरोसा न करें। खाना पकाने के सही तरीकों पर अमल करते हुए बच्चों का खाना बनाएं, पर बहुत तला या भुना खाना न दें। किसी वजह से खाना न बन सका हो तो बाजार के खाने के बजाय ताजे फल व वेजटेबल को प्राथमिकता दें।
- सोचें कि आपके बच्चों की वास्तविक आवश्यकताएं क्या हैं, उसे पौष्टिक खाना चाहिए, प्यार व दुलार चाहिए, देखरेख चाहिए या मीठी नींद। कुछ समय उसे आजाद छोडें, जिससे वह मनचाहा कर सके और अपनी गलतियों से स्वयं सीख ले सके।
- छोटी-मोटी कोई शारीरिक तकलीफ होने पर अपने बच्चों को आप होम्योपैथिक दवाएं दे सकती हैं। इन दवाओं के साइड इफेक्ट नहीं होते व बच्चा इन्हें मन से लेता भी है।

## जब नींद न आए




**दौड़भाग** भरी जिंदगी में लोगों को नींद नहीं आने की समस्या आम है। गलत दिनचर्या और खानपान के कारण नींद नहीं आती है। दिमाग की एक्टिविटीज से भी काफी हद तक नींद प्रभावित होती है। तनावग्रस्त व्यक्ति ही ज्यादातर नींद नहीं आने की समस्या से ग्रसित रहते हैं। इसके अलावा फोबिया, डिप्रेशन जैसी मानसिक बीमारियां अथवा मेडिकल समस्याओं के कारण भी व्यक्ति की नींद गायब हो जाती है। अत्यधिक थकान या जरूरत से ज्यादा आराम भी नींद नहीं आने का एक कारण है।

शरीर के आराम के लिए सोना उतना ही जरूरी है जितना कि खाना। इससे दिनभर की थकान उतर जाती है। इसके साथ ही भरपूर नींद न केवल अच्छी त्वचा के लिए जरूरी है, बल्कि इसका असर पूरे शरीर पर भी पड़ता है। दिनभर में त्वचा को जो भी नुकसान पहुंचता है, उसकी भरपाई रात की नींद से होती है। नींद नहीं होने से त्वचा सुबह फ्रेश नहीं लगती, आंखों के नीचे भी काले घेरे बन जाते हैं। इतना ही नहीं, व्यक्ति की कार्यक्षमता और दिमाग पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसलिए कुछ खास बातों का ध्यान रखें तो आप भी मीठी नींद पा सकते हैं।

- प्राणायाम करें, इससे आपको काफी फायदा मिलेगा।
- तनाव से बचें।
- डिनर के बाद वॉक पर जरूर जाएं।
- सोते समय अपनी मनपसंद किताब जरूर पढ़ें।
- मनपसंद संगीत सुनें।
- दोपहर में 1 से 4 बजे तक दिमाग को हलका रखें।

## गुणकारी सोयाबीन



**सोयाबीन** में प्रोटीन, स्टार्च, फाइबर, ऑलिगोसैकेराइड्स, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, कॉपर व पोटैशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं और यह जल में घुलनशील विटमिनों का भी अच्छा स्त्रोत है। सोयाबीन अपने आपमें पूर्ण प्रोटीन है, इसलिए शरीर के विकास में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। एंटीऑक्सीडेंट तत्वों के साथ आइसोफ्बेलोवॉनस भी होते हैं इसमें, जो विभिन्न बीमारियों से बचाते हैं। फाइबर व जटिल कार्बोहाइड्रेट प्रचुर मात्रा में होने के कारण व ग्लाइसीमिक इंडेक्स कम होने के कारण यह डायबिटीज नियंत्रण में भीफायदेमंद होता है। सोयाबीन में मौजूद स्टीरॉल छोटी आंतों से कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को कम करते हैं जिससे कोलेस्ट्रॉल सीरम कम होता है। इसका आइसोफ्लेवॉन कैंसर कोशिकाओं को बढने से रोकता है।



## खुद का भी ख्याल रखें

**महिलाएं** अपने बच्चों का तो बहुत ख्याल रखती हैं। लेकिन, अपनी देखभाल नहीं कर पातीं। उनके बिजी रूटीन के कारण उन्हें कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त जीवन में महिलाओं ने परिवार को तो संभाल लिया है। लेकिन, अपने आप को नहीं संभाल पा रहीं। इसलिए वे एनीमिया की शिकार हो रही हैं। इसमें खून में आयरन और विटामिन की कमी हो जाती है। डॉक्टरों का कहना है यदि समय पर इसका इलाज न किया गया तो बाद में लाइलाज बीमारी बन जाती है। न्यूट्रीशियंस के मुताबिक स्वस्थ रहने के लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना जरूरी है। इसलिए महिलाओं को कुछ छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना चाहिए।

- रोजाना दूध पीना चाहिए। ताकि, हड्डियां मजबूत रहें।
- प्रतिदिन योगा और मॉर्निंग वॉक के साथ इवनिंग वॉक पर जाना चाहिए।
- महिलाओं को कैल्शियम की जरूरत होती है। इसलिए उन्हें खाने में दही का इस्तेमाल करना चाहिए।
- वेजिटेरियन्स लोगों को खाने में पौष्टिक आहारयुक्तदालें लेना चाहिए।
- मॉर्निंग वॉक के साथ सोयाबीन को आटे के साथ मिक्स कर खाना चाहिए।
- फास्ट फूड को इग्नोर कर रोजाना एक गिलास जूस लें।
- हरी सब्जियों में पालक और लौकी का उपयोग ज्यादा करना फायदेमंद है।
- रोजाना सुबह तांबे के लोटे का पानी पीना चाहिए। इससे बीमारियां नहीं होतीं।
- शरीर की सभी रिक्वायरमेंट्स पर ध्यान देकर उन्हें पूरा करना चाहिए।
- कमजोरी को दूर करने के लिए और प्रॉपर एनर्जी के लिए ग्लूकोज के साथ इलेक्ट्रॉल पावडर यूज करना चाहिए।
- समय पर ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर लेना जरूरी है। इससे डाइजेशन की समस्या नहीं होती।

## नजरअंदाज न करें उच्च रक्तचाप को

**आंकडे** बताते हैं कि पूरी दुनिया में एक अरब लोग इस रोग की गिरफ्त में हैं। बडे ही नहीं, बच्चे भी इस रोग से बचे नहीं हैं। यदि समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड सकते हैं। यह ह्रदय, मस्तिष्क, गुर्दे व आंखों को प्रभावित कर सकता है।

**उच्च रक्तचाप क्या है**

हमारे दिल का आकार एक बंद मुट्ठी की तरह है, जहां से धमनियों द्वारा सारे शरीर में रक्त को प्रवाहित किया जाता है। यह कार्य ह्रदय की संकुचन और प्रसारण क्रिया द्वारा संपन्न होता है।



सामान्य अवस्था में रक्त-धमनियों में प्रवाहित रक्त में निश्चित दबाव बना रहना जीवन के लिए आवश्यक होता है। अधिक तला-भुना चिकनाईयुक्त भोजन खाने और शारीरिक श्रम कम करने से रक्त धमनियों की आंतरिक दीवारों पर कोलेस्ट्रॉल का जमाव होने लगता है, जिससे धमनियों का लचीलापन नष्ट होकर कठोर व संकीर्ण हो जाता है। अत: रक्त-प्रवाह में रुकावट होने से ह्रदय व धमनियों की आंतरिक दीवारों पर अधिक दबाव पडता है व रक्तचाप बढ जाता है। इसे ही उच्च रक्तचाप कहते हैं। सामान्य अवस्था में रक्तचाप 120/80 होता है। बढी हुई अवस्था में 140/90 या इससे अधिक।

**उच्च रक्तचाप के कारण**

उच्च रक्तचाप को एक तरह से साइलेंट किलर भी कहते हैं क्योंकि इसका कोई प्रमुख लक्षण न होने के कारण इसका पता तब तक नहीं चलता, जब तक कि रोगी अपना ब्लडप्रेशर चेक न करवाए। साधारणतया चार में से एक व्यक्ति अपने रक्तचाप से अनजान रहता है। आइए जानें इसके होने के प्रमुख कारण :

- चिंता, मानसिक तनाव का अधिक समय तक बने रहना।
- बार-बार और जरूरत से अधिक खाना और शारीरिक श्रम न करना।
- मैदे से बने खाद्य पदार्थ, चीनी, मसाले, तेल, घी का अधिक सेवन या अचार, चिप्स, जिनमें नमक की मात्रा अधिक हो, का सेवन। अत्यधिक सिगरेट व शराब पीना और श्रमहीन जीवन शैली व व्यायाम न करना भी इसका कारण बनता है।
- कभी-कभी वंशानुगत कारणों से भी ब्लडप्रेशर की शिकायत हो जाती है।

**लक्षण :** आम तौर पर तो उच्च रक्तचाप का कोई लक्षण नहीं होता, अत: व्यक्ति को लंबे समय तक इसका पता नहीं चलता। कुछ बीमार होने पर या वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण के समय जांच होने पर इस रोग का पता चलता है। कुछ लोगों में इसके लक्षण प्रकट होने लगते हैं। रोग ग्रसित व्यक्ति को नींद कम आना, चक्कर आना, सांस फूलना, ह्रदय की धडकन बढ जाना, हाथ-पैरों में कंपन महसूस होना, नाक से खून गिरना, स्वभाव में चिडचिडापन होना आदि सामान्य लक्षण दिखने लगते हैं।

**डाइट :** जैसे ही आपको उच्च रक्तचाप के बारे में पता लगे उसके निदान की ओर पूर्ण ध्यान देना बहुत जरूरी है। डाइटीशियन ईशी खोसला इस संबंध में कुछ बातों पर ध्यान देने की सलाह देती हैं।

- अपने वजन को नियंत्रित रखें, नियमित व्यायाम, सैर आदि करें।
- नमक का सेवन नियंत्रित करें। सैलेड व फलों पर ऊपर से नमक छिडककर न खाएं।
- पूरे दिन में फैट का सेवन 3-4 टी स्पून से अधिक न हो।
- कोल्ड प्रेस्ड ऑयल का प्रयोग करें, जैसे सरसों का, तिल का, ऑलिव या मिक्स्ड ऑयल।
- लो फैट डेरी उत्पादों का प्रयोग करें इनमें दही, सोया मिल्क, स्किम्ड मिल्क आदि शामिल है।
- शराब या एल्कोहॉल पर नियंत्रण रखें। प्रतिदिन 60 एमएल से अधिक एल्कोहॉल न लें। ह्र्कैफीन यानी चाय-कॉफी को भी नियमित मात्रा में लें।
- मौसमी फल व सब्जियों, जडी-बूटियों, हर्बल चाय, हरी शाक सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- सोया, नट्स, फैटी फिश, मस्टर्ड सीड, फ्लैक्स सीड, मेथी आदि का प्रयोग किसी न किसी रूप में अवश्य करें। उच्च रक्तचाप से बचने के लिए निम्नलिखित पौष्टिक तत्वों का सेवन अवश्य करें। इसके लिए अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है। ये तत्व रोज के भोजन में से ही प्राप्त हो सकते हैं बस इन के प्रति जागरूकता होनी चाहिए।

**पोटैशियम :** फल-सब्जियों जैसे- आलू, पालक, टमाटर, केले, संतरे और मेवे का सेवन करें।

**कैल्शियम :** लो फैट दूध, दही, हरी सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, पुदीना, चौलाई, अखरोट, सेम की फली इत्यादि खाएं।

**फाइबर :** साबुत अनाज, अंकुरित दालें, मटर सोयाबीन, गेहूं चोकर इत्यादि का सेवन करें।

**डब्ल्यू 3 फैट :** प्यूफायुक्त तेलों का सेवन लाभकारी होता है इसमें मछली, सरसों का तेल, गेहूं, राजमा, लोबिया, मेथी दाना व सोयाबीन से मिलता है।

**मैग्नीशियम :** यह हमारे रक्त संचार को दुरुस्त रखता है इसमें साबुत अनाज दालों, पालक, गेहूं की ब्रैड आदि शामिल हैं। अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए स्वयं का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। दवा के स्थान पर उचित खानपान नियमित जीवन शैली उच्च रक्तचाप के उपचार में लाभप्रद है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 1967




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता।

उदाहरण:



काकुरो - 1966 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बार एक सेठ बीमार पड़ गया. उसकी हालत मरने की-सी हो गई. पूरा परिवार उसके चारों ओर एकत्र था. सेठ ने अपनी पत्नी को बुलाकर पूछा-'बड़ा लड़का कहां है?'

'यहीं है!'

'मंझला?'

'यहीं है.'

'और छोटा?'

'यहीं है.'

'तो फिर क्या दुकान बन्द पड़ी है?' सेठ ने चारपाई से उठते हुए पूछा.

एक जहाज का कप्तान डेक से फिसल कर समुद्र में गिर गया. एक नाविक ने अपनी जान हथेली पर रखकर उसे बचा लिया.

'मैं तुम्हें क्या इनाम दूं!' कप्तान ने पूछा.

'श्रीमान!' नाविक हाथ जोड़ते हुए बोला-'सबसे अच्छा इनाम तो यह होगा कि आप इस घटना का जिक्र किसी से न करें. वरना बाकी नाविक मुझे उठाकर समुद्र में फेंक देंगे.'


जज, कैदी से- 'तुम्हें कल फांसी दी जाएगी, तुम्हारी कोई आखिरी इच्छा है?'

कैदी- 'जी हाँ.'

जज- 'क्या?'

कैदी- 'जी मेरी जगह आप फांसी पर लटक जाइये!'

## फिल्म वर्ग पहेली- 1967



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगूं ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३


**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1866



## सूडोकू -1967




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू -1966 का हल



## शब्द पहेली - 1967




**बाएँ से दाएँ**

1. मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश,खानदान-2
6. आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी,इच्छा,चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास,नौकर,सेवक-5
14. अग्नि,आग-3
16. चयनित,स्वीकृत-4
17. जाति,संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत,व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश,अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान,माइन-2
32. आश्रय,पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में,अधर में-2,2
3. आफत,आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति,चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम ,आसक्ति-3
13. नीर,जल-2
15. भाग्य,तकदीर-3
17. जंबुल,जांब-3
18. टेंशन,परेशानी-3
20. काया,बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी,रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा,चोंचला-3
27. पूड़ी,गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

शब्द पहेली - 1966 का हल



## पोर्ट ब्लेयर में देशभक्ति की भावना की गूंज, केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे ने किया 'जय हिंद' पदयात्रा का नेतृत्व

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस समारोह के तहत अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) में 'जय हिंद' पदयात्रा में भाग लिया। इस कार्यक्रम में नेताजी की अदम्य भावना को श्रद्धांजलि दी गई और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अमूल्य योगदान का जश्न मनाया गया।फ्लैग प्वाइंट से नेताजी स्टेडियम तक लगभग 5 किलोमीटर के सुंदर मार्ग को कवर करने वाली इस पदयात्रा में लगभग 1500 मॉय भारत युवा स्वयंसेवकों और युवा नेताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और स्वतंत्र एवं प्रगतिशील भारत के लिए नेताजी के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया।इस कार्यक्रम में युवा मन को प्रेरित करने के उद्देश्य से चित्रकला, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न युवा प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समूह गान और पारंपरिक नृत्य जैसे सांस्कृतिक प्रदर्शनों ने नेताजी के आदर्शों पर प्रकाश डाला और उनका जश्न मनाया।

## सिविल सोसाइटी ने उठाया दिल्ली की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रश्न, कहा- राज्य सरकार की जवाबदेही तय हो

**नई दिल्ली।** सिविल सोसाइटी ने पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा उठाया और राज्य सरकार की जवाबदेही तय करने की मांग की। साथ ही मतदाताओं को शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। स्वतंत्र जन आवाज एनजीओ ने दिल्ली की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक महत्वपूर्ण प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी ए.के. मल्होत्रा, सेवानिवृत्त जस्टिस एस. एन. ढींगरा, और सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टर अश्विनी राय ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त जस्टिस एस. एन. ढींगरा ने कहा कि मोहल्ला क्लिनिक की वास्तविकता क्या है, यह जानना हमारे लिए अहम है। दिल्ली जहाँ की आबादी 2.5 करोड़ है, और जहाँ 1.5 करोड़ की आबादी इन्सुरेंस नहीं करा सकती। ऐसे मे कोई बीमार हो जाए तो पूरा घर चिंता मे लग जाता है। 40 रुपये पर पेशेंट के हिसाब से कौन सा डॉक्टर बैठेगा। यह सोचने वाली बात है। डॉ. अश्विनी राय ने कहा कि दिल्ली मे स्वास्थ्य सुविधायें 2007 से भी कम है, इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर है।

## हरियाणा में दो बॉलीवुड एक्टर्स समेत 13 लोगों पर ठगी का केस दर्ज

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत जिले में दो बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ समेत 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।यह मामला मध्यप्रदेश के इंदौर में पंजीकृत ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी से जुड़ा बताया जा रहा है। इसमें 50 लाख निवेशकों से करोड़ों की ठगी की गई है।बताया जा रहा है कि यह सोसाइटी ने मोटे रिटर्न का झांसा देकर फिक्स्ड डिपॉजिट और मल्टी-लेवल मार्केटिंग के माध्यम से निवेशकों का पैसा जमा कराती थी। विपुल कुमार ने बताया कि उक्त सोसाइटी ने 2016 में अपना संचालन शुरू किया। शुरुआत में निवेशकों को समय पर रिटर्न दिया गया, जिससे लोगों में सोसाइटी के प्रति विश्वास बढ़ता गया। सोसाइटी ने बड़े होटलों में सेमिनार और ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कर एजेंट्स बनाए, जिन्हें नए निवेशक जोड़ने पर भारी इंसेंटिव का लालच दिया जाता था। विपुल ने बताया कि सोसाइटी ने 2023 तक सही तरीके से काम किया। हरियाणा में इसके 250 से अधिक सुविधा केंद्र थे, जिनके जरिए निवेशकों से संपर्क कर मोटा निवेशक लिया गया था। इसके बाद निवेशकों के भुगतान में देरी शुरू हो गई। धीरे-धीरे ऐसे मामले बढ़ते गए।

## श्रीराम और श्रीकृष्ण के अस्तित्व को नकारने वालों को दिल्ली की जनता सिखाए सबक: डॉ. मोहन यादव

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली के हरिनगर, मादीपुर और रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झूठ बोलकर 10 साल तक दिल्ली की सत्ता चलाने वाली आप पार्टी हो या कांग्रेस, दोनों ने भगवान राम और भगवान श्रीकृष्ण के अस्तित्व को नकारने का कार्य किया है। दुनियाभर में भारत की पहचान भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के देश के रूप में होती है, लेकिन आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों पार्टियों व उनके नेताओं ने हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने के साथ हमारे आराध्य भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारते रहे हैं। दिल्ली की जनता अपने आराध्य भगवान को नकारने वाली कांग्रेस और आप पार्टी को विधानसभा चुनाव में सबक सिखाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आप पार्टी के मुखिया जैसा झूठा व्यक्ति भारतीय राजनीति में नहीं मिलेगा।

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स आने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लेह (लद्दाख) के एनडीएस स्टेडियम में शुरू हुए खेलो इंडिया शीतकालीन खेल-2025 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट आने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा।प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, '5वें खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। मुझे यकीन है कि यह टूर्नामेंट आने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा। उम्मीद है कि ये खेल खेल भावना का उत्सव भी बनेंगे। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन का पहला चरण केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की




मेजबानी में हो रहा है और यह 27 जनवरी तक चलेगा। लद्दाख में आयोजित खेलों में कुल 594 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें से 428 एथलीट हैं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर 22 से 25 फरवरी तक बर्फ के खेलों की मेजबानी करेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेल-2025 को दिए अपने संदेश में पूरे भारत में खेल गतिविधियों को फैलाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर ने न केवल हमारे देश में खेल संस्कृति को ऊंचा किया है, बल्कि देश की सुंदरता और विविधता को प्रदर्शित करते हुए पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में खेल विकास को प्राथमिकता देती है। जम्मू-कश्मीर में 100 खेलो इंडिया केंद्रों और लद्दाख में तीन केंद्रों के माध्यम से, जिसमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी और मुक्केबाजी के लिए लेह में एक राज्य उत्कृष्टता केंद्र भी शामिल है, हमारे प्रयास इस क्षेत्र को खेल उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में आकार दे रहे हैं। खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 हमारी खेल उत्कृष्टता को अगले स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## यूपी के छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक अवधशिल्प ग्राम में होगा। इसके साथ ही महाकुम्भ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जनपदों में भी विविध आयोजन होंगे। लखनऊ में होने वाले मुख्य महोत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। स्थापना दिवस की थीम विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश है। इस बार छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा। लोकभवन सभागार में मीडिया से मुखातिब संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश रखी गई है। सभी विभागों द्वारा उसी थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि होंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन होगा। विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन प्रसंग आदि से दर्शक अवगत हो सकेंगे।

इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभ भाई पटेल, हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान आदि पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## मध्य प्रदेश में पहली बार हार्ट ट्रांसप्लांट ऐतिहासिक उपलब्धि : मुख्यमंत्री डॉ यादव

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक साथ तीन ग्रीन कॉरिडोर बने। जबलपुर में ब्रेन डेड घोषित व्यक्ति 61 वर्षीय बलिराम कुशवाहा का हार्ट भोपाल और लिवर इंदौर भेजे गया। इस दौरान जबलपुर, भोपाल और इंदौर में ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। भोपाल में हार्ट का सफल ट्रांसप्लांट किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश ने चिकित्सा सेवाओं में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में पहली बार सफलतापूर्वक हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिये चिकित्सकीय टीम को बधाई दी है।

वहीं, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग और नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर और एम्स भोपाल के चिकित्सीय स्टॉफ की सजगता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग जनसेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने प्रक्रिया में शामिल डॉक्टरों, सहयोगी स्टॉफ और पुलिस प्रशासन को बधाई दी है, जिनकी मेहनत और तत्परता से सेवाओं को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रशासन की सजगता और तालमेल ने ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अंगों को समय पर पहुंचाने



यह संभव हो पाया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मरीज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इस प्रक्रिया में ग्रीन कॉरिडोर और पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का उत्कृष्ट उपयोग किया गया। इस जनहितैषी सेवा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य का कार्य संभव हो सका। जबलपुर, भोपाल और इंदौर में तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए, जो प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सागर जिले के ग्राम मानक्याई निवासी 61 वर्षीय बलिराम कुशवाहा के परिवारजनों द्वारा अंगदान की पहल को महान और प्रेरणादायक बताया।

## महाकुम्भ में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या ने नया इतिहास बनाते हुए 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। दोपहर 12 बजे का डेटा जारी होते ही स्नानार्थियों की संख्या 10 करोड़ का फिगर पार कर गई। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। स्नान पर्व पर यह संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ लोगों से ज्यादा लोग आने वाले हैं। महाकुम्भ की शुरुआत में ही 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार कर जाना सरकार के सटीक अनुमान की ओर संकेत दे रहा है। प्रयागराज में श्रद्धालुओं / स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के



साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ही दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है। ऊंच नीच, जात पात, पंथ से ऊपर उठकर लोग संगम स्नान कर एकता के महाकुम्भ के संकल्प को साकार कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में पिछले 13 महीनों में नक्सलियों से दस बड़ी मुठभेड़ हुई, शीर्ष कैडर्स सहित 240 नक्सली मारे गए

एजेंसी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में 1 जनवरी 2024 से 20 जनवरी 2025 तक 13 महीनों में अब तक सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 240 नक्सली मारे गए हैं। इनमें 25 लाख से एक करोड़ तक के इनामी नक्सली और उनके शीर्ष कैडर्स शामिल हैं जबकि आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और महाराष्ट्र में मारे गएनक्सलियों की संख्या इनके अतिरिक्त है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग के सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिले- आबूझमाड़ सर्वाधिक नक्सल प्रभावित हैं जहां पर सुरक्षाबलों ने बड़े अभियान चलाए हैं। पिछले 13 महीनों में छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की नक्सलियों की दस बड़ी मुठभेड़ हुईं। इनमें अब तक सीसीएम, एससीएम, डीकेएसजेडसी कैडर के नक्सली मारे जा चुके हैं। इन पर 25 लाख से लेकर 1 करोड़ तक का इनाम घोषित था। हाल ही में मारे गये कुख्यात



नक्सली नेता एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती सहित रामचन्द्र उर्फ कार्तिक उर्फ दसरू उर्फ जीवन पद (एस.सी.एम.) ओडिशा स्टेट कमेटी सदस्य, सचिव पश्चिम ब्यूरो मारा गया है। बीजापुर जिले के जंगल में तेलंगाना सीमा पर 16 जनवरी को हुई मुठभेड़ में 50 लाख रुपये के इनामी नक्सली दामोदर को भी मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया है। इसी तरह रणधीर, नीति उर्फ निर्मला, जोगन्ना, दसरू, रूपेश, शंकर राव जैसे डीकेएसजेडसी (दंडरारण्य स्पेशल जोनल कमेटी), टीएससी कैडर के नक्सली मारे गए हैं। ये सभी 25-25 लाख रुपये के इनामी नक्सली थे। बीते 4 अक्टूबर 2024 को थुलथुली में हुई सबसे बड़ी मुठभेड़ में एक साथ 38 नक्सली मारे गये थे। 13 महीने में ये हुईं 10 बड़ी मुठभेड़--वर्ष 20-21 जनवरी 2025, गरियाबंद में 16 नक्सली मारे गये। -16 जनवरी 2025, बीजापुर जिले पुजारी कांकेर मुठभेड़, 18 नक्सली ढेर। -22 नवंबर 2024, सुकमा जिले में 10 नक्सली ढेर। -04 अक्टूबर 2024, थुलथुली मुठभेड़, 38 नक्सली ढेर।-3 सितंबर 2024, दंतेवाड़ा में 9 नक्सली ढेर। -15 जून 2024, अबूझमाड़ में 8 नक्सली ढेर। -23 मई 2024,अबूझमाड़ के रेकावाया में 8 नक्सली ढेर। -10 मई 2024,बीजापुर के पामेड़ इलाके में 12 नक्सली ढेर। -29 अप्रैल 2024,नारायणपुर में 10 नक्सली ढेर।-16 अप्रैल 2024, कांकेर में 29 नक्सली ढेर। -02 अप्रैल 2024, बीजापुर के कोरचोली में 13 नक्सली मारे गये हैं।

## भूपेन्द्र यादव ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की।बैठक में प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (कैंपा) के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया।


बैठक के बाद 'ग्लिम्प्सेस: सक्सेस स्टोरीज ऑफ कैम्पा 2022-24' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसमें कैम्पा द्वारा 2022 और 2024 के बीच किए गए कार्यों को दर्शाया गया है।

भूपेन्द्र यादव ने ट्वीट करके कहा कि इस बैठक में दौरान समिति के सदस्यों ने वन क्षेत्र को बढ़ाने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए कैम्पा के तहत किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कैम्पा के कार्यान्वयन में और सुधार के लिए बहुमूल्य सुझाव भी दिए। बैठक के बाद कैम्पा द्वारा वर्ष 2022 और 2024 के बीच किए गए कार्यों को प्रदर्शित करने वाली 'ग्लिम्प्सेस~ कैम्पा 2022-24 की सफलता की कहानियां नामक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। समिति ने वन आनुवंशिकी और वृक्ष प्रजनन संस्थान (आईएफजीटीबी), कोयंबटूर में अनुसंधान गतिविधियों का निरीक्षण किया। संस्थान के निदेशक ने समिति के समक्ष चल रही अनुसंधान गतिविधियों पर एक प्रस्तुति दी। इस मौके पर भूपेन्द्र यादव ने एकद्धपेड़द्धमाँद्धकेद्धनाम अभियान के तहत पौधे लगाए।

# भाजपा ने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति को बढ़ाया: अमित शाह

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार 10 साल से सत्ता में है और 10 साल में इस सरकार ने वो काम पूरा किए हैं जो हमारी विचारधारा और दर्शन के कारण कई सालों से अटके थे। सरकार ने साढ़े तीन साल के दौरान पूरे भारत के धर्मस्थलों से चुराई गई तमाम मूर्तियों को विदेश से वापस लाने का काम किया है। भाजपा ने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया है।उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ स्थानों पर हिंदू हूं बोलना मुश्किल था, लेकिन आज हर कोई गर्व से बोलता है कि मै हिंदू हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को यहां स्थानीय जीएमडीसी मैदान पर आयोजित हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले का उद्घाटन के बाद संबोधित कर रहे थे।शाह इस समय तीन दिन



के गुजरात दौरे पर हैं। हिंदू मेले में 250 से अधिक सेवा संगठनों के स्टॉल लगे हैं। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री शाह ने नेताजी सुभाष चंद्रबोस को उनकी जयंती पर नमन करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के प्रयास से पिछले 350 वर्ष से अधिक समय से भारतीय धार्मिक स्थलों से चुराई गई तमाम मूर्तियों को विदेश से वापस लाने काम किया है। भाजपा ने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया है। उन्होंने सभी से प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करने के लिए गुजरातवासियों और सभी युवाओं और किशोरों से जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 144 साल बाद फिर से महाकुंभ लगा है। महाकुंभ स्नान कई लोगों के भाग्य में नहीं होता है। अगर महाकुंभ आपके भाग्य में है तो आपको जरूर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में जाने वाला कोई पांच सितारा होटल में नहीं रुकता, वे ठंड में टेंट में रहते हैं। कुंभ में कोई भी नाम, धर्म या जाति नहीं पूछता। स्नान के दिन लोग अपना चेहरा दिखाए बिना गंगा में डुबकी लगाते हैं। मैं नौ कुंभ में जा चुका हूं और अब 27 तारीख को महाकुंभ में जा रहा हूं। यह अब तक का मेरा 10वां कुंभ होगा।

केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि इस आध्यात्मिक मेले के आयोजकों ने एक मंत्र पर दो सौ से अधिक सेवा संगठनों को लाने का काम किया है। इसके गुणवंतभाई और घनश्यामभाई की पूरी टीम को हृदय से बधाई देता हूं। उनके इस प्रयास से पूरे हिंदू समाज की ताकत को समाज के सामने रखा है। इस हिन्दू मेले में रानी अहिल्याबाई की भी एक प्रदर्शनी लगी है। रानी अहिल्याबाईने 20 धार्मिक स्थलों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया।

भारत त्याग और समर्पण की पवित्र भूमिः भैयाजी जोशीइस कार्यक्रम में आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि भारत त्याग और समर्पण की पवित्र भूमि है। संतों के मार्गदर्शन से बहुत कुछ हो रहा है। हिंदू धर्म एक धर्म और विचारधारा है, एक जीवन शैली और मूल्य है और एक सेवा है।

## फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के बाद राजनीति गरमाई

एजेंसी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद रामनीति गरमा गई है। शिवसेना शिंदे समूह के नेता संजय निरुपम और भाजपा के नेता मंत्री नीतेश नारायण राणे ने हमले पर संदेह जताया है, जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने सैफ पर हुए हमले पर संदेह जताने वालों को कड़ी लताड़ लगाई है। बावनकुले ने कहा कि इस तरह के हमलों पर आशंका व्यक्त करना इंसानियत के हिसाब से उचित नहीं है।

सैफ अली खान पर 16 जनवरी की रात को उनके आवास पर चाकू से हमला किया गया था। शिंदे समूह की शिवसेना के नेता संजय निरुपम ने सबसे पहले सैफ अली खान पर हमले को लेकर संदेह जताया था। निरुपम ने इस बात पर संदेह व्यक्त किया था कि दो बार चाकू घोंपे जाने के बाद सैफ अली खान कैसे ठीक हो गए और इतनी जल्दी चलने लगे। इसके बाद मंत्री



नितेश राणे ने भी कहा, आज सैफ अली खान को देखने के बाद मुझे शक हुआ। वह बाहर आए और इस तरह से चले कि मुझे शक हुआ कि क्या उन्हें वाकई चाकू मारा गया था या वह सिर्फ नाटक कर रहे थे। इस तरह के बयान पर शिंदे समूह की शिवसेना की नेता शाइना एनसी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, कुछ राजनेता और मीडिया पुलिस बल पर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि सैफ अली खान शेर की तरह चलते हैं। शाइना एनसी ने कहा, मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ मीडिया संस्थान और कुछ राजनेता पुलिस की ईमानदारी पर सवाल क्यों उठा रहे हैं। हमें इस हाई प्रोफाइल मामले में व्यक्ति की सुरक्षा के बारे में बात करने की जरूरत है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि नेताओं को अगर कुछ लगता है तो उन्हें इस तरह की बयानबाजी के बजाय पुलिस से बात करनी चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इस तरह की नकारात्मक बयानबाजी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह इंसानियत के खिलाफ है।

## सूरत अब सिर्फ औद्योगिक नहीं, स्वास्थ्य क्षेत्र में भी प्रगति के पथ पर : अमित शाह

एजेंसी

**सूरत।** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सूरत के वेसू स्थित महावीर आरोग्य और राहत सोसायटी की ओर से 250 करो? रुपये की लागत से नवनिर्मित बाबूलाल शाह कैंसर हॉस्पिटल और फुलचंद वखारिया सेनेटोरियम का लोकार्पण किया। महावीर कैंसर हॉस्पिटल 13 मंजिला और 2.75 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में बना है, जिसमें 110 बेड और 36 कमरों के साथ सेनेटोरियम, एमआरआई, पेटसिटी स्कैन, इम्युनोथेरापी समेत कई तरह की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक छत के नीचे कैंसर के इलाज के लिए कई उपकरणों से सुसज्जित हॉस्पिटल बनाया है। यहां गरीब और मध्यम वर्ग के लोग सरकार की आयुष्मान योजना के तहत कैंसर का मुफ्त इलाज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सूरत पश्चिमी भारत की औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। जिसके परिणामस्वरूप जनसंख्या में भी वृद्धि हुई है लेकिन सूरत हाल के वर्षों में स्वच्छता के मामले में भारत में अग्रणी रहा है। अब सूरत स्वास्थ्य क्षेत्र में भी प्रगति की राह पर है। शाह ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब-मध्यम वर्गीय परिवारों को भरपूर स्वास्थ्य सहायता मिल रही है। इसके जरिये बुजुर्गों और गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो गई हैं। 12 करोड़ परिवारों के 60 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कवर प्रदान किया गया है। पिछले आठ वर्षों में 317 करोड़ मरीजों को पीएमजेएवाई योजना से लाभ हुआ है।

## सुभाष होते तो अखंड भारत का दायरा बढ़ता, पुराने नक्शे वाला भारत मिलता : इंद्रेश कुमार

एजेंसी

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारों पर देश चला होता तो कभी बांग्लादेश नहीं बनता। किसी भी कीमत पर देश का विभाजन नहीं होता। सुभाष चंद्र बोस ने अखंड भारत को एक सूत्र में बांधने के लिये कभी तुष्टिकरण का सहारा नहीं लिया। उन्होंने देश को सर्वोपरि रखा। वह गुरूवार को महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिन पर आयोजित पॉच दिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर सम्बोधित कर रहे थे।लमही स्थित सुभाष भवन के सभागार में इंद्रेश कुमार ने कहा कि नेताजी के इतिहास को छुपाने के बजाय उजागर किया गया



होता और उनके बताए रास्ते पर चला जाता तो आज न देश बंटता, न नफरत फैलती। अगर विभाजन होता भी तो कुछ समय बाद फिर से भारत एक हो जाता। अपने पूर्वजों पर जाएंगे तो पूर्वज सांझे मिलेंगे। विदेशी आक्रांताओं ने जुल्म किया, मन्दिर तोड़े तो आज हम क्यों लड़ रहे हैं। अब मुसलमानों में यह बात निकली है कि जहां मस्जिद में टूटी मूर्तियां मिलेंगी वह हिन्दुओं को वापस दे देंगे। इबादत बदली है, लेकिन न पुरखे बदले, न पहचान बदली। उन्होंने कहा कि देश के अंदर आज वक्फ बोर्ड की जद्दोजहद चल रही है। मुसलमान खुद ही कह रहा है कि यह बोर्ड नहीं यह भू-माफिया हैं। मुस्लिम विद्वानों ने खुद कहा कि वक्फ बोर्ड की कोई जरूरत नहीं है। सब अपने ट्रस्ट बनायें और अपने प्रॉपर्टी की देखभाल करें। सुभाष चंद्र बोस की तरह जिस दिन दहा?गे, उस दिन बांग्लादेश को अल्पसंख्यक पर जुल्म करने में रूह कांप जाएंगी।

अध्यक्षता करते हुए प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामाशीष सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का योगदान केवल आजादी के लिये ही नहीं हैं, बल्कि देश में सांस्कृतिक स्थापना के लिये भी रहा। समाज कठोर कानून से नहीं, बल्कि धर्म स्थापना से चलता है। पुलिस महानिदेशक (होमगार्ड) विजय कुमार मौर्य ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अपने साहस, शौर्य और पराक्रम से अंग्रेजी साम्राज्य की चूलें हिलाकर रख दीं थीं।

# सर्दियों में कैसे बचाएं अपने दिल को

बदलते लाइफ स्टाइल के इस दौर में हार्टअटैक के मामले ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। पहले लोगों का ऐसा मानना था कि 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग ही इसकी चपेट में आते हैं, परन्तु अब ऐसा नहीं रह गया है। 30 से 40 साल के लोगों में भी इसका खतरा होता है। वैसे तो हार्ट अटैक कभी भी हो सकता है परन्तु जाड़े में ऐसे मरीजों का औसत दर ज्यादा बढ़ जाता है। इसका मुख्य कारण जाड़े में खून की नलियों का सिकुड़ना है। राजेंद्र आयुर्विज्ञान एवं प्रशिक्षण संस्थान , रांची के डॉक्टर संजय सिंह का कहना है कि जाड़े में खून की नलियां ज्यादा सिकुड़ती हैं। जब खून की नलियां सिकुड़ने लगेंगी तब रक्त का प्रवाह धीरे-धीरे कम होने लगेगा, जिससे हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है।

**बचाव के उपाय** - डॉक्टर संजय के अनुसार जब ठंड ज्यादा बढ़ जाए तो उससे बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। सुबह टहलने वाले लोग मौसम के अनुकूल अपने समय में बदलाव करें। ज्यादा सुबह न निकलें। ज्यादा दूरी तक न टहलें। जो लोग ब्लडप्रेशर, हार्ट, शुगर आदि के मरीज हैं वे डॉक्टर से जरूर सलाह लें।

**खाने में क्या लें** - मौसमी फल, सलाद एवं आंवले जरूर लें। सलाद में भी प्याज एवं टमाटर ज्यादा से ज्यादा लें।

**लक्षण** - जब अपने शरीर में अप्रत्याशित बदलाव महसूस करें। जैसे ज्यादा पसीना आना, घबराहट, चक्कर आना एवं सीने में दर्द महसूस होना। पेट खराब एवं उल्टी होना ठंड लगने के लक्षण हैं। जैसे ही इसका अहसास हो, डॉक्टर के पास तुरंत जाएं।



# सर्दी-जुकाम-खासी को ऐसे दें शिकस्त

सर्दियों का मौसम आम तौर पर स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है, किंतु यदि आप कफ विकार से ग्रस्त है तो इससे आप सर्दियों के पूरे मौसम में जुकाम-खासी व सांस रोग से परेशान हो सकते हैं। प्रस्तुत हैं, इन तकलीफों से निजात पाने के उपाय

- ठडा पानी या ठडे पेय लेने के बजाय गुनगुना पानी पिएं। अदरक डालकर सब्जियों का सूप पिएं।
- तेज भूख लगने पर ही भोजन करे, क्योंकि कम भूख या भूख के बगैर भोजन लेने से हाजमा सही नहीं होगा और कफ बनेगा।
- गेहू के आटे में चौथाई या आधी मात्रा में चने का आटा मिलाकर रोटी बनाएं। यदि चावल खाना है, तो उसमें काली मिर्च, तेज पत्ता आदि गर्म मसाला मिलाएं।
- भोजन खूब चबाकर करें और भूख से थोड़ा कम खाएं।
- कब्ज न रहने दें। इसके लिए प्रातः गर्म पानी पीकर व्यायाम करने के बाद शौच जाएं।
- दिन में तीन से चार बार सरसों का या बादाम का तेल 4-5 बूंद नाक में डालकर कफ निकालें।
- नासिका क्षेत्र में मैग्नेट का साउथ पोल 5 मिनट तक घुमाने से साइनोसाइटिस में लाभ मिलता है।
- पीठ की ओर से गर्म पानी की थैली से सुबह शाम सेंक करने से फेफड़ों की सर्दी बहुत जल्दी दूर हो जाती है।

### सावधानिया

- रात को बायीं करवट सोएं।
- कानों में ठडी हवा का झोंका न लगे, इसके लिये कान में रुई लगाए रखें।
- अगर आप जलनेति करते हैं, तो उसके बाद विरेचन प्राणायाम करे।
- खुले पैर घास में न टहले।
- ठंडे खाद्य व पेय पदार्थ ग्रहण न करें।



# वेडिंग डाइट प्लान

फिट रहना हर किसी के लिए जरूरी है, लेकिन होने वाली दुल्हन के लिए अपनी सेहत और फिटनेस पर ध्यान देना अनिवार्य है। दौड़भाग, शादी की तैयारिया और तनाव के चलते डाइट पर कंट्रोल करना मुश्किल होता है। फोर्टिस हॉस्पिटल की चीफ डाइटीशियन किरण दलाल और क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट निधि सरीन बता रही हैं भावी दुल्हन अपनी डाइट का प्लान कैसे करे कि वजन नियंत्रित रहे....

आमतौर पर लड़कियों का वजन शादी से पहले तीन कारण से बढ़ता है- भागदौड़, तनाव और लगातार पार्टी। इसी तरह शादी के बाद वजन बढ़ने के तीन मुख्य कारण हैं- प्रेग्नेंसी, शादी के बाद परिवार, घर और अन्य जिम्मेदारियों में इतना व्यस्त हो जाना कि खानपान पर ध्यान न दे पाना, पति के साथ उनकी तरह ही पोर्शन लेना, जाने-अनजाने वे एक्स्ट्रा कैलोरी ले लेती हैं। एक बार फैट शरीर पर चढ़ने लगता है तो उसे रोकना काफी मुश्किल होता है। बेहतर होगा अगर पहले से ही खानपान की कुछ आदतों पर अमल किया जाए और डाइट प्लान बनाया जाए। अगर आप शादी से पहले और बाद में अतिरिक्त वजन को हटाना चाहती हैं तो यहा दी गई बातों पर गौर फरमाएं।

### शादी से पहले

- अपने दिन की शुरुआत नींबू मिले गर्म पानी से करें। इसमें क्रश किए हुए पुदीने के पत्ते भी मिला सकती हैं।
- जब भूख लगे सूप या जूस पिएं।
- अगर आप कैलोरी में कटौती करना चाहती हैं तो सबसे पहले चीनी, आइसक्रीम, केक, पेस्ट्री और प्रोसेस्ड फूड को अपने आहार से हटाएं।
- रोजाना के हिसाब से अपना लक्ष्य बनाएं। प्रतिदिन आपको 1,600 कैलोरी मिलनी चाहिए, लेकिन इससे कम करने की कोशिश करें। यह ध्यान रखें कि दिनभर में आपको कम से कम तीन मील्स और दो स्नैक्स मसलन फल या रोस्टेड नट्स या फिर स्टीम्ड फर्मेंटेड फूड लेने हैं।
- दिन की शुरुआत के लिए ब्रेकफास्ट बहुत जरूरी है। इसमें मीठे से बचें। लो फैट मिल्क प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दें। एक-दो सर्विंग मल्टीग्रेन सीरियल, स्प्राउट्स या बींस और कटे हुए फल लें। इससे आपको ब्रेकफास्ट से लगभग 300 कैलोरी मिलेगी। बाकी कैलोरी आपको लंच और डिनर से मिलनी चाहिए।
- लंच/डिनर में होलग्रेन सीरियल, दालें या ग्रिल्ड फिश या चिकेन के एक टुकड़े के साथ लो फैट प्रोबायोटिक दही, सलाद और एक बोल स्टीम्ड रंगीन सब्जिया लें।
- शादी से एक महीने पहले अचानक पांच किलो वजन घटाना भी ठीक नहीं है। अगर ऐसा चाहती हैं तो इसके लिए आपको शादी से छह महीने पहले अपने आहार पर ध्यान देना होगा। इसका सीधा असर आपके बाल और त्वचा पर पड़ेगा।
- अच्छी त्वचा के लिए गाजर, एप्रिकॉट, पीले और नारंगी रंग के फल व सब्जिया खाएं। पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों को प्राथमिकता दें। टमाटर खाएं, उसमें लाइकोपीन पाया जाता है।
- अखरोट खाएं, इसमें ओमेगा फैटी एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो बालों को चमकदार और त्वचा को बेहतर बनाता है।
- दिनभर में चार-पांच कप ग्रीन टी पिएं।
- इस दौरान अल्कोहॉल व धूम्रपान से दूर रहें।
- सैलेड, सूप और फलों का सेवन करने से फैटी एसिड मिलेगा, जिससे आपको एनर्जी भी मिलेगी।
- त्वचा में पानी की कमी न होने दें। दिनभर में पर्याप्त पेय पदार्थ जैसे जूस, सूप, पानी खूब पिएं।

### शादी के बाद

- जो कुछ भी खाएं धीरे-धीरे और खुश होकर खाएं। टीवी के सामने या बात करते हुए न खाएं। धीमी गति से खाने से आपको जल्दी ही पेट भरा हुआ महसूस होगा।
- ब्रेकफस्ट एक साथ करें। जिसमें एक बाउल फ्रूट्स, मूसली या फिर ओटमील हो।
- लंच में हरी सब्जियों वाला सूप जरूर लें। नॉन वेजेटेरियन हैं तो प्रॉन्स को प्राथमिकता दें।
- उस समय कतई न खाएं, जब आप तनाव या गुस्से में हों।
- ब्लैक कॉफी, जंक फूड, चाय से जहा तक हो सके दूर रहें। रिफाइंड प्रोडक्ट से बचें।
- पार्टनर के साथ एक्सरसाइज जरूर करें। फिजिकल एक्टिविटी बढ़ाने से दिल की सेहत अच्छी रहती है। कोलेस्ट्रॉल और ब्लडप्रेशर नियंत्रित रहता है। डिनर के बाद रोजाना एक घटा टहलने का लक्ष्य बनाएं।
- एक-दूसरे के पोर्शन को मैच न करें, क्योंकि पुरुषों को दिनभर में अलग कैलोरी और स्त्रियों को भिन्न कैलोरी की जरूरत होती है। पुरुषों को स्त्रियों की अपेक्षा अधिक कैलोरी की जरूरत होती है।
- जो भी खाएं पौष्टिक हो, लेकिन खाने की मात्रा हमेशा ध्यान में रखें।
- सब कुछ खाएं, लेकिन सीमित मात्रा में ताकि आप फिट और स्वस्थ रहें। संतुलित डाइट लें। खाने पर नियंत्रण का यह मतलब नहीं कि आप एक्सरसाइज करना छोड़ दें। साथ-साथ वह भी जरूरी है।



# डांस करके घटाइए वजन

डांस के दौरान हाथ-पैरों के साथ ही पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाती है। डांस करने से शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बहुत तेज होता है,साथ ही शरीर की मांसपेशियों पर भी काफी खिंचाव पड़ता है,जो स्वस्थ बनाए रखता है। मोटापे से ग्रसित वे लोग, जिन्हें योगा और जिम जाना अच्छा नहीं लगता है,डांस के द्वारा मोटापे पर नियंत्रण पा सकते हैं। जी हां,डांस करने से मनोरंजन तो होता ही है,साथ ही इससे पूरे शरीर की कसरत भी हो जाती है। यह खुद को फिट रखने का सबसे अच्छा तरीका है। इससे शरीर के हर एक अंग की अच्छी कसरत हो जाती है। हर रोज डांस करने से पूरा शरीर स्वस्थ रहता है। डांस का दिमाग पर भी अनुकूल असर पड़ता है। इससे शरीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक बना रहता है। जो लोग थोड़ी देर तक ही सही लेकिन नियमित डांस करते हैं,उनको मोटापे की समस्या नहीं होती और वे स्वस्थ बने रहते हैं। डांस फ्लोर पर कम से कम पांच मिनट डांस करने मात्र से शरीर की तीस कैलोरी ऊर्जा बर्न हो जाती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि जो लोग कम उम्र में ही डांस करना शुरू कर देते हैं,उन्हें कम तनाव होता है और उनकी सेहत फिट बनी रहती है।

# एलोवेरा बनेगा किडनी का सुरक्षा कवच

वनस्पतियों में छिपे औषधीय गुणधर्म हजारों साल से जीवन को संजीवनी देते रहे हैं, लेकिन उनके अनुसंधान पर परिणामी काम नहीं हुआ। अंग्रेजी दवाओं की भेंट चढ़ती जिंदगी में फिर से जान फूंकने के लिए चिकित्सा जगत आयुर्वेद की शरण में खड़ा हैं। लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलोजी विभाग में गिलोय के बाद अब एलोवेरा पर चल रहे एक शोध में इसे किडनी रोगों पर अत्यंत लाभकारी पाया गया है। चरक संहिता में भी एलोवेरा को औषधीय गुणों से लवरेज बताया गया है, किंतु वैज्ञानिक शोध पर आधारित पुष्टि की कमी रही। फार्माकोलोजी विभाग की एमडी की छात्रा डॉ. शालिनी वीरानी ने चूहों पर किए गए एक शोध में पाया कि एलोवेरा के सेवन से एक माह में उनकी किडनी पूरी तरह ठीक हो गई।

### महंगी डायलिसिस से मिलेगी निजात

किडनी रोगियों की संख्या बढ़ने से चिकित्सा के समक्ष एक कठिन चुनौती है। एलोपैथिक में किडनी रोगियों को डायलिसिस पर रखा जाता है, जो महंगा होने के साथ-साथ साइड इफेक्ट भी करता है। एलोवेरा से किडनी रोगों में चमत्कारिक सुधार के संकेत से अब विभाग ट्रायल का दूसरा चरण शुरू करेगा। बाद में इसके पेटेंट के लिए आवेदन किया जाएगा।



# मन को जोड़ें सांसों से

मन को काबू में करने का मतलब है अपनी अनियंत्रित विचारशैली को नियंत्रित करना। मन को सांसों से जोडिए। प्राणवायु से जुड़ते ही बेलगाम मन पर नियंत्रण करना आसान हो जाएगा। अपने विचारों को रोकने का प्रयास करें। विचार रूकते ही मन धीमा होगा, इसे फिर सांसों से जोड़ दें। मन का सांस से गहरा संबंध है। मन सारी इंद्रियों का स्वामी है और सांस मन का। इसलिए श्वास के नियंत्रण से हम चित्त को स्थिर करके आंतरिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। जब भी बेचैनी हो, मन अशांत हो, तनाव हो, तो पद्मासन में बैठकर सांस भीतर खींचे, उसे थोड़ी देर भीतर ही रोकें, फिर धीरे-धीरे छोड़ दें। ऐसा प्रयोग दिन में दो-तीन बार करने से आप काफी सहज महसूस करेंगे।

## रणजी ट्रॉफी में भी नहीं चला गिल और रोहित का बल्ला

एजेंसी

**बेंगलुरु।** खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के अपने-अपने मुकाबलों में विफल रहे, और सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट गये। आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिए खेल रहे शुभमन गिल मात्र चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्होंने अभिलाष शेट्टी की गेंद पर चौका लगाकर शुरुआत की। इसके बाद वह शेट्टी की गेंद पर विकेट के पीछे कैच थमा बैठे। वहीं दूसरे मैच में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ मुम्बई के लिए खेलते हुए कप्तान रोहित शर्मा भी मात्र तीन रन बनाकर आउट हुये। एक दशक के बाद घरेलू क्रिकेट खेल रहे रोहित तेज गेंदबाज उमर नजीर के सामने असहज दिखे। नजीर के तेज बाउंसर ने न केवल उन्हें परेशान किया बल्कि तेज शुरुआत के बाद आउट भी हुए। दोनों ही बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इन दोनों खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन से चयनकर्ताओं के लिए चिंता का विषय है।

## कपिल देव ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया को दीं शुभकामनाएं

**गुरुग्राम।** दिग्गज भारतीय क्रिकेटर और पूर्व कप्तान कपिल देव ने 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया को शुभकामनाएं दी हैं। कपिल गुरुग्राम के सत्या स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। मीडिया से बातचीत में विश्व कप विजेता कप्तान से टूर्नामेंट के लिए भारत को शुभकामनाएं दीं। आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का नौवां संस्करण 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाला है। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच 50 ओवर के होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच दो चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारत का आखिरी लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

**भारत के ग्रुप चरण के मैच:**

20 फरवरी - भारत बनाम बांग्लादेश, दुबई
23 फरवरी - भारत बनाम पाकिस्तान, दुबई
2 मार्च - भारत बनाम न्यूजीलैंड, दुबई।

## फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मुआनी ऋण पर जुवेंटस में हुए शामिल

**रोम।** जुवेंटस ने अंततः पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) से फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंडल कोलो मुआनी को ऋण पर लेने की घोषणा की है। फ्रांसीसी लीग-1 टीम ने प्रशासनिक मुद्दों को सुलझा लिया है। मुआनी पहले ही मेडिकल परीक्षण करवा चुके थे और उन्होंने कागजी कार्रवाई पर हस्ताक्षर भी कर दिए थे, यहां तक कि वह पिछले सप्ताह से टीम के साथ प्रशिक्षण भी कर रहे हैं, लेकिन सीरी ए की दिग्गज कंपनी को इसे आधिकारिक बनाने के लिए इंतजार करना पड़ा, क्योंकि पीएसजी ने विदेशी क्लबों को खिलाड़ी उधार देने की अधिकतम सीमा तय कर दी थी।पीएसजी ने अंततः मुआनी के लिए जगह खाली कर दी, क्योंकि इसने एक अन्य ऋणदाता जुआन बर्नट के अनुबंध को समाप्त कर दिया और उसे स्थायी आधार पर विलारियल में शामिल होने की अनुमति दी। मुआनी ने सीजन के अंत तक के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं जो बिना किसी खरीद-आउट क्लॉज के एक सूखा ऋण सौदा है, यह बताया गया है कि जुवेंटस शेष सीजन के लिए सभी वेतन को कवर करेगा।मुआनी ने 20 नंबर की जर्सी हासिल की है, और वह इस शीतकालीन स्थानांतरण विंडो में जुवेंटस के दूसरे खिलाड़ी हैं, इससे पहले डिफेंडर अल्बर्टो कोस्टा को विटोरिया गुइमारेस से टीम में शामिल किया गया था।


## देहरादून में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज का सिंथेटिक ट्रैक हुआ स्मार्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में स्थित सिंथेटिक ट्रैक को अब स्मार्ट ट्रैक में बदल दिया गया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस ट्रैक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस ट्रैक में लगी इलेक्ट्रॉनिक चिप्स खिलाड़ियों के प्रदर्शन का सटीक डेटा जुटाएंगी। ट्रैक बना रहे विशेषज्ञों ने खेल मंत्री रेखा आर्या को बताया कि इस ट्रैक में अब इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाई गई है। जिससे इसे अब स्मार्ट ट्रैक के नाम से बुलाया जाएगा। इन चिप्स के माध्यम से बिना स्टॉपवॉच के खिलाड़ी के दौड़ने से संबंधित अचूक आंकड़े कंप्यूटर को सीधे प्राप्त होंगे। खेल मंत्री ने बताया कि इससे भविष्य में तैयारी करने वाले खिलाड़ियों की क्षमता के आकलन और तैयारी की रणनीति बनाने में कोच और खिलाड़ियों को मदद मिलेगी। खेल मंत्री ने बताया कि यह स्मार्ट सिंथेटिक ट्रैक सर्वश्रेष्ठ मानी जाने वाली ग्रीस के रबर पार्टिकल से बनाया गया है। इस तरह की तकनीक और सामग्री से लैस देश में अभी सिर्फ दो या तीन ही ट्रैक उपलब्ध है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में शिविर में भाग ले रहे प्रदेश की विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। इसके अलावा खेल मंत्री ने वुशु, बास्केटबॉल, जिमनास्टिक और शूटिंग के आयोजन स्थलों का निरीक्षण भी किया।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड को छह रन से हराया

एजेंसी

**कैनबरा।** कप्तान तालिया मैक्ग्रा (नाबाद 48), बेथ मूनी (44) की शानदार बल्लेबाजी के बाद कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने वर्षा बाधित मैच में इंग्लैंड को दूसरे टी-20 में छह रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। ऑस्ट्रेलिया के 185 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए मैया बाउचियर और डेनियल वायट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। छठे ओवर में सदरलैंड ने बाउचियर (13) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी सोफिया डंकली ने मोर्चा संभाला। 13वें ओवर में मेगन शूट ने डेनियल वायट (52) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को दूसरी सफलता दिलाई।




सोफिया डंकली (32) और नेट सायबर ब्रंट (22)रन बनाकर आउट हुई। एक समय ऐसा लगा रहा था कि इंग्लैंड यह मैच जीत लेगा। 20वें ओवर में जब बारिश शुरु हुई तो इंग्लैंड ने चार विकेट पर 168 रन बना लिये थे। हीथर नाइट 19 गेंदों में (नाबाद 43) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थी। बारिश नहीं रूकने पर ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस नियम के तहत छह रन से विजेता घोषित किया गया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन शूट ने दो विकेट लिये। किम गार्थ और ऐनाबेल सदरलैंड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान तालिया मैक्ग्रा 35 गेंदों में (नाबाद 48), बेथ मूनी (44), ग्रेस हैरिस (नाबाद 35), ऐनाबेल सदरलैंड (18), फीबी लिचफील्ड (17) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से शार्लेट डीन ने दो विकेट लिये। फ्रेया केंप और सोफी एकल्सटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## दिल्ली एसजी पाइपर्स ने महिला हॉकी इंडिया लीग में ओडिशा वॉरियर्स को 3-2 हराया




एजेंसी

**रांची।** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने महिला हॉकी इंडिया लीग में ओडिशा वॉरियर्स को आज 3-2 हराया। यह मैच रांची के मरांग गोमको जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में खेला गया था और दोनों टीमें नियमित समय तक 1-1 की बराबरी पर थीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में दिल्ली एसजी पाइपर्स ने जीत हासिल कीख।

मैच में दिल्ली एसजी पाइपर्स की ओर से नवनीत कौर ने 28वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक के माध्यम से गोल किया, जबकि ओडिशा वॉरियर्स की ओर से यिब्बी जैंसेन ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से गोल किया। दोनों टीमों ने मैच में कई मौके बनाए, लेकिन अंततः दिल्ली एसजी पाइपर्स ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। इस जीत के साथ दिल्ली एसजी पाइपर्स ने अपने सीजन की दूसरी जीत हासिल की है।

## मोदी और मांडविया ने शीतकालीन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी

एजेंसी

**लेह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और संदेश के जरिए उनका उत्साहवर्धन किया। केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के एनडीएस स्टेडियम में आज पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों की शुरुआत हुई। श्री मोदी ने शीतकालीन खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए संदेश में कहा, हमारी सरकार लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में खेल विकास को पहली प्राथमिकता देती है। जम्मू-कश्मीर में 100 खेलो इंडिया केंद्रों और लद्दाख में तीन केंद्रों से हमारे प्रयास इस क्षेत्र को खेल उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में आकार दे रहे हैं। खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 हमारी खेल उत्कृष्टता को अगले स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, हमारी सरकार लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में खेल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। जम्मू और



कश्मीर में 100 खेलो इंडिया केंद्रों और लद्दाख में तीन है। इनमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी और मुक्केबाजी के लिए लेह में एक राज्य उत्कृष्टता केंद्र भी शामिल है। इनके जरिए हमारा प्रयास इस क्षेत्र को खेल उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में आकार दे रहा हैं। इसके अलावा श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ! मुझे यकीन है कि यह टूर्नामेंट आने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा। खेल भावना का उत्सव भी बनें। खराब मौसम के कारण केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया का विमान लेह के कुशोक बकुला रिम्पोछे हवाई अड्डे पर नहीं उतर सका। उन्होंने एक भावुक संदेश के जरिए खेलों के उद्घाटन की घोषणा की और कहा कि भारत वास्तव में '4डी खेल राष्ट्र' बन गया है। इस दौरान केन्द्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर डॉ बीडी मिश्रा समेत कई गणमान्य व्यक्ति उद्घाटन समारोह में मौजूद थे। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और एक प्रदर्शनी आइस हॉकी मैच खेला गया।

## स्वियाटेक को हराकर मैडिसन कीज ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में

एजेंसी

**मेलबर्न।** अमेरिका की मैडिसन कीज ने विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियाटेक को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बना ली है जहाँ उनका मुकाबला दो बार की गत विजेता आर्यना सबालेंका से होगा। आज यहां दो घंटे 35 मिनट तक चले मुकाबले में कीज ने पाँच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियाटेक पर 5-7, 6-1, 7-6 (10-8) से चौंका देने वाली जीत दर्ज करते हुए अपने करियर के दूसरे बड़े फाइनल मुकाबले में जगह बनाई। पहले सेट में स्वियातेक ने अपने अनुभव और शानदार बैकहैंड के दम पर बढ़त बनाई। लेकिन कीज ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए यह सेट 7-5 से जीत लिया। इसके बाद दूसरे सेट में कीज ने आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए स्वियातेक को 6-1 से हराया। तीसरा सेट संघर्ष पूर्ण रहा।



टाईब्रेक में स्वियाटेक ने मैच पॉइंट हासिल किया, लेकिन कीज ने ध्यान और धैर्य से खेलते हुए बाजी पलट दी। मैच के बाद मैडिसन कीज ने कहा, मैं यहां तक पहुँचने के लिए बहुत मेहनत की है और फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी। एक अन्य मुकाबले में बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने करीबी मित्र पाउला बडोसा पर 6-4, 6-2 की शानदार जीत के साथ 26 वर्षों में लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने का मौका हासिल किया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा, मेरे रोंगटे खड़े हो गए हैं। मुझे खुद पर और अपनी टीम पर बहुत गर्व है कि हम स्वयं को ऐसी स्थिति में लाने में सक्षम थे।उन्होंने कहा, अगर मैं अपना नाम इतिहास में दर्ज कराती हूं तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी। मैं इसके बारे में सपने में भी नहीं सोच सकती थी।

## चिराग-सात्विक, लक्ष्य की हार के साथ भारत का इंडोनेशिया मास्टर्स में अभियान समाप्त

एजेंसी

**जकार्ता।** चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और लक्ष्य सेन को दूसरे दौर में मिली हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। आज यहां खेले गये मैच में मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 50 मिनट तक चले मुकाबले में चिराग-सात्विक को थाईलैंड की जोड़ी ने 22-20, 23-21 से हराया। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में तीन और दूसरे गेम में दो गेम प्वाइंट गंवा दिए।दुनिया के 10वें नंबर के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंटा निशिमोटो के खिलाफ राउंड ऑफ 16 के मैच में एक घंटे और 13 मिनट तक संघर्ष करने के बाद हार कर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 15वें स्थान पर मौजूद केंटा




निशिमोटो ने पहला गेम जीता, जबकि लक्ष्य सेन ने दूसरा गेम जीतने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया। लक्ष्य सेन ने एक मैच प्वाइंट बचाकर निर्णायक गेम को टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया, लेकिन केंटा निशिमोटो ने धैर्य बनाए रखते हुए मुकाबले को अपने नाम करने के लिए शानदार वापसी की और मैच को 21-16, 12-21, 23-21 से जीत लिया। लक्ष्य सेन का केंटा निशिमोटो के साथ यह पांचवां मुकाबला था और इस हार के बावजूद, भारतीय शटलर वर्तमान में उनसे हेड-टू-हेड मुकाबले में 3-2 से आगे हैं। राउंड 2 में सेन के बाहर होने के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स में पुरुष और महिला वर्ग में भारत का एकल अभियान भी समाप्त हो गया। तनीषा क्रास्टो-ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी को राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में मलेशिया की हू पैंग रॉन-चेंग सु यिन से हार का सामना करना पड़ा। पहला गेम हारने के बावजूद, मलेशियाई खिलाड़ियों ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए मैच को 18-21, 21-15, 21-19 से जीत लिया। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स में मलेशिया के गो पेई की और तेह मेई जिंग के खिलाफ पहला गेम जीता, लेकिन अगले दो गेमों वे भी 13-21, 24-22, 21-18 से मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## मलेशिया को हराकर वेस्टइंडीज महिला अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स में

एजेंसी

**क्वालालंपुर।** असाबी कॉलेंडर (30) रन के बाद समारा रामनाथ (चार विकेट) की शानदार प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज ने मेजबान मलेशिया को 53 रनों से हराकर महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप के सुपर सिक्स चरण में जगह बना ली हैं। वेस्टइंडीज के 112 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मलेशिया की पूरी टीम वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 18 ओवर में 59 रन पर ढ़ेर हो गई। नूर दानिया स्यूहादा ने (12) रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज के लिए समारा रामनाथ को चार विकेट मिले। नाइजैनी कम्बरबैच और एरिन डीन ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। जी क्लैक्सटन को एक विकेट मिला। इससे पहले आज यहां मलेशिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने असाबी कॉलेंडर (30), जी क्लैक्सटन (19) और अबीगैल ब्राइस (14) की उपयोगी पारियों की




मदद से निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 112 रन का स्कोर बनाया। मलेशिया की ओर से सिटी नज्वा और नूर इज्जतुल स्याफिका ने दो-दो विकेट लिये। नूर दानिया स्यूहादा और फातिन फकीहा अदानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## शाह ने गोता वार्ड में 3.50 करोड़ रु से नवनिर्मित 'खेल परिसर' का किया लोकार्पण

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा गांधीनगर लोकसभा सीट से सांसद अमित शाह ने अहमदाबाद महानगर पालिका की ओर से 3.50 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुए गोता वार्ड में नवनिर्मित खेल परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य के गृह एवं खेल राज्य मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद रहे। इस खेल परिसर को उत्तर-पश्चिम जोन के गोता वार्ड में सिम्स रेलवे ओवरब्रिज के साइंस सिटी की ओर वाले हिस्से के नीचे बनाया गया है। इस खेल परिसर में नगरजनों को टेबल टेनिस, बॉक्स क्रिकेट, बास्केटबॉल, पिकल बॉल और वॉलीबॉल के अलावा स्नूकर, चेस, लूडो और कैरम जैसे विभिन्न इनडोर खेल खेलने की सुविधा मिलेगी। नाम पट्टिका के अनावरण के बाद महानुभावों ने खेल परिसर के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। साथ ही, केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह के समक्ष अहमदाबाद



महानगर पालिका (एएमसी) द्वारा बनाए जाने वाले इस्कॉन से पकवान आइकॉनिक रोड का प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इसके अलावा, विशेषज्ञों ने अहमदाबाद के पैलेडियम मॉल के पास लगने वाले यातायात जाम के समाधान को लेकर भी एक प्रेजेंटेशन दिया। इन दोनों प्रेजेंटेशनों को देखकर उन्होंने और महानुभावों ने अपने सुझाव देते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर अहमदाबाद की महापौर प्रतिभा जैन, मनपा स्थायी समिति के अध्यक्ष देवांग दाणी, मनपा आयुक्त एम. थेन्नारसन और स्थानीय अग्रणियों सहित महानगर पालिका के अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद थे।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 60 रनों से हराया

एजेंसी

**क्वालालंपुर।** जी तृषा (49) रनों की पारी के बाद शबनम, जोशिता और परुनिका की धारदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने अंडर-19 टी-20 विश्वकप मुकाबलें में श्रीलंका को 60 रनों से हराया।

भारत के 118 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे तू चल मैं आया की तर्ज पर अंतराल पर अपने विकेट गवांते रहे।भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया और श्रीलंका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी तथा 60 रनों से मुकाबला हार गई। श्रीलंका की ओर से केवल रश्मिका सेवांडी (15) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सकी। भारत के लिए शबनम, जोशिता और परुनिका सिसोदिया ने दो-दो विकेट लिए। आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने जी तृषा (49), कप्तान निक्की प्रसाद (11), मिथिला विनोद (16) और वीजे जोशिता (14) रनों के योगदान से निर्धारित 20 ओवरो में नौ विकेटपर 118 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे तृषा को छोड़कर कोई भी भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। श्रीलंका की ओर से असेनी थलागुने, लिमांसा थिलाकरत्ना और प्रमुदी मेथसारा ने दो-दो विकेट लिये।

## रवींद्र जडेजा और हार्विक देसाई ने सौराष्ट्र को संकट से उबारा

एजेंसी

**राजकोट।** रवींद्र जडेजा (पांच विकेट/38 रन) और हार्विक देसाई (93) रन के शानदार प्रदर्शन के दम पर रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मुकाबले में सौराष्ट्र ने दिल्ली को 188 रन पर समेटने के बाद पांच विकेट पर 163 रन बनाकर मैच पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। दिल्ली को 188 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे।

हालांकि इस दौरान हार्विक देसाई एक छोर थामे खड़े रहे। रवींद्र जडेजा (38)रन बनाकर आउट हुये। दिन का आखिरी विकेट शतक की ओर बढ़ रहे हार्विक देसाई का गिरा। उन्होंने 120 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 93 रनों की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने के समय सौराष्ट्र ने पांच विकेट पर 163 रन बना लिये थे और वह अभी दिल्ली




के स्कोर से 25 रन पीछे है। अर्पित वसावड़ा (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद थे। दिल्ली की ओर से शिवम शर्मा को दो विकेट मिले। हर्ष त्योगी , आयुष बढ़ोनी और अमित राणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली को सौराष्ट्र के रवींद्र जडेजा (पांच विकेट) और धर्मेन्द्र सिंह जडेजा (तीन विकेट) के कहर का सामना करना पड़ा। इन दोनों गेंदबाजों ने दिल्ली के आठ बल्लेबाजों को आउट किया। कप्तान आयुष बदोनी (60), यश ढुल (44), मयंक गुसैन (नाबाद 38), जोंटी सिद्धू (16) और सनत सांगवान (12) रन बनाकर आउट हुये। सौराष्ट्र के गेंदबाजों ने दिल्ली को 49.4 ओवर में 188 के स्कोर पर समेट दिया।

## मुंबई सिटी एफसी ने स्पेनिश फुटबॉलर जॉर्ज ऑर्टिज के साथ किया करार

एजेंसी

**मुंबई।** फुटबॉल क्लब मुंबई सिटी एफसी ने स्पेनिश फुटबॉलरजॉर्ज ऑर्टिज के साथ करार किया है। क्लब ने इसकी घोषणा की। क्लब ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मुंबई सिटी एफसी को स्पेनिश अटैकर जॉर्ज ऑर्टिज के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। ऑर्टिज 2025-2026 सीजन तक आइलैंडर्स से जुड़े रहेंगे और अपने अनुभव और गुणवत्ता को टीम में लाने की कोशिश करेंगे। क्लब ने आगे लिखा कि ऑर्टिज ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में 36 मैच खेले हैं, जिसमें 14 गोल और 8 असिस्ट शामिल हैं। मौजूदा आईएसएलसीजन के अहम मोड़ पर उनके शामिल होने से आइलैंडर्स की टीम मजबूत होगी। अपनी आक्रामक मानसिकता और बहुमुखी प्रतिभा के लिए मशहूर ऑर्टिज टीम में आसानी से फिट होने, अहम भूमिका निभाने और महत्वपूर्ण कमियों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस करार के साथ, आइलैंडर्स इस सीजन को मजबूती से खत्म करना चाहते हैं।

मुंबई सिटी एफसी से जुड़ने पर जॉर्ज ऑर्टिजने कहा कि मैं इंडियन सुपर लीग में वापस आकर, मुंबई सिटी एफसी जैसे रोमांचक क्लब में शामिल होकर और सिटी फुटबॉल ग्रुप में अपना सफर जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। क्लब और ग्रुप दोनों ने बहुत ऊंचे मानक स्थापित किए हैं। मुंबई शहर और मुंबई सिटी एफसी का माहौल बेजोड़ है और मैं अपने नए साथियों, प्रशंसकों के साथ शुरुआत करने और उनकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी ने कहा कि हम मुंबई सिटी एफसी में ऑर्टिज का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। वह आईएसएल में उच्च क्षमता वाले अटैकर हैं और उन्हें उच्च स्तर पर खेलने का अनुभव है। हम हमेशा बेहतर होने का प्रयास करते हैं और मैदान पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के तरीके खोजते हैं। इस लिहाज से, ऑर्टिज इस सीजन में हमारी टीम को मजबूती देंगे। हम उनके शामिल होने से उत्साहित हैं और उम्मीद करते हैं कि हम बाकी सीजन में भी सफलता हासिल करेंगे।

## समोआ को 67 रनों से हराकर न्यूजीलैंड महिला अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स में

एजेंसी

**कुचिंग।** ईव वोलैंड (48) रन की पारी के बाद ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबलों में समोआ को 67 रनों से हराकर टूर्नामेंट के सुपर सिक्स में जगह बना ली हैं। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी समोआ की टीम का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नही टिक सका। समाओ की पूरी टीम 14.2 ओवर में 40 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। समाओ का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। न्यूजीलैंड की ओर से ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल ने तीन-तीन विकेट लिये। सोफी कोर्ट को दो विकेट मिले। हन्ना ओ'कॉनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।इससे पहले आज यहां समोआ महिला अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। इसके बाद अनिका टोड और ईव वोलैंड ने पारी को संभला।



# रेगिस्तान की तपती रेत और चिलचिलाती गर्मी, जब करिश्मा कपूर को एक गाने में 30 बार बदलने पड़े कपड़े

बिग स्क्रीन पर हमें जिन गानों और फिल्मों को देखने में बड़ा मजा आता है, स्टार्स उनके लिए बड़ी मेहनत करते हैं. हर तरह की लोकेशन पर शूटिंग, ड्रेस चेंज करना, मेकअप और ज्वैलरी, एक आम इंसान का इतना सब सुनकर ही मुंह बनने लगता है, लेकिन सेलेब्स को परफेक्ट शॉट के लिए ये सब करना पड़ता है. ऐसे में आज हम आपको वो किस्सा बताने जा रहे हैं, जब कपूर खानदान की लाडली करिश्मा कपूर को एक गाने के लिए तपती धूप में 30 बार कपड़े बदलने पड़े थे.90 के दशक में सभी को अपना दीवाना बनाने वाली करिश्मा कपूर ने हर बड़े स्टार्स के साथ में काम किया हैं. उन्होंने हिंदी सिनेमा को एक से एक बेहतरीन फिल्में दी हैं. आज हम आपके लिए एक्ट्रेस से जुड़ा एक किस्सा लेकर आए हैं.

**50 डिग्री तापमान में 30 बार बदले कपड़े**

करिश्मा कपूर की एक फिल्म आई थी 'कृष्णा', जिसमें एक गाना था 'झांझरिया उसकी झनक गई'. फिल्म तो कुछ खास नहीं चली थी, लेकिन ये गाना आज भी पसंद किया जाता है और लोग इसे सुनते हैं. इस गाने की शूटिंग मुंबई और रेगिस्तान में दो अलग-अलग जगहों पर हुई थी. रेगिस्तान में जब शूटिंग हुई तो इसके लिए करिश्मा को बहुत परेशानी झेलनी पड़ी थी. उस वक्त 50 डिग्री टेम्प्रेचर था और कभी



आंखों में रेत चली जाती थी तो कभी गर्म हवाएं परेशान करती थीं. इस गाने में करिश्मा अलग-अलग कॉस्ट्यूम्स में नजर आई थीं. जिस रेगिस्तान में इस गाने की शूटिंग हुई थी, वहां का तापमान 50 डिग्री था.

**करिश्मा की हालत खराब हो गई थी**

करिश्मा ने खुद एक इंटरव्यू के दौरान ये पूरा किस्सा बताया था. उन्होंने कहा था, झांझरिया गाना मेल और फीमेल दोनों वर्जन में था. तो मेल वर्जन की शूटिंग 50 डिग्री टेम्प्रेचर वाले रेगिस्तान में हुई थी और फीमेल वर्जन को मुंबई में फिल्माया गया था. रेगिस्तान में हुई शूटिंग के वक्त मुझे 30 बार आउटफिट चेंज करना पड़ा था, जिसकी वजह से शूटिंग के दौरान मेरी हालत खराब हो गई थी. करिश्मा ने ये भी कहा था कि ये गाना हमेशा उनके दिल के करीब रहेगा.

# दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की 500 करोड़ी फिल्म, 7 साल बाद थिएटर में फिर दे रही है दस्तक

संजय लीला भंसाली की फिल्में थिएटर्स में चलें या न चलें, लेकिन उन फिल्मों की एक खास बात होती है उनकी रॉयल्टी, आलीशान सेट, भारी-भरकम कॉस्ट्यूम्स, जिनको देखने के बाद लगता है कि हां इस पर करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं. आज से करीब सात साल पहले 2018 में भंसाली ने फिल्म बनाई थी 'पद्मावत'. उस वक्त फिल्म की काफी चर्चा थी और इस पर बवाल भी जमकर हुआ था. इन सबके बावजूद 'पद्मावत' ने थिएटर्स में



अच्छी कमाई की थी, क्योंकि कई लोग तो फिल्म सिर्फ ये देखने के उद्देश्य से आए थे कि आखिर बवाल की वजह क्या है. खैर जो भी हो फिल्म पसंद की गई और कमाई भी बढ़िया हुई थी. अब खबर आ रही है कि 'पद्मावत' को थिएटर्स में फिर से रिलीज किया जा रहा है. फिल्म की रिलीज को सात साल पूरे होने जा रहे हैं, इसलिए मेकर्स ने ऐसा फैसला लिया है.दरअसल वॉयकॉम 18 स्टूडियो और भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है. इस पोस्ट में लिखा है, बड़े पर्दे पर एपिक कहानी के फिर से गवाह बनें. पद्मावत 24 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज हो रही है. लेकिन अब हाल ही में फिल्म की रिलीज डेट पर अपडेट आया है. अब ये फिल्म 24 जनवरी को नहीं बल्कि 6 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज होगी.

**रणवीर और दीपिका ने जीत लिए थे दिल**

'पद्मावत' को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए फैन्स एक्साइटेड हैं. साल 2018 में जब 'पद्मावत' रिलीज हुई तो इसने हर तरफ तहलका मचा दिया था. स्टार्स की एक्टिंग और फिल्म की कहानी दोनों लोगों पसंद आई थी. दीपिका पादुकोण जहां रानी पद्मावती के रोल में जंचीं तो वहीं रणवीर सिंह ने खिलजी के अवतार में दिल जीत लिया था.

**क्या थी पद्मावत की कहानी**

भंसाली के साथ रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण का ये तीसरा प्रोजेक्ट था. साल 2013 में रणवीर और दीपिका भंसाली के साथ 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' और साल 2015 में 'बाजीराव मस्तानी' में नजर आए थे. 'पद्मावत' की बात करें तो इसकी कहानी चित्तौड़ राज्य की रानी पद्मावती पर आधारित है. इस पीरियड ड्रामा में अलाउद्दीन खिलजी की भी कहानी है जो कि रानी पद्मावती की सुंदरता पर फिदा हो गया था और उनको जीतना जाहता था.



## सैफ के ठीक होने के बाद ऑटो ड्राइवर का पहला इंटरव्यू, बताई उस रात की अनसुनी कहानी



लगभग 5 दिनों के बाद अस्पताल से सैफ अली खान वापस घर आ गए हैं. सैफ को अस्पताल से छुट्टी मिली और उनके फैन्स ने राहत की सांस ली. सैफ पर हमला करने वाले को भी पुलिस ने पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है. इसी बीच सैफ अली खान ने उस रात उन्हें वक्त पर अस्पताल ले जाने वाले ऑटो ड्राइवर भजन सिंह राणा से मुलाकात की. भजन ने सैफ से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत की.भजन ने हमले की रात सैफ को वक्त पर मुंबई के लीलावती अस्पताल पहुंचाया था. उनपर, उनके घर में चोरी के इरादे से घुसे चोर ने चाकू से हमला किया था, जिसके बाद वो बुरी तरह से घायल हो गए थे. उस वक्त उनके घर में कोई गाड़ी तैयार नहीं थी ऐसे में उन्हें ऑटो से ही अस्पताल ले जाया गया था. सैफ खून से लथपथ थे और बेहद दर्द में थे, ऐसे में भजन ने ही अपने ऑटो से उन्हें वक्त पर अस्पताल पहुंचाया था, जिससे उनकी जान बच गई.

**सैफ से मिलने पहुंचे भजन**

सैफ से मिलकर लौटे भजन ने मीडिया से बातचीत में सैफ से हुई मुलाकात का जिक्र किया. उन्होंने बताया कि सैफ के पीऐ का उनके पास कॉल आया था, और उन्हें मिलने बुलाया गया था. वो सैफ से मिलने पहुंचे. भजन ने बताया कि उनकी सैफ से लगभग 4-5 मिनट की मुलाकात हुई थी. भजन ने बताया कि सैफ के परिवार ने उनको थैंक्यू बोला. भजन ने बताया कि सैफ की मां यानी शर्मीला टैगोर ने भी उनका धन्यवाद दिया. भजन ने कहा कि उन्हें सैफ और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हुई और उनका बहुत सम्मान किया गया.

**मांगी उनकी सलामती की दुआ**

भजन ने आगे कहा कि उन्होंने सैफ से मिलने पर उनसे कहा कि वो जल्द ही ठीक हो जाएं उनकी और हर फैन की यही दुआ है. भजन ने बताया कि उन्होंने सैफ के साथ एक सेल्फी भी ली जो हर किसी का सपना होता है. हमले वाली रात का जिक्र करते हुए भजन ने बताया कि सैफ को काफी दर्द हो रहा था ऐसे में उन्होंने भजन से गुजारिश की थी कि वो ऑटो को आहिस्ता चलाएं. उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का डर भी था कि वो जल्द से जल्द घायल सैफ को अस्पताल लेकर पहुंचे ताकी उनकी जान बच जाए.

## सुल्तान की शूटिंग के बीच जब स्कूटर लेकर निकल गए थे सलमान खान? दिल छू जाएगा एक्टर का जवाब



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में 'सुल्तान' का नाम भी आता है. इस फिल्म में सलमान के काम को खूब सराहा गया था और बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने नये रिकॉर्ड्स भी बनाए थे. फिल्म से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा सलमान खान ने आपकी अदालत में बताया था. एक्टर ने बताया था कि शूटिंग के दौरान उन्होंने गांव की सैर एक स्कूटर पर की थी. उस दौरान उन्हें क्या एक्सपीरियंस हुआ वो सब एक्टर ने शेयर किया.

**'सुल्तान' की शूटिंग के बीच गायब हो गए थे सलमान खान**

आपकी अदालत शो में एंकर ने सलमान खान से पूछा, 'सुल्तान की शूटिंग के दौरान जो एक स्कूटर था आपके पास में, उस स्कूटर को लेकर आप गायब हो गए थे गांव में ?' इसपर सलमान खान ने कहा, 'हां सर, शॉट में टाइम लग रहा था. हम लोग यूपी के मोरना में शूटिंग कर रहे थे जो दिल्ली से करीब ढाई-तीन घंटे की दूरी पर है. तो शॉट में टाइम लग रहा था, मुझे स्कूटर चलाने का शौक था तो मैंने सोचा चलो गांव का एक राउंड लगाकर आते हैं. मैं निकल गया, चलते-चलते जगह इतनी खूबसूरत थी तो मैं चलता ही गया, चलता ही गया..'

सलमान खान ने आगे कहा, 'फिर मैंने रास्ते में देखा कि कुछ बच्चे भारी-भारी स्कूल बैग लिए स्कूल की तरफ चले जा रहे हैं. तो मैंने स्कूटर घुमाया सबको बिठाया और उन्हें स्कूल तक छोड़ा. जहां हमारी शूटिंग हो रही थी उनका स्कूल उसी के पास था. जब मैंने बच्चों को स्कूल छोड़ा तो बच्चों ने मुझे टाटा किया, फिर अली को वो अच्छा लगा तो उसने फिल्म में भी वैसा एक सीन डाला था कि बच्चों को मैं स्कूल छोड़ रहा हूं..'

**'सुल्तान' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

6 जुलाई 2016 को फिल्म सुल्तान रिलीज हुई थी जिसका निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था, जबकि इसका प्रोडक्शन आदित्य चोपड़ा की यश राज फिल्म्स ने संभाला था. फिल्म में सलमान खान और अनुष्का शर्मा लीड रोल में नजर आए थे, वहीं रणदीप हुड्डा, अमित साध और कुबरा सेठ जैसे कलाकारों ने भी अहम किरदार निभाए थे.

Sacnilk के मुताबिक, फिल्म सुल्तान का बजट 80 करोड़ था जबकि वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 607.84 करोड़ का कलेक्शन किया था. फिल्म ने भारत में421.25 करोड़ का बिजनेस किया था और ये फिल्म उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लिस्ट में शामिल हुई थी.